संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 25 अगस्त 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



चंद्र मिशन की सफलता के बाद अब भारत जल्दी ही सूर्य के अध्ययन के सफर पर निकलेगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 08 अंक: 226 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## फास्ट न्यूज

### भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रद्द

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने गुरुवार को भारतीय कुश्ती संघ ( डब्ल्यूएफआई) की सदस्यता रद्द कर दी है। वहह ने 30 मई को भारतीय कुश्ती संघ को पत्र लिखा था। इसमें कहा गया था कि अगले 45 दिन यानी 15 जुलाई तक भारतीय कुश्ती संघ का चुनाव नहीं किया गया तो सदस्यता सस्पेंड कर दी जाएगी। डब्ल्यूएफआई अपने पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए यौन शोषण के आरोपों के बाद पहले से ही मुश्किलों में घिरी हुई है। अब संघ की सदस्यता जाने के बाद भारतीयों पहलवानों के लिए यह बड़ा झटका है। इस फैसले के बाद भारतीय पहलवान अब 16 से 22 सितंबर के बीच सर्बिया में होने वाली पुरुषों की वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में भारतीय झंडे के तले नहीं खेल पाएंगे। भारतीय पहलवानों को इस ओलिंपिक-क्वालिफाइंग चैंपियनशिप में वहह के बैनर तले ही खेलना होगा। इन्हें ऑथोराइज्ड न्यूट्रल एथलीट' की कैटेगरी में गिना जाएगा।

### यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट का सेक्शुअल हैरेसमेंट हुआ: पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल की जादवपुर यूनिवर्सिटी में 9 अगस्त की रात स्टूडेंट स्वप्नदीप कुंडू (18) के साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट हुआ था। मौत से कुछ मिनट पहले हॉस्टल के कमरा नंबर 70 में उसे कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया गया। फिर दूसरी मंजिल के कॉरिडोर में बिना कपड़ों के घुमाया गया। एक अधिकारी के हवाले से बताया- गिरफ्तार किए गए 12 युवकों के खिलाफ हमें सबूत मिले हैं। रैगिंग में सबकी भूमिका रही है। एक आरोपी ने रैगिंग की घटना छिपाने के लिए वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था। सबने पुलिस को गुमराह करने की योजना बनाई थी।
**स्टूडेंट की मौत ने हमारी आंखें खोल दीं:** इधर, घटना को लेकर बंगाल की सीएम ममता ममता बनर्जी ने कहा- जादवपुर यूनिवर्सिटी की घटना ने हमारी आंखें खोल दी हैं। हम छात्रों के लिए एक एंटी रैगिंग हेल्पलाइन नंबर जारी कर रहे हैं। ऐसी कोई घटना होने पर पुलिस को तुरंत 18003455678 पर फोन करिए। फोन करने वाले की पहचान उजागर नहीं की जाएगी।

# हिमाचल में मॉनसून की विनाशलीला

## आनी में 8 भवन एक साथ जमींदोज, दो और समाधि को तैयार, शिव बावड़ी भूस्खलन में 3 और शव बरामद

**कुदरत का कहर**

▶▶ हादसे में गनीमत यह रही कि प्रशासन ने 5 दिन पहले ही नोटिस देकर भवन खाली करवा लिए थे। घटना में जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**हिमाचल** प्रदेश के कुल्लू जिला के आनी में नए बस स्टैंड के समीप सुबह हुए भारी भूस्खलन में 8 भवन जमींदोज हो गए जबकि दो और भवन जमींदोज होने को तैयार हैं। इस हादसे में करोड़ों रुपये का नुकसान आंका गया है। हादसे में गनीमत यह रही कि प्रशासन ने 5 दिन पहले ही नोटिस देकर भवन खाली करवा लिए थे। इस कारण इस घटना में जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। भारी भूस्खलन के बाद आसपास के भवनों को नुकसान होने का खतरा बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम आनी नरेश वर्मा घटना स्थल पर पहुँच गए और प्रशासन की तरफ से असुरक्षित घोषित मकानों को खाली करवा कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने का कार्य किया। उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग गर्ग ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि इस हादसे के बाद खतरनाक हुए मकानों को खाली करवाने का काम शुरू कर दिया गया है और स्थिति पर नजदीक से नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि मौके पर भूस्खलन का खतरा लगातार बना हुआ है और वर्षा होने की स्थिति में हालात और खराब हो सकते हैं।





इस घटना में जिन लोगों के मकान ध्वस्त हुए हैं उनमें महेश कुमार, सुभाष चंद, ज्ञान चंद व इंद्र चंद का संयुक्त मकान, विद्या देवी, शशि बाला, सुरेश कुमार, चिरंजी लाल, खेम चंद, लायक राम और तुले राम के मकान शामिल हैं। इसके अलावा भूपेंद्र कांत मिश्रा और फकीर चंद के मकान को लगातार खतरा बना हुआ है और ये मकान कभी भी गिर सकते हैं। इस बीच शिमला के शिव बावड़ी में 14 अगस्त को हुए भूस्खलन में 3 और शव बरामद किए गए। इसी के साथ इस हादसे में अब तक 20 शव बरामद किए जा चुके है। इस घटना में 20 लोगों के ही लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इनमें समायरा, नीरज और एक अन्य शव शामिल है।

**10 जिलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट**
मौसम विभाग ने राज्य के लाहौल स्पीति और किन्नौर जिलों को छोड़ कर शेष 10 जिलों के लिए 25 अगस्त को भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद प्रदेश में मॉनसून की वर्षा में कमी आने की उम्मीद है।

**मंडी के दूरदराज क्षेत्रों में वायु सेना के हेलीकॉप्टर से पहुंचाई गई राशन-दवाइयों की खेप:** मंडी जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार को वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से मंडी जिले के दूरदराज क्षेत्रों में राशन समेत अन्य आवश्यक सामग्री और दवाइयों की खेप पहुंचाई। जिले के बालीचौकी उपमंडल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में यह सामग्री पहुंचाई गई।

### मंडी और शिमला जिले में आज भी बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी**
**मंडी और** शिमला जिले के सभी शिक्षण संस्थान 25 अगस्त को भी बंद रहेंगे। दोनों जिला के दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। जिलों में भारी बारिश के अलर्ट और अवरुद्ध सड़कों की स्थिति को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बता दें, प्रशासन ने मौसम विभाग की चेतावनी के दृष्टिगत जिले में 23 और 24 अगस्त को भी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी घोषित की थी। अब 25 अगस्त को भी सभी निजी और



सरकारी शिक्षण संस्थानों, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों में छुट्टी रहेगी। जिला प्रशासन ने सभी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों से आदेशों की अनुपालन सुनिश्चित बनाने को कहा है ।
आदेश में कहा गया है कि मौसम विभाग ने जिले में 22 से 25 अगस्त के मध्य भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं पीछे हुई बारिश के कारण जिले में अभी भी संबंधित विभागों से भूस्खलन की घटनाओं और सड़कों के अवरुद्ध होने की सूचना प्राप्त हो रही है। ऐसे में विद्यार्थियों और स्टाफ का शिक्षण संस्थानों के लिए आना सुरक्षा की दृष्टि से खतरे से भरा है। इसे देखते हुए 25 अगस्त को जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश रखा गया है।

### हिमाचल: 2-3 इमारतों पर खतरा बरकरार

**हिमाचल** के कुल्लू में इमारतों के गिरने के समय पास के बस स्टैंड में लोग मौजूद थे। उन्होंने भागकर और छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद 2-3 दूसरी बिल्डिंगों पर भी गिरने का खतरा बना हुआ है। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि सभी इमारतों को पहले ही खाली करवा लिया गया था। इनमें से एक बिल्डिंग में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक और दूसरी में एसबीआई बैंक चल रहा था। जुलाई में इन इमारतों में दरारें पड़नी शुरू हो गई थीं। इस देखते हुए प्रशासन ने इन्हें पहले ही खाली करवा दिया था।

### खोलानाला से 50 लोगों की सुरक्षित निकासी, नगवाईं राहत शिविर में किया शिफ्ट

**मंडी।** मंडी जिला प्रशासन ने बालीचौकी उपमंडल के दुर्गम इलाके खोलानाला से 50 लोगों को सुरक्षित निकाल कर नगवाईं राहत शिविर में पहुँचाया है ।22 व 23 अगस्त को हुई भीषण बारिश और बाढ़ से खोलानाला में रास्ते ध्वस्त हो गए थे, जिससे इस इलाके का बाहरी दुनिया से संपर्क कट गया था। जिलाधीश ने बताया कि जिला प्रशासन ने लोगों की सुरक्षा तय बनाने को तत्परता से कार्य किया। सड़क संपर्क न होने की वजह से वहां पहुंचना बेहद कठिन था ।लेकिन प्रशासन की टीम ने इस ऑपरेशन को बहुत हिम्मत के साथ पूरी सटीकता और सफलता से अंजाम दिया। एसडीएम बालीचौकी सोहन लाल, बालीचौकी के तहसीलदार और बीडीओ व अन्य अधिकारियों तथा एनडीआरएफ की टुकड़ी के साथ खोलानाला पहुंचे और वहां से लोगों को सुरक्षित निकाल कर राहत शिविर तक पहुँचाया।

## सभी वर्किंग वीमन मेटरनिटी लीव की हकदार: दिल्ली हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि सभी प्रेग्नेंट वर्किंग वीमन मेटरनिटी बैनिफिट (प्रेग्नेंसी के दौरान मिलने वाले लाभ) की हकदार हैं। उनके परमानेंट या कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने से फर्क नहीं पड़ता। उन्हें मेटरनिटी बेनिफिट एक्ट 2017 के तहत राहत देने से इनकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस चंद्र धारी सिंह की बेंच ने दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में संविदा पर काम करने वाली एक गर्भवती महिला को राहत देते हुए यह टिप्पणियां की।

**टिप्पणी**

▶▶ जॉब परमानेंट हो या कॉन्ट्रैक्ट पर, इससे फर्क नहीं पड़ता हाईकोर्ट से संविदा कर्मी को राहत

दरअसल, कंपनी ने महिला को मेटरनिटी बैनिफिट देने से इनकार कर दिया था। कंपनी का कहना था कि लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में संविदा कर्मचारी को मेटरनिटी बेनिफिट देने का कोई क्लॉज (प्रावधान) नहीं है।



पांच देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह रहे ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष।

## ब्रिक्स का हुआ विस्तार




**टीम एक्शन इंडिया/जोहान्सबर्ग**
**भारत** के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अब तक पांच देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह रहे ब्रिक्स के विस्तार को भारतीय अवधारणा वसुधैव कुटुंबकम से जोड़ा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के तीसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी ने इथियोपिया के प्रधानमंत्री व सेनेगल के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।
ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ब्रिक्स देश और ब्रिक्स प्लस सम्मेलन में भाग लेने आए मित्र राष्ट्र बहुध्रुवीय दुनिया को मजबूत करने में योगदान दे सकते हैं। लैटिन अमेरिका से लेकर सेंट्रल एशिया तक, पश्चिम एशिया से लेकर साउथ-ईस्ट एशिया तक, इंडो पैसिफिक से लेकर इंडो

**स्वागत**

▶▶ मोदी ने 'वसुधैव कुटुंबकम' से जोड़ा, इथियोपिया के पीएम, सेनेगल के राष्ट्रपति से हुई द्विपक्षीय वार्ता

एटलांटिक तक भारत सभी देशों को एक परिवार के रूप में देखता है। भारतीय अवधारणा ह्यवसुधैव कुटुंबकमह्न यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, यह हजारों वर्षों से भारतीय जीवनशैली का आधार है। यह भारत की जी-20 अध्यक्षता का भी यह मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने अफ्रीका के साथ संबंधों को अत्यधिक महत्व दिया है। हमने अफ्रीका में 16 नए मिशन खोले हैं। आज, भारत अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार और पांचवां सबसे बड़ा निवेशक है। ल

## नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में 'सरदार उधम' का परचम




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**69वें** राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की लिस्ट जारी कर दी गई है। विनर लिस्ट सामने आते ही फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सितारों के चेहरे खिल गए हैं। इस साल अवॉर्ड के लिए 2021 की फिल्मों को भी शामिल किया गया है, जिसमें विक्की कौशलकी 'सरदार उधम' को एक-दो नहीं बल्कि पांच-पांच अवॉर्ड्स मिले। 24 अगस्त को नेशनल फिल्म अवॉर्ड की विनर लिस्ट रिलीज की गई। बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड आलिया भट्ट (गंगूबाई काठियावाड़ी) और कृति सेनन (मिमी) ने अपने नाम किया तो वहीं अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। इसी के साथ बेस्ट हिंदी फिल्म विक्की कौशल की 'सरदार उधम' रही। इसके अलावा फिल्म को चार और अवॉर्ड्स मिले। जानिए, इस बारे में। 'सरदार उद्धम' स्वतंत्रता सेनानी सरदार उधम सिंह की देशभक्ति पर आधारित फिल्म है, जिसे दुनियाभर में काफी प्रशंसा मिली थी। विक्की कौशल ने हमेशा की तरह सरदार उद्धम के किरदार में जान डाल दी थी।
फिल्म का निर्माण सुजीत सरकार, शील कुमार ने किया था, वहीं इसके निर्देशन का जिम्मा सुजीत सरकार के हाथ में ही था। विक्की कौशल के अलावा लीड रोल में बनिता संधू, अमोल पराशर, मनीषा कोइराला और जैकी श्रॉफ जैसे दिग्गज सितारे शामिल हैं।

**लिस्ट जारी**

▶▶ अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, आलिया, कृति को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

## चंद्रयान-3 के लैंडर से बाहर आया रोवर प्रज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**23 अगस्त** (बुधवार) को भारत ने इतिहास रच दिया। क्रफ्ड के महत्वाकांक्षी मून मिशन की चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग हो चुकी है। इसी के साथ चांद के इस हिस्से में पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया। चांद पर पहुंचने के बाद प्रज्ञान की चहलकदमी शुरू हो चुकी है। चंद्रयान-3 से जुड़ा एक बड़ा अपडेट 24 अगस्त (गुरुवार ) को सामने आया। इसरो ने अपने अधिकारिक हैंडल से सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्वीटर ) से संदेश भेजा है कि रोवर टड, इस्ट्रैक निकल चूका है और चांद पर यह चलना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही इसरो ने एक और वीडियो जारी करने हुए बताया कि लैंडर इमेजर कैमरे ने टचडाउन से ठीक पहले चंद्रमा की छवि कैसे खींची। आपको बता दें कि लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान), जिनका कुल वजन 1,752 किलोग्राम है। इसे चंद्रमा के परिवेश का अध्ययन करने के लिए चंद्रमा के एक दिन (लगभग 14 पृथ्वी दिवस) तक संचालित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**चहलकदमी**

▶▶ रोवर टड, इस्ट्रैक निकल चूका है और चांद पर यह चलना शुरू कर दिया है : इसरो

### अस्त्र मिसाइल की कामयाब टेस्टिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** में बनाई गई हवा से हवा में मार करने वाली अस्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया। यह टेस्टिंग गोवा में समुद्र से 20 हजार फीट की ऊंचाई पर तेजस लाइट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट से की गई। यह देश में बनाई गई बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल है। इस मिसाइल को भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन ने बनाया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में इस मिसाइल के परीक्षण को टेक्स्ट बुक परफेक्ट यानी बिल्कुल सटीक बताया है। कई संस्थाओं के अफसरों ने निगरानी की: टेस्ट लॉन्च की निगरानी एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी , रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के परीक्षण निदेशक और वैज्ञानिकों के साथ-साथ सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन और महानिदेशालय के अधिकारियों ने की।

**हादसा** घायल गुलशन, नीतीश व देवेंद्र एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती हैं, जहां उनका इलाज चल रहा, मौके पर कुल 13 लोग थे

## दिल्ली के ओखला में निर्माणाधीन इमारत की दीवार धराशायी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** दिल दहला देने वाली दुर्घटना सामने आई है, जहां ओखला इलाके की एक निर्माणाधीन इमारत की बेसमेंट की दीवार धराशायी हो गई है। इस हादसे के कारण कई लोग मलबे में दब गए। हादसे के पहले इमारत में 13 लोग मौजूद थे, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई थी। इस हादसे में दो मजदूर रमन और मिंटो की मृत्यु हो गई है। घायल गुलशन, नीतीश व देवेंद्र एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती हैं, जहां उनका



इलाज चल रहा है। मौके पर कुल 13 लोग थे, जिनमें से पांच दब गए, बाकी लोगों ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई।
मामले को लेकर डीसीपी (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने कहा,"...यहां एक बेसमेंट खोदा जा रहा था और मजदूर यहां काम कर रहे थे। मिट्टी धंस गई और 7-8 लोग दब गए, जिनमें से दो की मौत हो गई; तीन अन्य घायल हो गए।" हम सत्यापित कर रहे हैं कि क्या उनके पास कोई दस्तावेज था और खुदाई कैसे की जा रही थी। सत्यापन के बाद हम आपको अधिक जानकारी देंगे।"
**हादसे के बाद लोगों की लगी भीड़:** बाहर लगी भीड़ के लोगों का कहना है कि उनके स्वजन अंदर काम कर रहे थे, लेकिन उन्हें यह नहीं पता है कि उनके स्वजन सुरक्षित हैं या नहीं। निमार्णाधीन इमारत के अंदर प्रवेश करने के लिए श्रमिक आक्रामक हो गए हैं।

**दर्दनाक**

▶▶ हादसे के पहले इमारत में 13 लोग मौजूद थे, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई थी। दो मजदूर की मृत्यु हो गई

# उद्योगों को मिलेगी साढ़े पांच लाख तक की सहायता: डिप्टी

● सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को इंटरनेशनल एग्जीबिशन लगाने के लिए साढ़े पांच लाख रुपए तथा नेशनल एग्जीबिशन के लिए 3.75 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगी





**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि अब प्रदेश के सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को इंटरनेशनल एग्जीबिशन लगाने के लिए साढ़े पांच लाख रुपए तथा नेशनल एग्जीबिशन के लिए 3.75 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगी। इस बारे में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दी गई है ताकि उद्योगपति इसका जल्द से जल्द लाभ उठा सकें। डिप्टी सीएम, जिनके पास उद्योग एवं वाणिज्य विभाग का प्रभार भी है, ने वीरवार को यहां बताया कि कई बार सूक्ष्म एवं लघु उद्योग अपने उत्पाद का नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर प्रदर्शन करना चाहते हैं परन्तु उनके पास बजट नहीं होता। इसी परेशानी को समझते हुए प्रदेश सरकार ने उनकी सहायता करने के लिए मार्केट डेवलपमेंट एसिस्टेंस के नाम से इंटरनेशनल एग्जीबिशन लगाने के लिए 5.50 लाख रुपए तक तथा नेशनल एग्जीबिशन के लिए 3.75 लाख रुपए तक की सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि इंटरनेशनल एग्जीबिशन के मामले में स्पेस, पार्टिसिपेशन चार्जेज, उद्योग से लेकर एग्जीबिशन वाले देश तक शिपमेंट चार्जेज, डिस्प्ले मटेरियल, प्रोडक्ट लिटरेचर की लागत, स्टॉल निर्माण, फेब्रिकेशन-डिजाइनिंग चार्जेज का 75 फीसदी अथवा उक्त सभी मदों के लिए अधिकतम चार लाख रुपए तक सरकार द्वारा अदायगी की जाएगी। इसके अलावा, एग्जीबिशन में जाने के लिए उद्योग के प्रतिनिधि के तौर पर अधिकतम दो लोगों के लिए हवाई जहाज की इकोनॉमी क्लास का किराया एक लाख रुपए तक तथा 50 हजार रुपए तक बोर्डिंग चार्जेज का भुगतान किया जाएगा। इस प्रकार उक्त दोनों मदों में 1.50 लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाएगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने आगे जानकारी दी कि नेशनल एग्जीबिशन के लिए स्पेस, पार्टिसिपेशन चार्जेज, उद्योग से लेकर एग्जीबिशन स्थल तक ट्रांसपोर्ट, चार्जेज, डिस्प्ले मटेरियल, प्रोडक्ट लिटरेचर की लागत, स्टॉल निर्माण, फेब्रिकेशन-डिजाइनिंग चार्जेज का 75 फीसदी अथवा उक्त सभी मदों के लिए अधिकतम 3 लाख रुपए तक सरकार द्वारा अदायगी की जाएगी।

## इनसो ने पंजाब यूनिवर्सिटी को दी 10 वाशिंग मशीन व 11 सेनेटरी पैड वाइंडिंग मशीन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
इनसो ने अपने मेनिफेस्टो का एक और वादा पूरा करते हुए गुरुवार को पंजाब यूनिवर्सिटी को 10 वाशिंग मशीन और 11 सेनेटरी पैड वाइंडिंग मशीन व इनक्यूबेटर भेंट किए। इससे पहले भी इनसो ने पंजाब यूनीवर्सिटी के छात्रों को विधानसभा एजुकेशनल ट्रिप, सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की प्लेसेंट ड्राइव भी करवाई थी, जिसमें 80 छात्रों को प्लेसमेंट हुआ था। इनसो स्टूडेंट स्कॉलरशिप के तहत कई विभागों के टॉपर्स को स्टडी मैटेरियल भी दिया।
इनसो इंचार्ज रजत नैन ने गुरुवार को बताया कि इनसो सदैव छात्र हितों के लिए काम करती रही है और इसी श्रेणी में आज अपने मेनिफेस्टो को लगभग पूरा करने के क्रम में 10 वाशिंग मशीन व 11 सेनेटरी पैड वाइंडिंग मशीन दी गई। इनसो ने डीएसडब्ल्यू से निवेदन किया है कि वाशिंग मशीन 5 गर्ल्स और 5 बॉयज हॉस्टल में लगवाई जाए।

## नूंह में विवि स्थापना के लिए प्रधानमंत्री को लिखे जा रहे हैं पोस्टकार्ड

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
मेवात में सामाजिक क्रांति लाकर बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने वाले सुनील जागलान ने अब यहां विश्वविद्यालय की स्थापना का बीड़ा उठाया है। मेवात के हर घर में इन दिनों विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पोस्ट कार्ड लिखने का अभियान चल रहा है। वहीं यूनिवर्सिटी खोलने की मांग को लेकर लड़कियां एक महापंचायत की तैयारियां कर रही हैं। सुनील जागलान के अनुसार नूंह जिले की जनसंख्या करीब 13 लाख हैं। इसके बावजूद यहां की महज दो प्रतिशत लड़कियां ही पोस्ट ग्रेजुएशन व अन्य प्रोफेशनल कोर्सों में पढ़ पाती हैं। नूंह में कई स्कूलों को अपग्रेड करवाने के लिए अभियान चला चुके सुनील जागलान अब नूंह के लोगों से यूनिवर्सिटी स्थापना की मांग को लेकर दस हजार पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखवाने का अभियान चला रहे हैं।

# विश्व कुश्ती संघ से भारत की सदस्यता खत्म होने पर कुश्ती जगत में निराशा

● भारत की सदस्यता खत्म करने से पहलवानों के मनोबल को होगा नुकसान, कई पहलवान कर रहे थे ट्रायल के लिए तैयारी, उनका टूटेगा होसला



**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
**विश्व** कुश्ती संघ (युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) द्वारा भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता खत्म किए जाने पर कुश्ती जगत की हस्तियों ने निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल पहलवानों का मनोबल टूटेगा, बल्कि स्वतंत्र रूप से लड़कर जीतने के बावजूद उन्हें अपने देश व राज्यों की सरकारों से आवश्यक जुड़ाव रखने में मुश्किल आएगी। ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और ओलंपियन दीपक पूनिया के कुश्ती गुरु रहे आर्य वीरेंद्र ने विश्व कुश्ती संघ से भारत की सदस्यता खत्म होने को कुश्ती के लिए बहुत नुकसानदायक बताया है। आर्य ने कहा कि भारतीय कुश्ती संघ अपने देश के पहलवानों को विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भेजने के लिए अब पहलवानों के ट्रायल नहीं ले पाएगा। ये ट्रायल 25 व 26 अगस्त को ही तय किए गए थे। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 16 से 24 सितंबर तक सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में होगी। भारतीय कुश्ती संघ के भेजे पहलवान विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भाग ही नहीं ले सकेंगे तो उन्हें विश्व कुश्ती संघ स्वतंत्र प्रतिभागी के तौर पर ही मौका दे पाएगा।

# मंत्री संदीप के खिलाफ चार्जशीट दाखिल न होने पर आप करेगी प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
महिला कोच की शिकायत पर हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करने के आठ माह बीतने के बाद भी चंडीगढ़ पुलिस ने अभी तक चार्जशीट फाइल नहीं की है। इसके विरोध में आम आदमी पार्टी (आआपा) की हरियाणा इकाई ने 26 अगस्त को चंडीगढ़ में धरने का ऐलान कर दिया है। हरियाणा आआपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने गुरुवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों को चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक को लिखा पत्र जारी किया। ढांडा ने कहा कि आठ महीने से चंडीगढ़ पुलिस इस मामले की चार्जशीट ही फाइल नहीं कर सकी है, जबकि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 90 दिन के अंदर चार्जशीट फाइल हो जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस मंत्री संदीप सिंह को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक चार्जशीट फाइल न करना चंडीगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है। पुलिस दबाव में काम कर रही है। वहीं पीड़िता को इंसाफ मिलने की उम्मीद दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। वहीं, प्रदेश की महिलाओं का भी पुलिस की कार्यप्रणाली पर विश्वास घट रहा है। उन्होंने कहा



**हल्लाबोल**

पीड़िता को इंसाफ मिलने की उम्मीद दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है। पुलिस की कार्यप्रणाली पर विश्वास घट रहा है

# चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर विज ने गीत गाकर खुशी जताई

● गृह मंत्री अनिल विज ने इस ऐतिहासिक क्षण के लिए इसरो के वैज्ञानिकों व देशवासियों को बधाई दी




**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग पर अपने ही अंदाज में गीत गाकर खुशी जताई। उन्होंने गुनगुनाया मेरे पैरों में घुंघरू बांध दे तो फिर मेरी चाल देख ले। श्री विज ने सफल लैंडिंग के लिए ईसरो के वैज्ञानिकों और साथ ही पूरे देश को इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत चंद्रमा पर जाने वाला चौथा देश है और यह पल नाचने-गाने का है। उन्होंने कहा कि भारत चंद्रयान को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतारकर विश्व का लीडर बन गया है। चंद्रमा पर आज तक चार देशों ने ही सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि भारत भी अब चांद क्लब का मेंबर बन गया है। उम्मीद है कि इससे चंद्रमा के बहुत से राज खुलेंगे, जिससे आगे एयरोस्पेस की गतिविधियों को जानने में लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की, जिसके बाद भारत में जश्न मनाया जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

**जश्न**

विज ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग पर अपने ही अंदाज में गीत गाकर खुशी जताई। उन्होंने गुनगुनाया मेरे पैरों में घुंघरू बांध दे तो फिर मेरी चाल देख ले

## 26 अगस्त को लगेगा गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का जनता दरबार अगस्त माह के चौथे शनिवार (26 अगस्त) को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लगेगा, जिसमें गृह मंत्री प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।
गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को आयोजित किया जाता है जिसमें दोपहर केवल एक बजे तक पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को ही सुना जाएगा। गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार प्रदेशभर में प्रचलित है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर गृह मंत्री के पास पहुंचते हैं।

# धोखाधड़ी से बजाज फाइनेंस से दुकानों से 708986 रुपये का सामान खरीदा

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**इलेक्ट्रोनिक** की दुकानों से धोखाधड़ी से 708986 रुपये का सामान खरीद कर कंपनी को चूना लगाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बजाज फाइनेंस कंपनी के लोकेशन मैनेजर विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हिसार जिले के उगालन गांव निवासी सोनू ने गिरोह बना कर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। आरोपित ने अलग-अलग गांव में जाकर महिलाओं के दस्तावेज एकत्रित कर उनसे छेड़छाड़ कर जुलाना कस्बे की अलग-अलग दुकानों से लाखों रुपये का सामान खरीद लिया। जब कंपनी की किश्त नहीं आई तो कंपनी के सदस्य गांवों में गए तो पता चला कि उन्होंने लोन लिया ही नही है। कंपनी के अधिकारियों ने जांच में पता लगाया कि आरोपी युवक उनसे लोन दिलाने के नाम पर कागजात ले जाता है और उनसे छेड़छाड़ कर दूसरी महिलाओं की आधार पर फोटो एडिट करवा कर उनके नाम से लोन ले लेता था।

लोकेशन मैनेजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपित के साथ गिरोह के रूप में काम कर रहा है। जांच में पता चला कि एक ही महिला अलग-अलग कपड़े बदल कर दूसरी दुकानों से भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे सामान खरीद रही थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी रामरूप लोहान ने बताया कि पुलिस को शिकायत मिली थी कि उगालन गांव निवासी सोनू ने महिलाओं से कागजात लेकर लोन किसी ओर को दिला दिया।
पुलिस ने अरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जांच जारी**

कंपनी को चूना लगाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है

# सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने 2816 वाहनों को किया चैक

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**पुलिस** अधीक्षक सुमित कुमार के निर्देशानुसार वीरवार को जिला पुलिस द्वारा सीलिंग प्लान के तहत नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की गई। वीरवार सुबह 10 बजे से दो बजे तक जिला में सीलिंग प्लान चलाया गया।
सीलिंग प्लान के तहत जिला में विभिन्न स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। सीलिंग प्लान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकडने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है। सीलिंग प्लान के अनुसार जिला में स्थायी नाकों के अलावा अन्य नाके लगा कर जिला के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा वाहनों की जांच की व्यवस्था की गई। जिला पुलिस में तैनात अधिकतम पुलिसकर्मियों को नाका ड्यूटी पर लगाया गया था। नाकाबंदी के दौरान पुलिस विभाग के ज्यादातर वाहन सड़कों पर रहे। इन चेकिंग पार्टियों द्वारा टू व्हीलर, फोर व्हीलर, हल्के वाहन व भारी वाहनों की गहनता से जांच की गई। इस सीलिंग प्लान के दौरान नाकाबंदी करके कुल 2816 वाहनों को चेक किया गया तथा बिना हैल्मेट के 29, ट्रिप्पल राइडिंग के 4, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 3, बिना रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र के 3, बिना सीट बेल्ट का एक, नशे की हालत में वाहन चलाने पर एक, बिना बीमा के एक, नो पार्किंग का एक व यातायात के अन्य नियमों के उल्लंघन करने पर कुल 178 वाहनों के चालान काटे गए व बिना दस्तावेज के दो वाहनों को इंपाउंड भी किया गया।
पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि सीलिंग प्लान का उद्देश्य जिला के आम नागरिकों को सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम व किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए चलाया गया है। पुलिस की उपस्थिति से आम आदमी के मन में पुलिस व कानून के प्रति विश्वास बढ़ता है और सड़क पर होने वाला अपराध भी रुकता है। सीलिंग प्लान के तहत सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों, प्रबंधक थाना, पुलिस चौकी व अपराध यूनिट्स के इंचार्जों को निर्देश दिए हैं कि वह भविष्य में सूचना मिलते ही अपने-अपने क्षेत्र में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए सीलिंग प्लान के अनुसार कार्य करें। जिससे अपराधों की रोकथाम की जा सके और अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

**चालान**

नियमों के उल्लंघन करने पर कुल 178 वाहनों के चालान काटे गए व बिना दस्तावेज के दो वाहनों को इंपाउंड भी किया गया

# जाट धर्मशाला में हुआ बिना ट्रायल एशियाड गेम्स में भेजने को लेकर हुई पंचायत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**जींद** की जाट धर्मशाला में गुरुवार को बिना ट्रायल के पहलवानों को एशियाड में भेजने को लेकर खाप पंचायत हुई। ट्रायल दे चुके पहलवान विशाल सिसाय द्वारा इस पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में सहमति न बनने पर दस सितंबर को फिर से सर्वजात सर्वखाप पंचायत जींद मे बुलाई गई है। खाप पंचायत की अध्यक्षता 360 पालम खाप के प्रधान रामकुमार सौलंकी ने की। गौरतलब है कि ओलंपियाड बजरंग पूनिया को बिना ट्रायल के सिलेक्ट किया गया है। जबकि उसी वेट कैटेगरी में विशाल भी हैं। विशाल ने प्रतियोगिता के ट्रायल जीती है तो उसे ओलंपियाड में भेजा जाना चाहिए। खाप में मौजूद खाप चौधरियों ने कहा कि दिल्ली में आंदोलन के चलते बजरंग प्रैक्टिस नहीं कर पाया। जिसके चलते उनको ट्रायल से छुट दी गई है। इस दौरान दोनों पहलवानों से बातचीत की लेकिन बात सिरे नहीं चढी। आखिरकार दस सितंबर को जींद में फिर से बुलाने का निर्णय लिया गया। फैसला सार्वजनिक होने से दोनों पहलवान वहां से निकल गए। विशाल पहलवान पक्ष चाहता था कि बजरंग पूनिया दरियादिली दिखाते हुए अपना नाम वापस ले लें। सर्वजात सर्वखाप राष्ट्रीय प्रवक्ता सूबे सिंह सैमण ने कहा कि अब दस सितंबर को फिर से खाप पंचायत बुलाई गई है।
पंचायत रोधी खाप पचायतों को बुलाएगी, जिसमें बजरग पूनिया से भी खापों को बुलाने को लेकर सलाह ली जाएगी। विशाल पहलवान ने कहा की अगर बजरंग पूनिया को बिना ट्रायल के एशियाड भेजना था तो ट्रायल नहीं लेनी चाहिए थी।



**रोष**

विशाल ने प्रतियोगिता के ट्रायल जीती है तो उसे ओलंपियाड में भेजा जाना चाहिए

## संतुलन बिगड़ने से कार डिवाइडर से टकराई, महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
**हिसार** अंबाला हाईवे पर पूंडरी फ्लाई ओवर के नीचे सामने से आ रही एक कार के चालक की लापरवाही से दूसरी ओर से आ रही कार डिवाइडर टकरा गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई व एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए।
तितरम थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीवन के मोटर साइकिल मैकेनिक बलबीर सिंह ने बताया कि वह मोटर साइकिल की खरीद फरोख्त का धंधा भी करता है।


# विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से, नूंह हिंसा पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

● कांग्रेस ने विधायक दल की बैठक में बनाई सरकार को घेरने की रणनीति

**विस सत्र**

सरकार ने उपलब्धियों की रिपोर्ट तैयार की है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने सरकार को घेरने की तैयारी की है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र छोटा, लेकिन हंगामेदार होगा। सत्र को लेकर प्रदेश सरकार ने अपनी उपलब्धियों की रिपोर्ट तैयार की है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की तैयारी कर ली है।
बिजनेस सलाहकार समिति की गुरुवार को बैठक के बाद विधानसभा सचिवालय से जारी कार्यक्रम के अनुसार मानसून सत्र शुक्रवार सुबह 11 बजे शुरू होगा। शुक्रवार की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सोमवार को फिर 11 बजे से विधानसभा सत्र होगा। इसके बाद मंगलवार को भी सुबह 11 बजे सत्र की कार्यवाही शुरू होगी। महज तीन का यह सत्र छोटा, लेकिन हंगामेदार होगा। हरियाणा में पिछले दिनों हुई नूंह हिंसा को लेकर विपक्ष सदन के भीतर काफी आक्रामक होगा। विपक्ष सरकार को इस मुद्दे पर घेरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हरियाणा में ज्वलंत मुद्दा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की कार्यप्रणाली है। ग्रुप सी की परीक्षा में 41 सवालों के दोहराव को लेकर सरकार पहले ही कठघरे में है। पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को विधायक दल की बैठक में इन सब मुद्दों पर पार्टी की रणनीति को अंतिम रूप दिया। हुड्डा के अनुसार शराब, रजिस्ट्री, भर्ती, सीईटी, अमृत योजना, सफाई ठेकों समेत अनगिनत घोटालों के बाद अब आयुष्मान योजना का घोटाला सामने आया है। इस घोटाले का खुलासा खुद कैग की रिपोर्ट में हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले 405 करोड़ रुपये प्रदेश की गठबंधन सरकार खर्च ही नहीं कर पाई।
1,30,879 मकान की ग्रांट को सरकार ने सरेंडर कर दिया। बीएलसी के तहत केंद्र सरकार से मिले 47,116 फंड से सिर्फ 4459 मकान ही बनकर तैयार हो पाए हैं। हुड्डा ने बताया कि विधानसभा के मानसून सत्र में कानून व्यवस्था व नूंह हिंसा और बाढ़ की वजह से हुए भारी नुकसान के मुद्दे पर चर्चा के लिए कांग्रेस ने स्थगन प्रस्ताव दिए हैं। साथ ही बेरोजगारी व सीईटी पर्चे में धांधलियां, सरस्वती नदी की खुदाई करने बारे, परिवार पहचान पत्र की परेशानियां, कर्मचारियों व क्लर्कों के वेतनमान, शिक्षा की चिंताजनक स्थिति, प्रोपर्टी आईडी की धांधली, दलितों पर बढ़ते अत्याचार, बाजरे की फसल में नुकसान, बाढ़ का मुआवजा, सहकारी श्रण व खाद्य बिक्री, आयुष्मान योजना की धांधलियों, किसान बीमा की धांधलियों और शामलात व जूमला मालकान आदि जमीन को पंचायतों के नाम करने के मुद्दों पर चर्चा के लिए भी कांग्रेस विधायकों ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं।



# सुपरहिट रहा '2047 का भारत, मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम

## शिक्षा मंत्री आतिशी ने कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों से जाने 2047 के भारत को लेकर उनके विजन, विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों में 2047 में भारत जब अपनी आजादी की 100वीं वर्षगाँठ के बारे में अपने विचारों और जुनून को व्यक्त करने के लिए, केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के सभी स्कूलों के लिए "2047 में मेरे सपनों का भारत" प्रतियोगिता का आयोजन किया। शिक्षा मंत्री आतिशी गुरुवार को त्यागराज स्टेडियम में इसके समापन समारोह में शामिल हुई, प्रतियोगिता में शामिल बच्चों से बातचीत कर 2047 के भारत को लेकर उनके आइडियाज, देश को लेकर उनके सपनों पार चर्चा की और प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया। गौरतलब है कि प्रतियोगिता में पूरी दिल्ली से लगभग 3.17 लाख छात्र और शिक्षक शामिल हुए थे और इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।




कार्यक्रम के दौरान छात्रों को अपने संबोधन में बधाई देते हुए शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा, ह्लयहाँ मौजूद छात्र जिस आत्मविश्वास के साथ 2047 के भारत के लिए अपना विजन प्रस्तुत कर रहे है मुझे यह देखकर बेहद खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि हम अपने छात्रों के इसी आत्मविश्वास और विजन की बदौलत, 2047 तक भारत को जरूर एक वैश्विक शक्ति और ग्लोबल लीडर में बदल देंगे। उन्होंने कहा कि, छात्रों ने 2047 में भारत के लिए अपने भविष्य के दृष्टिकोण को साझा किया है, चाहे वह महिलाओं सुरक्षा सुनिश्चित करने के विषय में हो, इलेक्ट्रिक वाहनों से आगे बढ़ने के बारे में हो, या सभी के लिए खाद्य सुरक्षा हासिल करने के विषय में हो। ये विचार इस बात पर जोर डालते हैं कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक बच्चा भविष्य के लिए एक बेहतर भारत की कल्पना कर रहा है। उन्होंने कहा, "अगर इतनी कम उम्र से ही छात्र 2047 के भारत की कल्पना कर रहे है तो जरूर वे अपने इस सामूहिक सपने को वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।" शिक्षा मंत्री ने कहा कि,1947 से लेकर आज तक, भारत ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन अभी भी कई लक्ष्य हासिल किए जाने बाकी हैं और सुधार लागू किए जाने बाकी हैं। आज भी देश में बहुत से बच्चे ऐसे है जिन्हें अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाती, बहुत से लोगों को हेल्थ-केयर सुविधाएँ नहीं मिल पाती,बेरोजगारी है, महिलाओं-लड़कियों को अपने घर से बाहर जाने में असुरक्षा का भाव होता है। यहां मौजूद छात्रों ने भी हर बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच की गारंटी देने, लिंग और जाति के आधार पर भेदभाव को खत्म करने और बाहर निकलने पर महिलाओं की असुरक्षा के मुद्दे को संबोधित करने के महत्व पर जोर दिया है। यदि आज यहां एकत्र हुए सभी छात्र भारत में परिवर्तन लाने का संकल्प लें, तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2047 तक वो जरूर इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। शिक्षा मंत्री आतिशी ने आगे कहा कि, "आज, बहुत से प्रमुख मल्टी-नेशनल कंपनियों के, सीईओ और कर्मचारी भारतीय हैं। यहां तक कि दुनिया भर के अस्पतालों में सबसे वरिष्ठ डॉक्टर भी अक्सर भारतीय होते हैं। दुनिया भर में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले प्रख्यात अनुसंधान वैज्ञानिक भी भारतीय मूल से हैं। जो साफ जाहिर करता है कि हमारे देश में प्रतिभा की कमी नहीं है। और इस प्रतिभा,मेहनत और जुनून के साथ भारत 2047 तक निःसंदेह ग्लोबल लीडर बन सकता है। इस विजन को सच करने के लिए यहाँ मौजूद बच्चे आज से ही संकल्प कर ले की।

## 'शासन व्यवस्था को पारदर्शी व जवाबदेह बना रहा ई-डैशबोर्ड'

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में न्यूनतम सरकार-अधिकतम शासन के उद्देश्य से हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई ई-डैशबोर्ड प्रणाली आमजन से प्रतिक्रिया लेने और उन तक सेवाओं के पहुंचने पर निगरानी रखने में प्रभावी सिद्ध हो रही है। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से राज्य सरकार के प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी आमजन को प्रदान की जा रही है। हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई इस व्यवस्था से सुशासन को एक नया आयाम मिला है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल का न्यूनतम सरकार-अधिकतम शासन दृष्टिकोण प्रदेश में आदर्श बदलाव ले कर आया है।

# गाजर घास के दुष्प्रभाव के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र, अंबाला शहर द्वारा किसानों व विद्यार्थियों को गाजरघास के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने हेतु गाजर घास उन्मूलन जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र द्वारा जागरूकता अभियान में केंद्र के परिसर व गांव सुलर के किसानों तथा विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये। केन्द्र की वरिष्ठ संयोजिका ने बताया कि गाजर घास जहां एक और मानव स्वास्थ्य एवं पशुओं में विभिन्न समस्याएं पैदा करती है वही पर्यावरण को भी दूषित करती है एवं उत्पादकता को कम करते हुए जैव विविधता को भी भारी नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बताया कि गाजर घास को छूने या लगातार इसके सम्पर्क में रहने से मानव में विभिन्न प्रकार की बिमारियां जैसे खुजली, एक्जिमा, दमा, त्वचा पर लाल दाने व जलन आदि उत्पन्न हो जाती है। केंद्र के वैज्ञानिक डा. अशोक ढिल्लो ने बताया कि जब गाजर के प्राराग कण श्वास के साथ मनुष्य के शरीर में प्रवेश कर जाते हैं तो मनुष्य अस्थमा से यसित हो जाता है। गाजर घास का नियन्त्रण फूल आने से पहले उखाडकर गड्ढे में डालकर इसका उपयोग बहुत अच्छा कम्पोस्ट बनाने में कर सकते हैं। इसे उखाड़ते समय हाथ में दस्तानों तथा सुरक्षात्मक कपड़ों का प्रयोग करना चाहिये। गाजर घास का पौधा हर तरह के वातावरण में उगने की क्षमता रखता है। पशुओं के लिये गाजर घास अत्यधिक विषाक्त है। इसे खाने के बाद दुधारू पशुओं के दूध में कड़वाहट के साथ साथ दूध में भी कमी आने लगती है।



**अवगत**

▶▶ परिसर व गांव सुलर के किसानों तथा विद्यार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये

# नोएडा से अमेरिका में सेंधमारी: फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**

**नोएडा** पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाली एक कंपनी का पर्दाफाश किया है। जो यहां से बैठकर अमेरिका के लोगों को निशाना बनाया करती थी। थाना फेस एक नोएडा पुलिस ने फर्जी काल सेंटर संचालक और उसके साथ काम करने वाले 84 महिला और पुरूषों को गिरफ्तार किया है। फर्जी कंपनी में काम करने वाले लोग अमेरिकी नागरिकों को उनके सोशल सिक्योरिटी नम्बर से सम्बन्धित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने का डर दिखाकर गिफ्ट कार्ड और क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठगी करते थे। पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि कॉल सेंटर में काम करने वाले लोग सोशल सिक्योरिटी नंबर के गलत इस्तेमाल के नाम पर धमकी देकर पैसा वसूला करते थे। लोगों को झांसे में लेने के लिए अपने आप को सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटिव बताते थे। जानकारी के लिए बता दें कि जैसे भारत में आधार नंबर होता है वैसे ही अमेरिका में नागरिकों को एसएसएन यानी सोशल सिक्योरिटी नंबर दिया गया है। खुद तक पैसा पहुंचाने के लिए आरोपी प्ले स्टोर कार्ड खरीदते थे और इसके बाद उसे स्क्रैच कर 16 डिजिट का नंबर पूछते थे। इसके बाद ये नंबर अन्य देशों में बैठे लोगों को दिया जाता था और वहां से पैसा कैस कराया जाता था। इसके बाद वहीं कैश पैसा भारत लाया जाता था।



# 3 बेसहारा महिलाओं को भेजा बूढ़पुर अपना घर आश्रम



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

समाज कल्याण शिक्षा समिति व सब इंस्पेक्टर जगत सिंह द्वारा चलाई जा रही बेसहारा प्रभुवो को ढूंढ ढूंढ कर अपना घर आश्रम भेजने की महिम को ध्यान में रखते हुए आज गांव भदाना से 112 नंबर पर कॉल किया गया उन्होंने बताया कि महिला प्रभु गांव में घूम रही हैं। 112 वाली गाड़ी ने गांव में जा कर देखा और उस बेसहारा महिला को सदर थाना सोनीपत से ए एस आई मनीषा ने हम से संपर्क किया। उस वक्त सब इंस्पेक्टर जगत सिंह और आनन्द कुमार पहले ही शहर में 2 बेसहारा महिलाओ को ढूंढ कर हॉस्पिटल में उनका मेडिकल जांच करवा रहे थे उस बेसहारा महिला को भी हॉस्पिटल में बुलवा लिया जिसके साथ महिला ए एस आई मनीषा उस बेसहारा महिला को साथ आई और उस बेसहारा महिला की भी मेडिकल जांच करवाई गई। बूढ़पुर आश्रम से पहले ही एंबुलेंस बुलवा ली गई थी जिस मे 3 बेसहारा महिलाओं को अपना घर आश्रम भेजा गया।

## 'समाजवाद के प्रवर्तक, अहिंसा के पुजारी थे महाराजा अग्रसेन'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने समाजवाद के प्रवर्तक, अहिंसा के पुजारी महाराजा अग्रसेन की जीवनी को पाठ्यक्रम में सम्मलित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर का आभार व्यक्त किया है। पाठ्यक्रम में शामिल होने से युवा पीढ़ी को महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।



महाराजा अग्रसेन की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग को लेकर 24 जून 2022 को हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन की जिला इकाईयों ने पूरे प्रदेश में जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा था । उन्होंने कहा था कि पाठ्यक्रम में शामिल होने से महाराजा अग्रसेन की समाजवाद अहिंसा, गरीब कल्याण व उत्थान की योजनाएं तथा स्वच्छ राजनीति के सिद्धांत जन-जन तक पहुंचेंगे। राजीव जैन ने कहा है कि 2014 तक प्रदेश में पांचवी कक्षा के पाठ्यक्रम में महाराजा अग्रसेन की जीवनी को शामिल कर रखा था,परंतु बाद में पता नहीं किस कारण से हटा दिया गया था, जबकि पंजाब सरकार ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी को शामिल भी कर भी लिया था । उन्होंने कहा कि मीरपुर विश्वविद्यालय में स्थापित महाराजा अग्रसेन चेयर के माध्यम से महाराजा अग्रसेन की नीतियों को लेकर जो शोध सामग्री तैयार होगी, उन्हें पाठ्यक्रम के माध्यम से ही युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज के मंचों से कई बार यह आवाज उठ चुकी हैं, परंतु आश्वासनों के बाद अभी तक सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है।

हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राजीव जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल डॉक्टर कमल गुप्ता, ज्ञान चाँद गुप्ता के साथ इस सन्दर्भ में पिछले दिनों शिक्षा मंत्री कँवर पाल गुज्जर एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मिला था। उल्लेखनीय है कि राज्य शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद् गुरुग्राम ने भी सेकेंडरी स्कूली शिक्षा विभाग के निदेशक को 21 अगस्त को पत्र लिखकर महाराजा अग्रसेन की जीवनी पांचवी कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने की संस्तुति की है।

# '03 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त'

## डीटीपी ने लोगों से की अपील, अवैध कॉलोनियों में न खरीदे कोई भी प्लॉट

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**जिला** नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपी) नरेश कुमार ने कहा कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसके तहत गुरूवार को खरखौदा की राजस्व संपदा में 03 एकड़ जमीन में विकसित की जा रही अवैध कालोनी का ध्वस्त किया गया। इस दौरान बनाए गए कच्चे रास्तों को उखाड़ा गया। इसके अलावा गांव सिसाना में अवैध रूप से बने धर्मकाटे पर भी तोडफोड की गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कॉम्पलैक्स के प्रथम तल स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

तोडफोड कार्यवाही के दौरान सहायक नगर योजनाकार अधिकारी अंजू जून सहित फील्ड स्टॉफ सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

**पीला पंजा**

▶▶ अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया




## 'युवा पीढ़ी व समाज को नशे से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी'

**सोनीपत:** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि जिला में नशा मुक्ति को लेकर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। आज के मौजूदा हालात में युवा पीढ़ी व समाज को किसी भी प्रकार के नशे से बचा कर रखना हम सबके लिए अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि काफी युवक व युवती बदलती जीवनशैली में जाने अनजाने में विभिन्न प्रकार की नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित होकर इसके कुचक्र में फंस जाते है, जिसके दुष्परिणाम नशा करने वाले व्यक्ति के साथ साथ उनके परिजनों को भी भुगतने पड़ते हैं।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## Change of Name

**I, OMWATI W/O SH. RAM RATAN KAUSHIK R/O R-412, GALI NO.-10A, SWATANTRA NAGAR, NARELA, DELHI. In Aadhar Card No.-2369 8368 3229 my name is mentioned as OMWATI, but in Voter Card No.-DL/04/054/072204 my name is mentioned as UMA. OMWATI & UMA is one & the same person.**

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गगसीना खंड मूनक जिला करनाल में चार जोहड़ो की बोली की जायेगी
नंबर 1 पशु अस्पताल वाला जोहड
नंबर 2 काला पीर वाला जोहड
नंबर 3 बिजली घर वाला जोहड
नंबर 4 मुनक सड़क वाला जोहड़ की बोली दिनांक 6 सितंबर 2023 को गांव गगसीना सरदारा पान्ना चौपाल में दोपहर 12:00 बजे की जानी सुनिश्चित हुई है इच्छुक बोली दाता बोली में भाग ले सकता है बोली की सभी शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी

**सरपंच ग्राम पंचायत गगसीना खंड मूनक जिला करनाल**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## न्यूज फ्लैश

### सामाजिक सुरक्षा योजना एवं साइबर फ्रॉड्स से बचने के बारे में किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्वयं सहायता** समूह को सरकार की योजनाओं से जोड?, सामाजिक सुरक्षा योजना मे बीमा एवं साइबर फ्रॉड्स से बचने के बारे मे जानकारी देने के उद्देश्य से गाँव निगदू और कुटेल में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा जोनल ऑफिस पंजाब नेशनल बैंक चंडीगढ़ से नेहा, मंडल कार्यालय पंजाब नेशनल बैंक करनाल से उप मंडल प्रमुख वेद प्रकाश बंसल, जिला अग्रणी प्रबंधक सुशील कुमार हन्दुजा ने महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सामाजिक सुरक्षा योजना में बीमा एवं साइबर फ्रॉड्स से बचने के बारे मे जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम भारत सरकार के महिला सशक्तिकरण और महिलाओं को सुरक्षा एवं आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों को जीवन प्रदान करने वाले 20 स्वयं सहायता समूह को ऋ ण स्वीकृत पत्र प्रदान किया और सभी को आगे बढने के लिए प्रेरित किया और सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 30 महिलाओं ने अपने बीमे भी करवाए। बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक ने महिलाओं को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जागरूक किया। आज के बढ़ते हुए साइबर फ्रॉड्स से बचने के बारे मे सावधानियां बरतने के बारे में जानकारी दी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# उपायुक्तों के साथ स्वामित्व योजना की समीक्षा की

## लाल डोरा मुक्त हुए गांवों में डीड रजिस्ट्रेशन के कार्य में लाएं तेजी : संजीव कौशल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा के मुख्य** सचिव संजीव कौशल ने वीरवार को चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रैंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना को लेकर उपायुक्तों के साथ समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाल डोरा मुक्त हुए गांवों में डीड रजिस्ट्रेशन के कार्य में तेजी लाएं तथा समय निर्धारित करके कार्य को पूरा करवाएं। वीसी में उन्होंने करनाल प्रशासन द्वारा किये गए कार्य की सहराना की। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व विभाग) राजेश खुल्लर सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी स्कीम में सभी गांव और शहर के कुछ भागों को लाल डोरा से मुक्त करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के कार्य को जल्द से जल्द हर हाल में मुकम्मल करना है, लापरवाही न बरतें। किसी की कोई दिक्कत आ रही हैं तो उसे बताएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन प्लॉट व मकान की प्रोपर्टी आईडी बन गई है, उनके प्रोपर्टी कार्ड के वितरण के कार्य को भी शीघ्रता से पूरा करें ताकि डीड रजिस्ट्रेशन के लिए आगे आ सके। इस कार्य को पूरा करने के लिए गांव में कैंप आयोजित करवाएं जाए।
समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने यूपी-हरियाणा विवाद को दूर करने के उद्देश्य से लगाए जाने वाले मैन पील्लर तथा सब-पील्लर की ताजा स्थिति की रिपोर्ट ली और निर्देश दिए कि इस कार्य को भी जल्दी पूरा करवाएं। इस पर उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि करनाल जिला में 20 मैन पील्लर लगाएं जाने थे। जिनमें से 12 नए पील्लर लगवाएं गए है, 2 पील्लर पहले से लगे हुए थे तथा 6 पील्लर की जगह युमना बैड़ में होने के कारण नही लगवाया गया है। इसके अलावा 7 सब-पील्लर पहले से लगे हुए थे। यह सारा रिर्काड सर्वे ऑफ इंडिया के पास भेज दिया गया है। अब करनाल क्षेत्र के बारे में सर्वे ऑफ इंडिया जानकारी देगा।

वीसी में उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि स्वामित्व योजना के तहत जिला में 1 लाख 79 हजार 146 प्रोपर्टी आईडी तथा 1 लाख 77 हजार 36 प्रोपर्टी कार्ड बनाएं गये है और अब डीड रजिस्ट्रेशन का कार्य जारी है। अब तक 46 हजार 968 डीड रजिस्ट्रेशन को क्रीड पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है तथा शेष पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि डीड रजिस्ट्रेशन के कार्य में लोगों की रूचि न होने के कारण रजिस्ट्रेशन का कार्य शत-प्रतिशत नही हो सका है। प्रशासन द्वारा डीड रजिस्ट्रेशन के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि डीड रजिस्ट्रेशन के फार्म का सरलीकरण किया जाए ताकि कार्य को तेज गति से पूरा करवाया जा सके।

वीसी में नगर निगम कि संयुक्त निदेशक अदिति, जिला राजस्व अधिकारी श्याम लाल, डीडीपीओ राजबीर खुंडिया तथा सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध चलाया गया अभियान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। यातायात** पुलिस थाना की टीम द्वारा हाईवे पर गलत दिशा व तय गति सीमा से अधिक गति में चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया।



पुलिस महानिरिक्षक ट्रैफिक के आदेश अनुसार यातायात व हाईवे थाना प्रबंधक निरिक्षक दर्शन सिंह की अध्यक्षता में एएसआई अशोक और टीम द्वारा जीटी रोड समानाबाहु पर नाका लगाकर यह अभियान चलाया। इस अभियान के तहत यातायात थाना की टीम द्वारा गलत लाइन में चल रहे वाहनों को रोककर सही लेन में चलने के लिए जागरूक किया गया। वहीं टीम द्वारा तय गति सीमा से अधिक गति में चलने वाले वाहनों को रोक कर वाहन चालकों व वाहन मालिकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया और तय गति सीमा से अधिक गति में वाहन चलाने पर होने वाले आर्थिक व शारीरिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई।

## नशे के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में हरियाणा के प्रत्येक जिले में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेडी मानसिंह में एक दिवसीय 138वां नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा थाना प्रभारी इंद्री कृष्ण कुमार के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में एक और विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भाग लिया तो दूसरी ओर ग्राम पंचायत ने विशेष रूप से कार्यक्रम के संयोजन में सहभागिता की।



ग्राम सरपंच विकास संधू ग्रामवासियों के साथ इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या प्रमोद कुमारी और शिक्षक गुरनाम सिंह ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। मुख्य वक्ता ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा किसी भी रूप में स्वीकार्य और अच्छा नहीं होता। यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले मां अपनी संतान को नशा सेवन के लिए देती। उन्होंने विभिन्न कविताओं, गानों, नारों और ज्वलंत उदाहरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि नशे का प्रभाव मनुष्य के मस्तिष्क पर नकारात्मक रूप से पड़ता है और मस्तिष्क निष्क्रिय होकर विभिन्न प्रकार के समाज विरोधी कार्यों में संलिप्त हो जाता है। नशे के कारण ही अनेक प्रकार के अपराध होते हैं।
उन्होंने बताया कि नशे की प्राप्ति के लिए मनुष्य अपनी पत्नी, बच्चों, माता पिता और भाई बंधू के साथ साथ अन्य लोगों को भी मारने में नहीं हिचकिचाता।

## जिला कारागार में हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण द्वारा सिविल अस्पताल के सौजन्य से जिला कारागार में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री जसबीर ने बताया कि सैशन जज चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में इन कार्यक्रमों का आयोजन जिला के विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। सुश्री जसबीर ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जिला कारागार में रह रहे कैदियों व स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिसमें डॉ. प्रिया,



मैडिसन विशेषज्ञ, डॉ. घनश्याम जयवर्दन, आंख-कान-गला विशेषज्ञ, डॉ.कर्मबीर, जनरल सर्जन, डॉ. मोहिनी, महिला चिकित्सा अधिकारी, डॉ. नितिका, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. कार्तिक दुआ, हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा जिला कारागार मे बंद बंदियों व स्टाफ के स्वास्थ्य की जांच की गई और जरूरतमंद बंदियों को दवाई भी प्रदान की।

## अधिवक्ताओं ने चन्द्रयान-3 की सफलता पर जताई खुशी

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौलः। चन्द्रयान-3** के लैंडर विक्रम व रोवर प्रज्ञान के चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतरने की खुशी मनाते हुए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। श्री गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान राकेश महता एडवोकेट ने इस अवसर पर अधिवक्ताओं को मिठाई खिला कर खुशी जताई। उन्होंने इसरो के प्रमुख सोमनाथ व उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये हमारे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में बहुत बड़ी सफलता है। यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है।

## हर व्यक्ति को आने वाली पीढ़ी के लिए भूजल को बचाना होगा: राहुल



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अधीक्षक अभियन्ता-कम-नोडल** ऑफिसर, अटल भूजल योजना के मार्गदर्शन में व कार्यकारी अभियन्ता सरदार नवतेज सिंह के दिशा निर्देशानुसार वीरवार को गाँव रूकनपुर में जल सुरक्षा प्लान को लेकर अटल भूजल योजना द्वारा ग्रामीणों की एक बैठक का आयोजन किया गया। अटल भूजल योजना के सूचना-संचार एवं शिक्षा विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा की देखरेख में बैठक की गई। बैठक में सूचना-संचार व शिक्षा विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा ग्रामवासियों को गांव में सभी जल स्रोतों के माध्यम से कितना जल उपलब्ध है और कितना जमीन के नीचे भूजल है और कितना गाँव के ग्रामीणों व पशुधन की जल आवश्यकता है। सबका आंकलन करके जल बजट तैयार किया गया और भूजल का संतुलन बनाने हेतू जल सुरक्षा प्लान में क्या-क्या कार्य ग्राम पंचायत में हो सकते हैं, जिससे संतुलन बनाया जा सकें, वह ग्रामवासियों के साथ सांझा किये। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सरपंच राहुल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि अगर हम चाहते है कि हमारी आने वाली पीढियों को जल मिल सके तो हमें आज से ही इसके लिए सजग होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भूजल को बचाने के लिए पानी की बूंद बूंद की कीमत को समझना पड़ेगाए अन्यथा यह जल संकट की समस्या गहरा सकती हैं। जल संसाधनों के सही प्रबंधन और संरक्षण से ही भूजल को बचाया जा सकता है, इसके लिए पूरे समुदाय को एकजुट संगठित प्रयास करने होंगे द्य
प्रशिक्षण शिविर देव ऋषि एजुकेशन सोसायटी देहरादून की ट्रेनर पूजा शर्मा और परमजीत ने ग्रामीणों को अटल भूजल योजना क्या है, इसकी शुरूआत कब की गई और क्यों की गई। इस योजना को लागू करने के उद्देश्य क्या है, भारत सरकार और विश्व बैंक इस योजना को किस प्रकार मिल कर क्रियावन्नित कर रहे है, के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जल संरक्षण पर एक गीत के माध्यम से भी ग्रामीणों को चेताया द्य
शिविर में डीआईपी के सूचना-संचार एवं शिक्षा विशेषज्ञ शोभित अग्रवाल ने कहा कि हमें भूजल को बचाने हेतु मेरा पानी मेरी विरासत योजना के अंतर्गत फसल विविधिकरण को अपना होगा। हमें अपनी खेती का परंपरागत तरीका बदल कर कम पानी की लागत की फसलों को लगाना होगा।

## तीन दिवसीय योग विज्ञान शिविर का हुआ आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**पतजंलि योग** समिति एवम भारत स्वाभिमान न्यास करनाल द्वारा लगातार योग विज्ञान शिविरों, यज्ञ हवन एवम औषधीय पौधा वितरण कार्यक्रम लगातार चलाये जा रहे हैं। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोडा ने बताया कि 16 अगस्त से 20 अगस्त 2023 तक तरावड़ी के अन्नपूर्णा आश्रम में पांच दिवसीय योग विज्ञान शिविर का सफल आयोजन रहा। अन्नपूर्णा मंदिर तरावड़ी में पतजंलि की नई कक्षा स्थापित होने से तरावड़ी और उसके आसपास के लोग योग प्राणायाम कर सकेंगे।



उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में 21 अगस्त से तीन दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन सेक्टर 7 अर्बन एस्टेट के कावेरी विहार योगा शेड में किया गया, जिसका आज समापन हो गया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के जिला अध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा, आयुष विभाग से योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज, डॉ दीपिका, पुरोहित मुन्ना शास्त्री पहुंचे। शिविर के दौरान डॉ अमित पुंज ने कमर, कंधे और घुटनों के आसन बड़ी सहजतापूर्ण करवाये। उन्होंने बताया कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लडने की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की क्रियाएं करवाई।
मुख्य योग शिक्षक विकास मल्होत्रा ने योगिंग जॉगिंग के 12 अभ्यास, ताड़ आसन, वृक्ष आसन, सोमनाथ अरोड़ा ने प्राणायाम कपाल भांति, बाह्य प्राणायाम, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदगीत, प्रणव प्राणायाम सहजता से करवाया। पुरोहित मुन्ना कुमार शास्त्री ने विश्व का सर्वश्रेष्ठ कार्य हवन यज्ञ वैदिक पद्धति से करवाया। वैदिक भजन इकौन कहे तेरी महिमा कौन कहे तेरी माया सोमनाथ अरोड़ा ने सुनाया।

## 'जब धरती पर पाप का बोझ बढ़ जाता है तो महापुरुष धराधाम को पावन करते हैं'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भगवान महावीर** के 2550वें निर्वाण वर्ष पर वर्तमान समय में उनके सिद्धांतों की उपादेयता पर व्याख्यान करते हुए भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि जब धरती पर पाप का बोझ बढ़ जाता है तो महापुरुष धराधाम को पावन करते हैं। उनके जीवन की सभी घटनाएं कल्याणक बन जाती हैं, क्योंकि वह अपने तथा समाज के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। भगवान महावीर ने सामाजिक कुरीतियों तथा धर्म के नाम फैले पाखंड का पदार्फाश किया और उस समय के जाति.पाति के भेदभाव के ताने-बाने को उखाड़ फेंकने में योगदान दिया।
उन्होंने नारी सशक्तिकरण अभियान का आगाज करते हुए उसे भिक्षुणी तथा सद्श्राविका के रूप में गौरवपूर्ण स्थान दिया। भगवान महावीर के अहिंसावाद, आत्मवाद, अनेकांतवाद, कर्मवाद तथा अपरिग्रहवाद के साथ सहअस्तित्व को स्वीकार करने के स्वर्णिम सिद्धांतों को वर्तमान संसार की शांति, समृद्धि के लिए अनिवार्य बताया। सभी जीव जीना चाहते हैं, जीवन सबको प्रिय है, मरना कोई नहीं चाहता, सुख सभी को वांछित है, दुख अवांछित है। इसलिए अहिंसा सर्वश्रेष्ठ धर्म है तथा सभी परंपराओं का सार है। अपने समान आत्मा संसार के सभी क्षुद्र और



स्थूल प्राणियों में विद्यमान है, यह समझ दूसरों के सुख.दुख को अपने समान तोलने की सामर्थ्य देती है। मुनि जी ने कहा कि आत्मवादी किसी का बुरा नहीं करता। अहिंसक के द्वारा कभी कोई अनुचित कार्य नहीं होता। अनेकांतवाद सभी कदाग्रह तथा हठ से जुड़ी समस्याओं का समाधान है। एकांतवादी दूसरों को गलत और स्वयं को सही सिद्ध करने के चक्कर में सब गड़बड़ कर देता है तथा उलझनें बना लेता है। दूसरा भी ठीक हो सकता है, सिर्फ मेरी धारणा ही पूरी तरह ठीक नहीं है . यह विचार विश्व में व्याप्त वैर.विरोध, विद्वेष, वैमनस्य, झगड़े तथा अशांति की रामबाण औषधि है। जाति तथा कुल से कोई बड़ा नहीं होता। निम्न जाति में जन्म लेने से व्यक्ति नीच नहीं हो जाता और ऊंचे कुल में जन्म मात्र से व्यक्ति में बड़प्पन नहीं आ जाता। उन्होंने कहा कि अपरिग्रहवाद का सिद्धांत अपने साधनों की सीमा बांधते हुए जरूरत से अधिक समाज को समर्पित करने का आधुनिक समय का सबसे आवश्यक संदेश स्वयं में समेटे है क्योंकि अमीर और गरीब की बढ़ती खाई विद्वेष, घृणा, प्रतिशोध की भावनाएं उत्पन्न कर शांति भंग करती है। इस तरह समाज में अशांति का वातावरण बन जाता है। सहअस्तित्व का सुनहरा सूत्र विभिन्नताओं के बावजूद दूसरों को स्वीकार कर उनसे आत्मीयता के संबंध जोडने की प्रेरणा देता है। प्रलयंकारी बबादी के लिए परमाणु हथियारों की अंधी दौड़ वाले इस युग में तो निशस्त्रीकरण तथा पूर्ण शांति सुरक्षित हो जाने पर देश के बजट को रक्षा क्षेत्र में व्यय करने के स्थान पर शिक्षा, चिकित्सा, बुनियादी ढांचे, वैज्ञानिक विकास, अंतरिक्ष अन्वेषण आदि क्षेत्रों में लगाकर संसार को अधिक सुखमय और शांतिपूर्ण बनाया जा सकता है।

## संपादकीय

# चंद्रयान -3: भारत की एक और छलांग

**आज याद** आ रही है, उस भारत देश की जो वैश्विक नेतृत्व का अधिकारी रहा। एक बार पुनः भारत ने उसी दिशा की ओर अपने कदम बढ़ाए हैं, जो विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है। आज समूचे विश्व ने उस भारत का साक्षात्कार किया है, जो जगत की समस्त शक्तियों का भंडार है। भारत में अवधारणाएं प्रचलित हैं, वह मिथक नहीं, वास्तविक हैं, लेकिन भारत अपनी शक्ति को विस्मृत कर चुका था, उस हनुमान की तरह जो महा बलशाली होने के बाद भी अपनी शक्ति का अहसास नहीं था। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की सोई हुई शक्ति को जगाने का कार्य करते दिखाई दे रहे हैं। बेशक वे भाजपा के नेता हैं, लेकिन हमें ऐसी दृष्टि विकसित करनी होगी, जो भारत के हित में है। यानी वह भारत का नेतृत्व कर रहे। वे देश के 140 करोड़ जनता के लोकतांत्रिक मुखिया हैं। जब हम यह दृष्टि विकसित करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें नरेन्द्र मोदी में एक ऐसा सपूत दिखाई देगा, जिसकी भारत को जरूरत है। भारत ने चांद पर कदम रखते ही अपना नाम उस कतार में शामिल कर लिया, जो वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर जाता है। चंद्रयान तीन की खास उपलब्धि यह है कि भारत ने यह यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भेजा है, जहां आज तक विश्व का कोई देश नहीं पहुंच सका है। इसका आशय यही है कि भारत में वह शक्ति है, जो विश्व को आश्चर्यचकित कर सकती है। चंद्रमा पर भारत के तिरंगा लहराने के साथ ही आज वर्षों पूर्व का यह भ्रम भी टूट गया है, जिसमें कहा जाता था कि भारत ऐसा नहीं कर सकता। हालांकि भारतीय जनमानस में इस प्रकार धारणा स्थापित करने के लिए एक सुनियोजित नरेटिव स्थापित किया गया। इसके कारण भारत की जनता के मानस में यह पूरी तरह से स्थापित हो गया था कि हम बहुत पीछे हैं, जबकि यह सत्य नहीं था। हमें एक वैश्विक योजना के तहत पीछे करने का षड्यंत्र किया गया। यह षड्यंत्र आज भी चल रहा है। इसलिए कुछ लोग विदेशी शिक्षा को भारत की शिक्षा से बेहतर बताने का कुत्सित प्रयास करते है, जबकि यह सत्य नहीं है। पुरातन और श्रेष्ठ भारत की कल्पना का अध्ययन किया जाए तो हमारे शास्त्र इस बात को परिभाषित करने में पूरी तरह से सक्षम हैं कि हमारा भारत ज्ञान और विज्ञान के मामले में अन्य देशों से कहीं अधिक श्रेष्ठ है। इस प्रकार यही कहा जा सकता है कि जहां विश्व का ज्ञान और विज्ञान समाप्त हो जाता है, वहां से भारत का ज्ञान और विज्ञान का प्रारंभ होता है। कौन नहीं जानता कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षा संस्थान थे, लेकिन गुलामी के काल खंड में इन शिक्षा केंद्रों को नष्ट कर दिया। इसके बाद भी भारत के पास ज्ञान और विज्ञान की कोई कमी नहीं रही, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। आज हम चांद पर पहुंचे हैं, जो भारत की शक्ति का प्रस्फुटन है। अब विश्व के सभी देश यह स्वीकार करने की ओर विवश हुए हैं कि भारत एक बड़ी महाशक्ति है। अब भारत को इस महाशक्ति का ज्ञान हो चुका है। भारत अपनी निद्रा से बाहर आ चुका है। अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे का भारत और भी ज्यादा अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन करेगा। हमारे देश के वैज्ञानिकों विश्व को कई बार इस बात का अहसास कराया है कि हम किसी भी मामले में कम नहीं है।

# ऐ चांद....! हमें उन में तुम्हीं भाए बहुत!

सुनील कुमार महला

"सबको चंद्रयान-3 मिशन की लैंडिंग को लेकर बहुत उत्सुकता व जोश था। विभिन्न चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए करोड़ों लोग इस क्षण के साक्षी बने। इसरो ने हमारा सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। जानकारी देना चाहूंगा कि पहले इसरो को भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) के नाम से जाना जाता था, जिसे डॉ. विक्रम ए. साराभाई की दूरदर्शिता पर 1962 में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। इसरो का गठन 15 अगस्त, 1969 को किया गया था।इसरो का मुख्यालय बेंगलूरु में स्थित है। पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारत का पहला उपग्रह, आर्यभट्ट, 19 अप्रैल 1975 को सोवियत संघ के रॉकेट की सहायता अंतरिक्ष में छोड़ा गया था। इसका नाम महान गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर रखा गया था"

**अकबर** इलाहाबादी जी ने बड़े ही खूबसूरत शब्दों में बयां किया है -'लोग कहते हैं बदलता है जमाना सब को।मर्द वो हैं जो जमाने को बदल देते हैं।।' भारत ने अंतरिक्ष में इतिहास रच जमाने को बदल दिया है, तिरंगा चांद की धरती पर, चांद पर लहरा दिया है। सच तो यह है कि चंद्रयान-3 मिशन ने इतिहास रचते हुए भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में सिरमौर देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया और अब भारत की नजरें चांद के बाद सूरज की ओर हैं। इसमें कोई संदेह नहीं रह जाता है कि अब भारत आने वाले समय में अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी अधिक सफलताएं हासिल करेगा। सच तो यह है कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद अब भारत के लिए अंतरिक्ष के क्षेत्र में नये द्वार खुल गये हैं और भारत ने दुनिया को यह दिखा दिया है कि यूं ही भारत विश्व गुरु नहीं कहलाता है। ऋषि मुनियों,साधु संतों का यह देश, सोने की चिड़िया कहलाने वाला यह देश आज किसी भी क्षेत्र में दुनिया के किसी भी देश से कमतर नहीं है। आज भारत लगभग लगभग क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनता चला जा रहा है। अंतरिक्ष में तो भारत ने नई ताबीर लिख ही दी है और बरसों पहले मोहम्मद रफी साहब का गाया यह गीत आज साकार हो चला है कि -'री ढैय्या री ढैय्या री ढैय्या,देखो रे देखो लोग अजूबा, ये बीसवीं सदी का,देखो रे देखो लोग अजूबा, ये बीसवीं सदी का,आसमान के चाँद तो छूने,निकला चाँद जमीन का,रे लोगो ये चंदा रूस का,न ये जापान का, न ये अमरीकन प्यारे, ये तो है हिंदुस्तान का, न ये चंदा रूस का,न ये जापान का, न ये अमरीकन प्यारे,ये तो है हिंदुस्तान का...।' यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के समस्त वैज्ञानिकों की प्रतिभा, कड़ी मेहनत और समर्पण ही रहा कि हम चांद की सतह को फतेह कर पाए। विज्ञान और वैज्ञानिकों की तपस्या की बदौलत ही हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर 'विक्रम' और रोवर 'प्रज्ञान से लैस एलएम की सॉफ्ट लैंडिंग को संभव बना पाए। यहां जिगर मुरादाबादी जी का एक शेर याद आ रहा है जिन्होंने खूबसूरत शब्दों में यह लिखा है कि -'हम को मिटा सके ये




जमाने में दम नहीं।हम से जमाना खुद है जमाने से हम नहीं।' हाल फिलहाल, चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बहुत-बहुत बधाइयां और शुभकामनाएं ! हम आज गौरवान्वित हैं कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में हम सिरमौर देशों की श्रेणी में शुमार हैं।भारत की यह सफलता अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार तो खोलेगी ही, इसके साथ ही मानवता के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। बुधवार शाम यानी कि 23 अगस्त 2023 को जब सॉफ्ट लैंडिंग होने वाली थी, इसरो के यूट्यूब चैनल पर 42 लाख से ज्यादा लोग इसे लाइव देख रहे थे। इसरो ने लैंडिंग का लाइव प्रसारण किया, स्कूली बच्चों, समस्त देशवासियों ने इसे लाइव देखा, एक अलग ही नजारा,अलग ही माहौल भारत में नजर आया। सबको चंद्रयान-3 मिशन की लैंडिंग को लेकर बहुत उत्सुकता व जोश था। विभिन्न चैनलों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए करोड़ों लोग इस क्षण के साक्षी बने। इसरो ने हमारा सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। जानकारी देना चाहूंगा कि पहले इसरो को भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) के नाम से जाना जाता था, जिसे डॉ. विक्रम ए. साराभाई की दूरदर्शिता पर 1962 में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। इसरो का गठन 15 अगस्त, 1969 को किया गया था।इसरो का मुख्यालय बेंगलूरु में स्थित है। पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि भारत का पहला उपग्रह, आर्यभट्ट, 19 अप्रैल 1975 को सोवियत संघ के रॉकेट की सहायता अंतरिक्ष में छोड़ा गया था। इसका नाम महान गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर रखा गया था। जानकारी मिलती है कि इसने 5 दिन बाद काम करना बन्द कर दिया था। लेकिन यह अपने आप में भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में लेकिन कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार अथक प्रयास, मेहनत और दृढ़ता से अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम किया और आज नतीजा संपूर्ण विश्व के सामने है। आज इसरो अनेकानेक देशों के उपग्रहों को बहुत कम खर्च में अंतरिक्ष में प्रक्षेपित कर रहा है। यह हम सभी को गौरवान्वित महसूस कराता है कि अल्प संसाधनों के साथ शुरूआत करते हुए, कई संघर्षों का सामना करते हुए इन वैज्ञानिकों ने जो मेहनत की है, वह किसी तपस्या से कम नहीं है। हम चांद पर जीवन की संभावनाएं तलाश रहे हैं और सफल हुए हैं। भारत ही नहीं विदेशों ने भी भारतीय अंतरिक्ष मिशन की भूरी भूरी प्रशंसा की है। जानकारी देना चाहूंगा कि आज दुनिया की सभी अंतरिक्ष एजेंसियां भारत को इस सफलता के लिए लगातार बधाई दे रही हैं और वहां के मीडिया में भी चंद्रयान-3 की सफलता छाई हुई है। सऊदी अरब, पाकिस्तान, ब्रिटेन, अमेरिका समेत सभी देशों की मीडिया में भारत की ऐतिहासिक सफलता को लेकर खबरें चल रही हैं।न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्जियन, द वाशिंगटन पोस्ट और बीबीसी उन विदेशी मीडिया में शामिल हैं, जिन्होंने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव (साउथ पोल) के पास चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक लैंडिंग की सराहना की है। बहरहाल,चंद्रयान-3 मिशन की यह सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि अब भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। जहां अत्यंत साधन संपन्न देशों की एजेंसियां नहीं पहुंच पाईं, वहां इसरो पहुंच गया है।द गार्जियन ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग, भारत के स्पेस पावर के रूप में उभरने का प्रतीक है।सीएनएन ने कहा कि चंद्रयान-3 की साउथ पोल पर सफलतापूर्वक लैंडिंग इतिहास में किसी भी अन्य अंतरिक्ष यान की तुलना में अलग है।बीबीसी ने लिखा है कि भारत ने इतिहास रच दिया है। इसरो का चंद्रमा मिशन चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने वाला पहला मिशन बन गया है। सच तो यह है कि भारत के चंद्रयान तीन मिशन की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। इससे हमारे देश की छवि और मजबूत हुई है। हाल फिलहाल यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि भारत ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी ताकत बन कर उभरा है। निश्चित ही अब भारतीय विज्ञान और नई तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। रोजगार के नवीन अवसर पैदा होंगे, और विदेशी निवेश आएगा। रिसर्च के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं पैदा होंगी। सच तो यह है कि इसरो की अनूठी सफलता से मानवता के कल्याण के नए आयाम स्थापित होंगे। यह सफलता हमारे देश के युवाओं में विज्ञान के प्रति नई सोच और रूचि पैदा करेगी। निस्संदेह वह दिन भी जल्द ही आएगा, जब भारत अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों में जाकर नए-नए रहस्यों का पता लगाएगा और आने वाले समय में पृथ्वी की तरह चांद पर भी पर्यटन संभव हो सकेगा। चांद के सफर के साथ भविष्य में एक नवीन अनुभवों का आनंद और लुत्फ समस्त मानवजाति उठा सकेंगी। अंत में मीर तकी मीर जी शब्दों में चांद के बारे में बस यही कहूंगा कि -'फूल गुल शम्स ओ कमर सारे ही थे,पर हमें उन में तुम्हीं भाए बहुत।'

## कविता

### तेरे आगोश में हैं हम ऐ चांद!

हमारे चंद्रयान-3 मिशन ने
चखी है थोड़ी सी शीतल
मिट्टी
तिलक किया है
चंदा मामा की पवित्र माटी
को
फहराया है तिरंगा प्यारा
आजादी की इस अमृत
वेला में
चांद का
किया है दीदार बिल्कुल
नजदीक से
जो चरखा कात रही थी
बूढ़ी अम्मा
युगों युगों से
दी है थोड़ी सी धार
उस चरखे के कच्चे
मखमली सीलन भरे धागों
को
मानवजाति
अब इन कच्चे धागों से
बनाएगी
मखमली सेज
इस मखमली सेज से
सजदे में है
सारा हिंदुस्तान
चंदा मामा तुझसे मिलने
को न जाने कितनी
सदियों तक तरसे हैं हम
सिर्फ दादी-नानी संग
मिल-बैठ
तुम्हारी कहानियां सुनकर
सोये हैं तेरे आगोश में
स्वप्नों में बुनीं हैं
तुम्हारी अनेकानेक तस्वीरें
लेकिन
अब तेरी पावन धरा पर
बैठ
हम सुनेंगे
पृथ्वी की भी कहानी
क्यों कि पृथ्वी की कहानी
शायद
आज तलक तुमसे ऐ चंदा
मामा
किसी ने भी साझा नहीं
की होगी
बतायेंगे तुम्हें सारा हाल-
चाल
बस आप चंदा मामा
अपना आशीर्वाद हाथ
हमारे साथ बनाये
रखना....!

सुनील कुमार

## आज हम चांद पर है।

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**भारत** की अंतरिक्ष एजेंसी ने आज चंद्रमा पर एक रोवर को उतारकर अंतरिक्ष अन्वेषण में एक शक्ति और अंतरिक्ष वाणिज्य की नई सीमा के रूप में देश के आगमन को चिह्नित किया है। 75 मिलियन डॉलर से कम के बजट पर निर्मित, चंद्रयान -3, जिसका संस्कृत में अर्थ है "चंद्रमा वाहन", आज चांद पर है। अपनी पीठ पर चंद्रयान-3 आज 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीदों को साकार कर चुका है। चांद को चूमने पर ये उम्मीदें हर भारतीय के दिल में खुशी बनकर फूटी है। पूरा देश खुशियां मना रहा है। पिछली बार जो कसक रह गई थी, इस बार सब मंगल हुई। जी हां, आज हम चांद पर है। पूरे देश को बेसब्री से चंद्रयान की लैंडिंग का इंतजार था वो खत्म हुआ। मिशन की सफलता से भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन वाले देशों के एक छोटे समूह में शामिल हो गया है, जिन्होंने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इस साल की शुरूआत में एक जापानी स्टार्ट-अप का प्रयास ऊंचाई की गलत गणना के कारण लैंडर के दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ समाप्त हुआ, जिसका मतलब था कि अंतरिक्ष यान का ईंधन खत्म हो गया था। स्पेसआईएल और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज (आईएआई) द्वारा निर्मित एक इजराइली अंतरिक्ष यान भी इस साल की शुरूआत में चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। 2020 में चंद्रयान-2 मिशन में एक ऑर्बिटर को सफलतापूर्वक तैनात करने के बाद भारत का अंतरिक्ष उद्योग इस मिशन से मुक्ति की तलाश से, लैंडर और रोवर को उतारने में सफल हुए। चंद्रयान-2 मिशन को स्थायी रूप से छाया वाले चंद्रमा के क्रेटर का अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया था। ऐसा माना जाता है कि इसमें पानी का भंडार है जिसकी पुष्टि 2008 के पहले चंद्रयान-1 मिशन से हुई थी - जिसने चंद्रमा की कक्षा तो ली लेकिन उतरा नहीं।

इस बार सब योजना के अनुसार हुआ, चंद्रयान -3 में 2-मीटर (6.5-फुट) लंबा लैंडर शामिल है जिसे चंद्रमा के पास एक रोवर तैनात करने के लिए डिजाइन किया गया है। दक्षिणी ध्रुव जहां पानी की बर्फ पाई गई है। उम्मीद है कि प्रयोगों की एक श्रृंखला चलाने के बाद रोवर दो सप्ताह तक कार्यशील रहेगा। चंद्रयान-3 का लैंडर और रोवर चांद की सतह पर उतरने के बाद अपने मिशन का अंजाम देने के लिए सौर्य ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा। चांद पर 14 दिन तक दिन और अगले 14 दिन तक रात रहती है, अगर चंद्रयान ऐसे वक्त में चांद पर उतरेगा जब वहां रात हो तो वह काम नहीं कर पाएगा। इसरो सभी चीजों की गणना करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि 23 अगस्त से चांद के दक्षिणी ध्रुव सूरज की रौशनी उपलब्ध रहेगी। इसरो सभी चीजों की गणना करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचा है कि 23 अगस्त से चांद के दक्षिणी ध्रुव सूरज की रौशनी उपलब?ध रहेगी। वहां रात्रि के 14 दिन की अवधि 22 अगस्त को समाप्त हो रही है। 23 अगस्त से 5 सितंबर के बीच दक्षिणी ध्रुव पर धूप निकलेगी, जिसकी मदद से चंद्रयान का रोवर चार्ज हो सकेगा और अपने मिशन को अंजाम देगा।

## विचार

# विजयी विश्व तिरंगा प्यारा - अब चांद है हमारा

**किशन भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर सारी दुनियां की नजरें 23 अगस्त 2023 को सांध्य 6.04 बजे चंद्रयान-3 के अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर नजरें लगी हुई थी चांद पर सफल लैंडिंग के साथ ही भारत ने इतिहास रच दिया है, चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंड हुआ। देशभर में चंद्रयान-3 की कामयाबी के जश्न का माहौल है। पूरे देश और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की टीम को बीते चार साल से इस गौरवान्वित पल का ही इंतजार था। चांद के दक्षिणी ध्रुप पर लैंड करने वाला भारत पहला देश बन गया है। इसके पीछे इसरो टीम की कड़ी मेहनत और प्रतिज्ञा है, जिन्होंने अपनी जिंदगी के चार साल चांद पर तिरंगा फहराने में लगा दिए। उनकी जिंदगी के हर क्षण में मून मिशन रहा। जिस तरह भारत बहुत आत्मविश्वास के साथ 2019 में चंद्रयान-2 के असफल होने के कारणों पर ध्यान देकर अध्ययन कर उससे सीख लेकर चंद्रयान-3 पर काम करने और उसे पूर्ण सफल होने का दावा कर रहा था, यह वह उन्होंने करके दिखा दिया है। चंद्रयान-3 के दक्षिणी ध्रुव ध्रुव पर सफलता से लैंडिंग करने वाले विश्व में पहले हम हिंदुस्तानी! अब और भी आगे चांद पर स्टेशन बनाने की तैयारी सूरज पर उतरने में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं हम हिंदुस्तानी। स्पेस क्षेत्र में भारत के नए-नए आयाम रचने का एक सफल भारत अमेरिका साझा रोडमैप भी आर्टेमिस समझौता से बना है इसमें 25 देश पहले से ही हैं भारत 26 वन देश होगा जिसमें जिसेमाननीय पीएम ने के अमेरिका दौरे पर किया गया है।अब हम फक्र से कहते हैं नासा प्लस इसरो चांद पर मानवीय बस्ती पक्की हालांकि आर्टेमिस में रूस और चीन शामिल नहीं है परंतु इसके बाद भी भारत का फायदा ही होने वाला है क्योंकि भारत का आज स्पेस क्षेत्र में रुतबा बढ़ गया है क्योंकि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है क्योंकि इस चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग हुई है। भारत अब अंतरिक्ष में पहुंचने वाला चौथा व दक्षिणी ध्रुव में पहुंचने वाला पहला देश बन गया है और नासा इसरो की साझेदारी भी आर्टेमिस के माध्यम से हुई है इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, चांद पर स्टेशन बनाने की तैयारी में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं हम हिंदुस्तानी। नासा प्लस इसरो इक्वल टू चांद पर मानवीय बस्ती पक्की। साथियों बात अगर हम चंद्रयान-3 के चांद पर सफल लैंडिंग की करें तो,भारत ने इतिहास रच दिया है. चंद्रयान-3 ने चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली है. चंद्रयान-3 के साथ ही भारत चांद के साउथ पोल पर यान उतारने वाला पहला देश बन गया है, जबकि चांद के किसी भी हिस्से में सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश है। भारत से पहले अमेरिका, सोवियत संघ (अभी रूस) और चीन ही चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कर पाए हैं।

चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग को पीएम ने साउथ अफ्रीका से वर्चुअली देखा। सफल लैंडिंग के बाद पीएम ने इसरो और देश को बधाई दी। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के ब्रिक्स समिट से चंद्रयान-3 के लैंडिंग में वर्चुअली शामिल होने की करें तो., उन्होंने कहा जब हम अपनी आंखों के सामने ऐसा इतिहास बनते हुए देखते हैं, तो जीवन धन्य हो जाता है। ऐसी ऐतिहासिक घटनाएं, राष्ट्र जीवन की चिरंजीव चेतना बन जाती हैं। ये पल अविस्मरणीय है। ये क्षण अभूतपूर्व है। ये क्षण, विकसित भारत के शंखनाद का है। ये क्षण, नए भारत के जयघोष का है। ये क्षण, मुश्किलों के महासागर को पार करने का है। ये क्षण, जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण, 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये क्षण, भारत में नई ऊर्जा, नया विश्वास, नई चेतना का है। ये क्षण, भारत के उदयीमान भाग्य के आह्वान का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया, और चाँद पर उसे साकार किया। और हमारे वैज्ञानिक साथियों ने भी कहा कि इंडिया इज नाउ ऑन द मून आज हम अन्तरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं। हमारे वैज्ञानिकों के परिश्रम और प्रतिभा से भारत, चंद्रमा के उस दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा है, जहां आज तक दुनियां का कोई भी देश नहीं पहुंच सका है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# आत्मविश्वास का दामन ना छोड़े

**संजीव**

'**असफलता** को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है'असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,

**लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।**

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है। आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है।

# आज आप हैं, कल कोई और होगा

**डॉ. सुरेश**

**बेटा!** इतनी भी बेरहमी मत दिखाओ। मैं तुम्हारी माँ न सही माँ की उम्र की हूँ। लिहाजा थोड़ा-बहुत ख्याल कर मुख्यमंत्री से मिलने दो न!ह्व एक माँ जो एक सांसद को मुख्यमंत्री बनाने के चक्कर में अपनी जान गंवाने वाले बेटे की अर्जी लिए मुख्यमंत्री के जनदरबार में पहुँची थी। तुम्हें क्या लगता है कि मुख्यमंत्री को कोई काम-धंधा नहीं है। तुम्हारे जैसे छत्तीस आते हैं। सबका ख्याल रखते बैठेंगे तो उनका क्या मान रह जाएगा। वे तो उन्हीं को पूछते हैं जिनसे उनका मतलब होता है। बिना मतलब के तो वे सांस भी नहीं लेते। भलाई इसी में है कि यहाँ से चले जाओ। वरना धक्के मारकर खदेड़ना पड़ेगा।ह्व जनदरबार में तैनात पुलिस कर्मचारी इतने अहंकारी हो चले थे कि माँ की उम्र वाली औरत की छाती पर धक्का देने लगे। दिवंगत की माँ अपने बेटे के बारे में जोर-जोर से कहने लगी मेरे बेटे को आप पहचानते होंगे! मुख्यमंत्री का कट्टर समर्थक था। कट्टर इतना कि उनके सीएम बनने पर भंडारा किया था। फलाने दिन झंडोत्सव मनाने की परमिशन नहीं मिली तो उसने जबरन रैली निकाली। प्रशासन ने मना कर दिया। क्योंकि हालात बेहतर नहीं थे। इसके बाद भी महंगा पेट्रोल भरवाकर सौ से अधिक बाइकों की झंडोत्सव यात्रा निकाली । विरोधियों की गलियों में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान झड़प हो गई। गोलियां चली। एक गोली मेरे बेटे को आकर लगी और मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद जमकर हंगामा हुआ। विरोधियों की दुकानें जलाई गई। प्रशासन को तीन दिन तक इंटरनेट बंद करना पड़ा। कई दिग्गज नेता मेरे बेटे की अंतिम यात्रा में पहुंचे। परिवार को आर्थिक मदद, बेटी को नौकरी, चौक पर मूर्ति लगवाने का वादा किया। बेटी को नौकरी मिली लेकिन छह महीने बाद ही उस पद को खत्म करके उसे निकाल दिया। चौक पर मूर्ति लगी लेकिन आज भी ढकी हुई है। किसी नेता को फुर्सत नहीं कि उसका उद्घाटन कर सके। मेरा परिवार कोर्ट-कचेहरी के चक्कर में फंसा हुआ है। जो उस वक्त मेरे बेटे के अमर रहने के नारे लगा रहे थे अब वे भूल गए। मैं जब भी यहाँ आती हूँ मुझे बेइज्जत करके भगा दिया जाता है। पड़ोसी ताना मारते हैं कि बेटा मुख्यमंत्री का समर्थक था, तो अब कोई पूछता क्यों नहीं

# कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

## कर्मचारियों को कहना था कि वह लंबे समय से मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला छावनी** में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सर्व कर्मचारी महा संघ बैनर तले कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम गृहमंत्री अंनिल विज के पीए को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी दोपहर लगभग 2 बजे छावनी बस स्टैण्ड के नजदीक फलाई ओवर के नीचे इक्ठठे हुए। इसके बाद वह शास्त्री कालोनी गृहमंत्री अनिल विज के निवास स्थान पर पहुंचे। कर्मचारियों को कहना था कि वह लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे है लेकिन सरकार उनकी मांगे नहीं मान रही। सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा राज्य के सरकारी विभागों और अर्धसरकारी निकायों के कर्मचारियों का प्रतिनिधि संगठन है। इस ज्ञापन के माध्यम



से हम आपका ध्यान कुछ ऐसे मुद्दों की ओर आकर्षित करना चाहते हैं जिनका समाधान करने से सरकार को भी लाभ होगा और जनसेवाओं की उपलब्धता व गुणवत्ता में वृद्धि होगी। नव उदारीकरण की नीतियों के चलते सरकार भी बाजार के ढंग से खर्च घटाने की रणनीति पर चलते हुए रोजगार के स्वरूपए सेवाए शर्तों और वेतन ढांचे में ऐसे बदलाव कर रही है जिनका कर्मचारियों व उनके परिवारों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसके चलते कर्मचारियों की

**संघर्ष**

**सरकार भी बाजार के ढंग से खर्च घटाने की रणनीति पर चलते हुए रोजगार के स्वरूपए सेवाए शर्तों और वेतन ढांचे में ऐसे बदलाव कर रही है**

कार्यक्षमता पर भी ऋणात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।
सरकार इसके जरिये जो प्रत्यक्ष बचत करना चाहती है उसका प्रशासनिक दक्षता और सेवाओं की गुणवत्ता में कमी आने से नकारात्मक प्रभाव पड़ने की सम्भावना ही अधिक है। सरकार को समय.समय पर आदर्श नियोक्ता की तरह अपने कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करते रहना चाहिए। सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से एक जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ संगठन के रूप में कर्मचारियों की मांगों के सम्बंध में ज्ञापन प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को पक्के कर्मचारियों के बराबर वेतनए भत्तेए एक्स ग्रेशिया व अन्य सभी लाभ दिए जाएं और सेवा सुरक्षा की गारंटी दी जाए। स्वीकृत पदों पर अस्थाई कर्मचारी भर्ती न किए जाए अपरिहार्य स्थिति में वर्क लोड के आधार पर भर्ती नियमों के अनुसार सीधे विभागों द्वारा अस्थाई कर्मचारी लगाए जाएं जिन्हें बाद में नए पद स्वीकृत करते हुए दो वर्ष की सेवा के आधार पर नियमित कर दिया जाए। ऐसी स्थिति में कौशल रोजगार निगम की जरूरत नहीं रहेगी।
पुरानी पेंशन योजना 01.01.2006 से

## न्यूज फ्लैश

### चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग भारत के लिए गौरव का क्षणः संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक )**
**चंद्रयान-3 की** सफलतापूर्ण लैंडिंग को लेकर स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लाडवा में अपने साथियों के साथ लड्डू बांटकर खुशी मनाई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि यह हमारे देश के लिए गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के वैज्ञानिकों की दिन-रात की मेहनत के बाद हमें यह सफलता मिली है। इसके साथ ही चाँद के दक्षिणी क्षेत्र में पहुंचने वाला भारत पहला देश बन गया है। इससे बड़ा गौरव का पल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत शुरू से ही नंबर वन पर है और हमेशा नंबर वन ही रहेगा। क्योंकि यहाँ भारत देश में मेहनती विज्ञानिक काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि सभी को यह गौरव का पल धूमधाम ने मनाना चाहिए। उन्होंने अपने साथियों के साथ लड्डू बाँटे। मौके पर सुब्बा सिंह, घनश्याम कंबोज, राजीव गर्ग, भगवान दास, राजेश शर्मा, ओपिन्द्र डिक्कू, महात्मा गुरपाल दास, रमेश मदान, प्यारा सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद रवीन्द्र, सुमित चोपड़ा, हितेश, महताब, महेश गर्ग, हरीश कुमार आदि मौजूद थे।

### प्रेम विवाह के मामले ने पकड़ा तुल, ग्रामीणों ने दिया थाने के सामने धरना



**संतोष यादव/टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल।** अटेली थाना अंतर्गत आने वाले गांव तिगरा से एक युवक और युवती फरार हो गए। इसके बाद ग्रामीणों में रोष है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने आज अटेली थाना परिसर के बाहर धरना दिया। ग्रामीणों का कहना है कि तीन दिन से लड़का लड़की का कोई सुराग नहीं मिल रहा। पुलिस उनको बरामद नहीं कर पा रही है। इसके विरोध में वे धरने पर बैठे हैं। ग्रामीणों को कहना है कि दोनों एक ही गोत्र के है। जिसके चलते ग्रामीणों में ज्यादा रोष बना हुआ है। दूसरी ओर दोनों के नोएडा के आर्य समाज मंदिर में शादी करने का सर्टिफिकेट भी सामने आया है। गत 22 अगस्त को गांव तिगरा की 18 वर्षीय लड़की कोचिंग करने के लिए अटेली गई थी। इसके बाद से वह घर वापस नहीं आई। जिस पर लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। लड़की की मां ने आरोप लगाया था कि तिगरा गांव का ही प्रमोद नामक युवक उनकी लड़की को भगा ले गया है। दोनों एक ही गांव और एक ही गोत्र के हैं। पुलिस में मामला दर्ज होने के 2 दिन बाद भी जब पुलिस दोनों का सुराग नहीं लगा पाई तो ग्रामीणों ने विरोध शुरू किया। जिसके चलते ग्रामीण आज अटेली थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। धरना दे रहे ग्रामीणों का कहना था कि उन्होंने पुलिस को समय रहते हुए सूचना दे दी गई थी। इसके बावजूद पुलिस उनको बरामद नहीं कर पाई। जिसके चलते पुलिस के कार्य प्रणाली से ग्रामीण खफा हैं। दोनों ही एक गोत्र के नहीं है शादी जायज ग्रामीणों का कहना है कि लड़का वे लड़की दोनों एक ही गोत्र के हैं। इसलिए उनकी शादी भी जायज नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि लड़का लड़की दोनों ही गांव से अपने घर से जेवरात और पैसे लेकर गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक लड़का में लड़की को पुलिस बरामद नहीं कर लेती तब तक वह थाने के बाहर धरने पर बैठे रहेंगे। वहीं दूसरी ओर इस मामले में दोनों की शादी की सर्टिफिकेट मिलने के बाद नया मोड़ आया है। दोनों ने नोएडा के एक आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली है। जिसका सर्टिफिकेट उन्होंने भेजा है।

### विधायक असीम गोयल ने सुनी लोगों की समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**शहर विधायक** असीम गोयल अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इस मौके पर उन्होंने सम्बधिंत अधिकारियों को कहा कि लोगों की जो सामुहिक समस्याएं हैए उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करवाना उनका दायित्व हैं। लोगों की जो समस्याएं एवं शिकायतें है उनका भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाएगें। इस दौरान नडियाली से मामचंद, रघुवीर व अन्य ने गांव में पेयजल के नलकूप लगवाने बारेए जंडली से किरणबाला ने मकान के नवीनीकरण व पैंशन लगवाने बारे विधायक से अनुरोध किया।

# 'सरकार ने किसानों की मांगे नहीं मानी तो होगा बड़ा आंदोलन'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) सरकार** व प्रशासन से खफा किसान अंबाला शहर अनाज मंडी में दूसरे दिन भी बैठे रहें। किसानों के साथ प्रशासन की अहम बैठक मांगो को लेकर बैठक देर शाम तक चलने की उम्मीद जिसके बाद ही किसान आगे की कार्य्रप्रणाली तय करेंगें।
किसानों का कहना है बात नही बनी तो दिल्ली जैसा आंदोलन होगा। बाढ़ मुआवजे की मांग को लेकर किसानो ने चंडीगढ़ कूच का एलान किया था। लेकिन प्रशासन ने किसानो को आगे नही बढ़ने दिया। किसान नेताओ को हिरासत में ले लिया। इसी बात से खफा किसानों ने अंबाला शहर अनाज मंडी में धरना शुरू कर दिया है।
किसानों का कहना है उनकी मांग बाढ़ मुआवजे को लेकर है। फसल के रेटों को लेकर है। किसान युवक के साथ हुए हादसे के मुआवजे को लेकर है। किसानों का कहना है यदि मांगो पर बात नही बनी तो कल बड़ी बैठक की जाएगी और बढ़ा फैंसला लिया जाएगा। जब तक मांगे पूरी नही होती तब तक भाजपा जजपा की गांवो में एंट्री बैन रहेगी। किसानों ने चेतावनी दी कि मांगे नही मानी गई तो दिल्ली जैसा आंदोलन होगा।

# महिला सशक्तिकरण पर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

## हरियाणा उदय के तहत महिला सशक्तिकरण पर कृष्णा नगर कालेज में कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। हरियाणा** उदय कार्यक्रम के तहत आज राजकीय महाविद्यालय कृष्णा नगर में महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थी।
इस मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए एडीसी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की शुरूआत हम अपने घर की बच्चियों को शिक्षा प्रदान करके करनी होगी। हमें उनको उनके अधिकार के बारे में जागरूक करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि सभी



विद्यार्थियों को अपने गांव के ग्राम सभा में हिस्सा लेना चाहिए व गांव के विकास के बारे में सोचना चाहिए। सभी विद्यार्थी ग्राम सभा में अपनी शिकायत जैसे कि गली बनवाना, लाइट लगाना आदि का मुद्दा उठाएं। अपना कोई भी

**अधिकार**

**महिला सशक्तिकरण की शुरूआत हम अपने घर की बच्चियों को शिक्षा प्रदान करके करनी होगी**

सुझाव या डिमांड भी ग्राम दर्शन पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। गांव के हर कार्य में युवा वर्ग की भागीदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी के बिना समाज का समुचित विकास नहीं हो सकता। ऐसे में हम सभी को हर कार्य में अपनी सहभागिता दिखानी चाहिए।
उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार के साथ जोड़ रही है। इस समूह पर प्रदेश सरकार द्वारा 1.5 लाख रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस तरह की गतिविधियां से हमें अपने गांव की महिलाओं को इस समूह में शामिल करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए कई प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है ग्रामीण महिलाओं को इन योजनाओं के बारे में जागरूक करें।

# कुंजपुरा में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर में 300 मरीजों की जांच हुई

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। क्षेत्र के** गांव कुंजपुरा में रामचंद बोहरा के प्रपोत्र हिमांक यादव के जन्मोत्सव पर बृहस्पतिवार को निःशुल्क नेत्र जांच, ऑपरेशन एवं दवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर हिमांक फाउंडेशन कुंजपुरा की ओर से 300 मरीजों की जांच हुई, 65 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह, सरपंच विकास यादव व प्रदीप धन्नौदा, राजेश बोचडि?ा रहे। शिविर के



आयोजक नीरज यादव कुं जपुरा की आर से कैंप में व्यवस्था की गई। इस मौके पर शमशेर सिंह ने कहा कि जीवन में आंखों की रोशानी बेहत महत्वपूर्ण होती, ऑखों की बदौलत ही हम लोग सुंदर संसार को देख पाते है। मिश्री देवी आई हास्पिटल, बहरोड के चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन, दवाई आदि निःशुल्क प्रदान की गया। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बिरेंद्र यादव द्वारा मरीजों की आंखों की जांच कर दवा व ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया।

# दिल्ली और पंजाब की तरह 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की वचनबद्धता की

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**
**आम आदमी** पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की तरफ से हरियाणा में शुरू किया गया बिजली आंदोलन ज प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेट्री सुखबीर मलिक ने गांव बिचपड़ी में चलाया। बिजली आंदोलन कार्यक्रम में डोर टू डोर जाकर हर परिवार को दिल्ली और पंजाब की तरह 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की वचनबद्धता की है। वहीं बिजली आंदोलन के दौरान आम आदमी पार्टी को पसंद करते हुए सैकड़ो की संख्या में लोगों ने पार्टी को ज्वाइन किया। जिन्हें सुखबीर मलिक ने



पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया व विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया। सुखबीर मलिक ने कहा कि हमारी सरकार हरियाणा में बनते ही 300 यूनिट प्रदेशवासियों को फ्री देगी। वहीं अगर कोई डिस्प्यूटेड पेंडिंग अमाउंट बाकी होगा वह भी माफ किया जाएगा। मलिक ने दावा किया कि पार्टी के डोर टू डोर अभियान को गजब का रिस्पांस मिल रहा है।
आम आदमी पार्टी की इस मूलभूत सुविधाओं का लोग दिल से स्वागत कर रहे हैं।

## डेंगू से बचाव के लिए प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सतर्क

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**डीसी वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने कहा कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग डेंगू से बचाव के लिए सजग एवं सतर्क है। उन्होंने कहा कि डेंगू को खत्म करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से गम्भीर एवं प्रयासरत है, फिर भी आमजन की सतर्कता बेहद जरूरी है।
उन्होंने जिला के नागरिकों से आह्दवान करते हुए कहा कि वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। किसी भी सूरत में पानी को एक जगह इक्कठा ना होने दें। उन्होंने कहा कि मच्छर ठहरे हुए पानी में अण्डें देते हैं, जिससे डेंगू की बिमारी फैलाने वाले मच्छरों की बढौतरी तेजी से होती है।

# चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर भारत ने रचा इतिहास : रामबिलास शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़**
भारत को चांद पर सफलता मिल गई है। चंद्रयान-3 ने चांद की सतह पर उतर कर इतिहास रच दिया है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत पहला देश बन गया है। उक्त बातें पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने परशुराम चौक पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह बदलते भारत की तस्वीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस सफलता के साथ भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बन गया । इसके साथ ही भारत अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ के बाद चंद्रमा की सतह पर ह्यसॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। चंद्रमा की सतह पर अमेरिका, पूर्व सोवियत संघ और चीन ह्यसॉफ्ट लैंडिंग' कर चुके हैं, हालांकि इनमें से कोई भी देश ऐसा नहीं है जिसकी ह्यसॉफ्ट लैंडिंग' चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में हुई है। चंद्रयान-3 के लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग में 15 से 17 मिनट लगे। चंद्रयान 3 को 14 जुलाई 2023 को दोपहर 2.30 बजे लॉन्च किया गया था। नगर के परशुराम चौक पर उन्होंने ढोल नगाड़ों के साथ लड्डू बाँटे। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा, नगरपालिका चेयरमैन रमेश सैनी , राधाकृष्ण मक्कड़, गौसेवा आयोग के पूर्व सदस्य दयाशंकर तिवाड़ी, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सतबीर सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवीन शर्मा, पवन खैरवाल समेत सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# कन्हैया मित्तल के भजनों पर झूम उठा पंचकूला

**टीम एक्शन इंडिया/पंचकूला।**
**श्याम स**हारा परिवार की ओर से आयोजित बाबा श्याम के नाम भजन संध्या प्रसिद्ध भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के नाम रही। श्याम सहारा परिवार के मंच पर अपनी प्रस्तुति देने आए कन्हैया मित्तल ने भजनों से माहौल को भक्तिमय कर दिया और दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। बुधवार रात को कन्हैया ने अपने प्रसिद्ध भजनों के जरिए भक्ति गीतों की ऐसी श्रृंखला शुरू की दर्शक भक्ति भावना से सराबोर हो गए। इस भजन संध्या में राष्ट्रीय स्वयं संघ प्रेमजी गोयल द्वारा ज्योति प्रचंड की गई एवंहरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव रंजीता मेहता विशेष तौर पर पहुंची। कन्हैया



मित्तल ने खाटू श्याम की भक्ति का ऐसा राग छेड़ा कि हर कोई देर रात उसमें गोते लगाता रहा। कन्हैया मित्तल के भजनों को सुनने एवं देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों एवं श्रोताओं की भीड़ जुटी थी।
कन्हैया की दीवानगी इस कदर देखने को मिली कि कार्यक्रम के पास पाने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक दर्शकों की भीड़ चक्कर लगाती रही। कन्हैया मित्तल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने सबसे पहले गणेश वंदना एवं माता की स्तुति या देवी सर्व भूतेश्वरी... सुनाकर भजन संध्या की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने बाबा माला जपी तेरे नाम की...श्याम बाबा से बड़ा कोई दानी नहीं... सुनाकर भक्तिमय माहौल कर दिया।
कन्हैया मित्तल ने देर रात तक श्याम की भक्ति का ऐसा तडका लगाया कि दर्शक भक्ति भाव से झूमते रहे। भजन संध्या में अपार जनसमूह उमड़ा रहा, जिसे नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। श्रोताओं की भीड़ खाटू श्याम की भक्ति में सराबोर होकर झूम उठी। कन्हैया की इतनी दीवानगी देखी कि उनकी एक झलक पाने और भजनों को सुनने के लिए मंच के बाहर लंबी- लंबी कतारें लगी हुई थी। मंच जय श्री राम, जय खाटू श्याम, जय भोले भंडारी के उद्घोष गूंज उठा। कन्हैया मित्तल ने एक से बढकर एक भजन और गीतों की प्रस्तुतियां दी।

# फामेर्सी में बीती रात चोरों ने सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजफार्मेसी में बीती रात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**रोहतक** रोड पर पशुओं की दवाइयों के होलसेल डीलर मेसर्स दुर्गा फार्मेसी में बीती रात चोरों ने सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान की छत के पास लगे एयर कंडीसनर को हटा कर दुकान में घुसे और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात की सुचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन एवं भाजपा नेता नवीन मंगला के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान मालिक राजकुमार गोयल से घटना की जानकारी ली। राजकुमार गोयल ने बताया कि नशेड़ी चोर बाजारों में घूमते रहते हैं और



छोटी मोटी चोरियों को अंजाम देते रहते हैं। दो दिन पहले भी उनकी कार की बैटरी पर चोरों ने हाथ साफ कार दिया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सी0सी0टी0वि0 की फुटेज चेक की है। राजीव जैन ने सिटी थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह से फोन पर बातचीत कर गस्त बढ़ाने और पार्कों, सार्वजनिक शौचालयों एवं शराब के ठेकों पर बैठने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा की पिछले कई दिनों से शहर में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही है इसलिए सख्त करवाई करने की आवश्यकता है।

## कल्याण विभाग के मेले में पहुंचे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : ओम प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**प्रदेश** के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। गरीबों के उत्थान के लिए सरकार ने अनेक योजनाएं चला रखी हैं। लोगों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक फायदा उठाना चाहिए। श्री यादव विमुक्त एवं घुमंतू जाति के नागरिकों के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय नारनौल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

**सावधानी बरतें**

**योजनाओं का लाभ देने के लिए समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर ऐसे कैंपों व मेलों का आयोजन होता है**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर ऐसे कैंपों व मेलों का आयोजन किया जाता रहता है ताकि अधिक से अधिक लोग



सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है की अंतिम आदमी तक विकास पहुंचे। उन्होंने कहा कि लोगों को बार-बार किसी कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े इसीलिए इस प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि संबंधित विभागों की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में लगभग 200 लोगों के आवश्यक दस्तावेज तथा संबंधित विभागों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को भी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय नारनौल में सभी श्रेणियों के लिए खंड स्तरीय मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार लगातार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। इस सरकार में सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास हुआ है।

# तीन दिन बंद रहेगी दिल्ली!

## जी20: बंद रहेंगे सरकारी, निजी दफ्तर और स्कूल कॉलेज, अधिसूचना जारी

**शिखर सम्मेलन**

नई दिल्ली जिला पुलिस क्षेत्र में सभी बैंक, वाणिज्यिक संस्थान और दुकानें बंद रहेंगी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की अनुमति के बाद राजधानी में 8 से 10 सितंबर के बीच जी20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए सभी सरकारी व निजी दफ्तर और शिक्षण संस्थान (स्कूल, कॉलेज व अन्य) बंद रहेंगे। नई दिल्ली जिला पुलिस क्षेत्र में सभी बैंक, वाणिज्यिक संस्थान और दुकानें बंद रहेंगी। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर दी है। जी20 सम्मेलन शुक्रवार, शनिवार और रविवार का दिन है। अधिसूचना के मुताबिक जहां इन दिनों जिन सरकारी व निजी दफ्तरों व शिक्षण संस्थानों में अवकाश नहीं रहता, वहां अवकाश होगा। इसके अलावा नई दिल्ली पुलिस क्षेत्र में सभी दुकानें, वाणिज्यिक संस्थान और बैंक बंद रहेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कल इस संबंध में आए प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी। इसके बाद यह फाइल उप राज्यपाल को भेजी गई थी, जिनकी अनुमति के बाद आज अधिसूचना जारी की गई।

**नई दिल्ली क्षेत्र कंट्रोल जोन घोषित, एक भी मार्ग बंद नहीं रखेगी ट्रैफिक पुलिस:** राजधानी में 8 से 10 सितंबर तक देश का सबसे बड़ा आयोजन जी-20 शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। आयोजन के दौरान दिल्ली ट्रैफिक पुलिस एक भी मार्ग को बंद नहीं रखेगी। सभी मार्गों को खुला रखा जाएगा। नई दिल्ली क्षेत्र को कंट्रोल जोन घोषित किया गया है। यहां पर ट्रैफिक पुलिस यातायात को नियंत्रित करेगी। यहां भी किसी भी मार्ग को पूरी तरह बंद नहीं रखा जाएगा। इमरजेंसी वाहन, एंबुलेंस, होटल के वाहन व स्थानीय लोगों के वाहनों को आने-जाने की अनुमति होगी। हालांकि बेवजह व आम वाहनों को कंट्रोल एरिया में आने की अनुमति नहीं होगी। ऑटो व टैक्सी को नई दिल्ली क्षेत्र में आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (ट्रैफिक) एसएस यादव ने बताया कि सम्मेलन के दौरान किसी भी मार्ग को बंद नहीं किया जाएगा। एमरजेंसी व जरूरी वाहनों को आवाजाही की अनुमति रहेगी। नई दिल्ली क्षेत्र में ट्रैफिक को नियंत्रित किया जाएगा।

उन्होंने लोगों से अपील की कि बेवजह नई दिल्ली क्षेत्र में न आएं। होटल व यहां रहने वाले स्थानीय निवासियों के वाहनों के अलावा अन्य वाहनों खासकर टैक्सी व ऑटो को कंट्रोल एरिया में आने की अनुमति नहीं होगी।

### अब एक होटल में कई देशों के मेहमान ठहरेंगे

**अब** दिल्ली के एक होटल में एक ही देश के राष्ट्रपति व प्रतिनिधिमंडल के सदस्य नहीं ठहरेंगे। पहले ये तय हुआ था कि एक होटल में एक ही देश के प्रमुख व अन्य सदस्यों को ठहराया जाए। ऐसे में दिल्ली पुलिस को दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा व मेवात में 34 होटलों की जरूरत पड़ रही थी, मगर अब फाइनल ये तय हुआ कि एक ही होटल में तीन-चार देशों के प्रमुख व अन्य सदस्यों को ठहराया जाएगा। इस कारण होटलों की संख्या को अब 18 कर दिया गया है। **10 को इन मार्गों पर ट्रैफिक नियंत्रित किया जाएगा:** 10 सितंबर को सुबह पांच बजे से दोपहर एक बजे तक इन मार्गों पर ट्रैफिक को नियंत्रित किया जाएगा। इन दिनों विदेशी राष्ट्राध्यक्ष व राष्ट्रपति राजघाट जाएंगे। ये मार्ग हैं अजमेरी गेट की तरफ से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी (एसपीएम) रोड की तरफ से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, गीता कॉलोनी की तरफ से शांति वन चौक, विकास मार्ग की तरफ से आईटीओ, जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) मार्ग की तरफ से राजघाट चौक और मिंटो रोड की तरफ से गुरु नानक चौक।




## सभी मुद्दों पर व्यापक सहमति बना सकेंगे जी-20 के मंत्री: गोयल

**जयपुर/नई दिल्ली:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि जी-20 व्यापार और निवेश मंत्रिस्तरीय बैठक (टीआईएमएम) का ध्यान अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश में बाधाओं को कम करने पर होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि जी-20 के व्यापार और निवेश मंत्री व्यापार से संबंधित सभी मुद्दों पर व्यापक सहमति बना सकेंगे। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने यहां टीआईएमएम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने भरोसा जताया कि दो-दिन की बैठक के दौरान जी-20 के व्यापार और निवेश मंत्री व्यापार से संबंधित सभी मुद्दों पर व्यापक सहमति बना सकेंगे।

# दिल्ली में ईवीएम और वीवीपैट की जांच पर कांग्रेस ने उठाया सवाल, पहुंची कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने हाई कोर्ट में एक याचिका दायर करके राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 2024 लोकसभा चुनावों के लिए दिल्ली के 11 जिलों में ईवीएम और वीवीपैट के प्रथम चरण की जांच का विरोध किया है। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच इस याचिका पर कल यानी 25 अगस्त को सुनवाई करेगा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल कुमार की ओर से दायर याचिका पर वकील अल्जो के जोसेफ और सुनील कुमार ने कोर्ट से कहा कि दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम और वीवीपैट के पहले चरण की जांच के पहले राजनीतिक दलों को पर्याप्त नोटिस नहीं दिया। राज्य निर्वाचन आयोग की नोटिस में ईवीएम के जांच की विस्तृत जानकारी नहीं दी गई थी। ऐसे में पहले चरण की जांच का मकसद निष्फल हो जाता है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक ईवीएम और वीवीपैट के पहले चरण की जांच तय की गई थी। इसके लिए 12 और 13 जुलाई को नोटिस जारी किया गया था। उसके बाद 15 जुलाई को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अधिकृत प्रतिनिधि ने दिल्ली के सभी एसडीएम को पत्र लिखकर पहले चरण की जांच के लिए सभी ईवीएम के सीरियल नंबर और मैन्युफैक्चरिंग कंपनी की जानकारी मांगी। इसके बावजूद किसी भी एसडीएम ने ये जानकारी नहीं दी। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ईवीएम और वीवीपैट के पहले चरण की जांच दोबारा करे।



# दिल्ली मेट्रो में महिलाओं की 'कुश्ती'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली मेट्रो में एक बार फिर महिलाओं के बीच मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। यू तो अक्सर ही दिल्ली मेट्रो के अंदर से मारपीट, झगड़े, डांस, लव सीन, रील्स के वीडियो वायरल होते रहते हैं। इस बार लड़कियों और महिलाओं का एक ग्रुप चलती ट्रेन के अंदर आपस में भिड़ गया। घर के क्लेश नाम के ट्विटर हैंडल पर मारपीट का वीडियो साझा किया गया है। वीडियो में देख सकते हैं कि कैसे दो महिलाओं का ग्रुप आपस में झगड़ा कर रहा है। इतना ही नहीं दोनों ने एक दूसरे के बाल पकड़ लिए हैं। जिस वक्त हाथापाई हुई, उस वक्त मेट्रो के अंदर कई लोग मौजूद थे।

**दिल्ली मेट्रो में भिड़ी महिलाएं:** घर के क्लेश नाम के ट्विटर हैंडल पर वीडियो साझा कर लिखा है कि सीट विवाद को लेकर दिल्ली मेट्रो के अंदर कुछ महिला और लड़कियों का समूह आपस में भीड़ गया। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के बीच सीट विवाद को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद तू तू मैं मैं की बात मारपीट तक पहुंच गई।

**यूजर्स ने कमेंट कर लिए मजे:** वीडियो साझा होने के बाद कई यूजर्स ने कमेंट भी किए। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि इंडियन मेट्रो में क्या क्या होता है। दूसरे यूजर ने मजाक करते हुए लिखा कि दिल्ली मेट्रो बिग बॉस से ज्यादा एंटरटेन करता है। एक यूजर ने तो पीएम मोदी का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि इस वीडियो को देखने के बाद वाह क्या सीन है।

## स्पाइसजेट और उसके प्रबंध निदेशक को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट से एयरलाइंस स्पाइसजेट और उसके प्रबंध निदेशक अजय सिंह को राहत नहीं मिली है। सिंगल बेंच के आदेश पर रोक लगाने से कोर्ट ने इनकार कर दिया है। न्यायाधीश यशवंत वर्मा और धर्मेश शर्मा की पीठ ने कहा कि वह 13 फरवरी 2023 के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मद्देनजर आदेश पर रोक नहीं लगा सकती। हालांकि स्पाइसजेट की अपील पर हाईकोर्ट ने कलानिधि मारन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिंगल बेंच ने स्पाइसजेट को सन ग्रुप के प्रमोटर कलानिधि मारन को करीब 270 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया था।

**दिल्ली हाई कोर्ट का स्पाइसजेट को निर्देश-**
- बकाया 270 करोड़ में से 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने के निर्देश
- कलानिधि मारन और उनकी केएएल एयरवेज को भुगतान करने के निर्देश
- 10 सितंबर तक 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने के निर्देश
- कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को तय की है। जस्टिस योगेश खन्ना की सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ कलानिधि मारन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मारन ने आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल के फैसले को लागू करने की मांग की थी। इससे पहले ट्रिब्यूनल ने करीब 270 करोड़ रुपए का भुगतान करने का आदेश स्पाइसजेट को दिया था।

**स्पाइसजेट समय से करेगी भुगतान:** इस पर स्पाइसजेट का बयान आया है कि वह समय से 100 करोड़ रुपये का भुगतान कर देगी।

## सीएम केजरीवाल के सलाहकार को अवैध रूप से दिया गया बंगला

### सतर्कता विभाग ने पीडब्ल्यूडी के प्रधान सचिव को लिखा पत्र

**अवैध**

भविष्य में किसी को भी आवास आवंटित करने से पहले उसका पद, ग्रेड व वर्ग देखा जाए

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सलाहकार विभव कुमार को अवैध रूप से बंगला आवंटित किया गया। इसे लेकर दिल्ली सरकार के सतर्कता विभाग ने लोक निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। साथ ही कहा है कि भविष्य में किसी को भी आवास आवंटित करने से पहले उसका पद, ग्रेड व वर्ग देखा जाए। दरअसल, विभव कुमार को 33 शामनाथ मार्ग दिल्ली में आवास दिया गया था। इस आवास को लेकर सतर्कता विभाग के सहायक निदेशक ने पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड के इस आवास को उन्हें आवंटित नहीं किया जाना चाहिए। वह दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े हुए नहीं है। उन्हें दिया गया टाइप-4 बंगला अवैध रूप से आवंटित किया गया है। इसे आवंटित करने के दौरान पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री सत्येंद्र जैन सहित अन्य ने भी आदेश में जिक्र किया है।

# हरी झंडी: गोल मार्केट को म्यूजियम बनाने का मार्ग प्रशस्त

## एनडीएमसी ने कार्य शुरू करने के प्रस्ताव को दी स्वीकृति, वातानुकूलित सर्विस टनल और लिफ्ट आदि की व्यवस्था होगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लुटियन की गोल मार्केट को म्यूजियम में तब्दील करने का रास्ता साफ हो गया है। एनडीएमसी की बैठक गोल मार्केट को म्यूजियम बनाने के लिए कार्य शुरू करने के प्रस्ताव का हरी झंडी दे दी है। इस तरह दिल्ली की मशहूर और ऐतिहासिक गोल मार्केट नए अवतार में नजर आएगी। वह गोल मार्केट को म्यूजियम बनाने की योजना को गत 28 जून को पास कर चुकी है, लेकिन इस योजना के तहत कार्य शुरू करने के आदेश नहीं हुए थे। इस योजना पर करीब 22 करोड़ रुपये व्यय होंगे। एमसीडी के अनुसार गोल मार्केट को म्यूजियम बनाने के दौरान उसके पुराने स्वरूप से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। इसके अलावा गोल मार्केट के आसपास के इलाकों को भी विकसित किया जाएगा। इस तरह गोल मार्केट के पुनर्विकास के बाद भी वह एतिहासिक विरासत व इलाका पहले की तरह नजर आएगा। मार्केट का पुनर्विकास करने संबंधी परियोजना डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से लंबित थी। यह परियोजना वर्ष 2006 शुरू होनी थी और कॉमनवेल्थ गेम्स से पहले इसे पूरा करना था, लेकिन विभिन्न कारणों से परियोजना शुरू नहीं हो सकी। एनडीएमसी के अनुसार, म्यूजियम का पूरा हिस्सा पूरी तरह से वातानुकूलित, फूड कोर्ट और सब-वे के साथ विश्वस्तरीय सेवाएं होंगी। इसके अलावा गोल मार्केट के आसपास के इलाके को भी विकसित करने के दौरान यहां पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क यातायात को कम करने के लिए, आरके आश्रम मार्ग से मुख्य गोल मार्केट के बीच एक सब-वे बनाया जाएगा। इसके अलावा यहां पार्किंग भी बनाई जाएगी। वहीं म्यूजियम के मुख्य भवन में शीशे से गुंबद जैसी संरचना निर्माण, फॉल्स सीलिंग, पहली मंजिल पर इंसुलेटेड छत की संरचना, पूरी तरह से वातानुकूलित सर्विस टनल और लिफ्ट आदि की व्यवस्था होगी।

**व्यवस्था**

म्यूजियम का पूरा हिस्सा पूरी तरह से वातानुकूलित, फूड कोर्ट और सब-वे के साथ विश्वस्तरीय सेवाएं होंगे


**एक दशक पहले बनाई गई थी गोल मार्केट:** अंग्रेज शासकों ने करीब एक सदी पहले भारतीय कर्मचारियों के लिए गोल मार्केट बनाई थी। एडविन लुटियंस के डिजाइन पर इसका निर्माण 1921 में हुआ था। इसमें 28 दुकानें थीं। उस समय इसमें अंग्रेजों के यहां काम करने वाले भारतीय कर्मचारी खरीदारी करते थे। आजादी तक यह ऐसे ही चलती रही, बाद में इसे सबके लिए खोल दिया गया। भारत विभाजन के बाद पाकिस्तान छोड़ने वाले मशहूर चित्रकार बीसी सान्याल और उनकी पत्नी स्नेहलता दो-तीन मशहूर हस्तियों के साथ गोल मार्केट में पहुंचे थे।

## अर्नब गोस्वामी को दिल्ली हाईकोर्ट से राहत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट ने अवमानना मामले में रिपब्लिक टीवी और उसके संपादक अर्नब गोस्वामी को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को रिपब्लिक टीवी और उसके संपादक अर्नब गोस्वामी के खिलाफ अवमानना का मामला बंद कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, टाइम्स ग्रुप की बेनेट कोलमैन एंड कंपनी ने यह मामला दायर किया था। दरअसल, यह याचिका टैगलाइन 'नेशन वांट्स टू नो' को लेकर दायर की गई थी।

## दरिंदगी के बाद नाबालिग ने उपनिदेशक की पत्नी और बेटा-बेटी को बताई थी आपबीती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास के विभाग के निलंबित उपनिदेशक प्रेमोदय खाखा द्वारा दोस्त की नाबालिग बेटी से एक नहीं कई बार दुष्कर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने कई खुलासे किए हैं। कई खुलासे ऐसे हैं जिसने पुलिस को भी चौंका दिया है। पिता की मौत से आहत एक बच्ची को भावनात्मक सहारा देने के बहाने, जिस तरह से उसके मुंहबोले मामा उसका लगातार ढाई साल तक यौन शोषण किया उसकी पूरी कहानी दहला देने वाली है। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता का बयान दर्ज किया है जिसमें उसने ऐसी कई बातें बताई हैं जो बच्ची की मानसिक और शारीरिक स्थिति बयान करती है। इसके साथ ही उपनिदेशक की पत्नी ने इस पूरे मामले पर किस तरह की असंवेदनशीलता दिखाई वह बेहद दर्दनाक है। पीड़िता जब एक वर्ष की थी तब उसे गोद लिया गया था। पुलिस और मजिस्ट्रेट को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि एक अक्तूबर 2020 को पिता की मौत के बाद वह आरोपित के घर आ गई। कोरोना की वजह से स्कूल बंद हो गए। आरोपित भी घर से ही काम कर रहा था। पीड़िता की ऑनलाइन क्लास शुरू हो गई। उस समय वह उत्तरी दिल्ली के नामी स्कूल में पढ़ाई करती थी। नशीला पदार्थ खिलाकर निलंबित उपनिदेशक प्रेमोदय खाखा तीन महीनों में कई बार 13 वर्षीय किशोरी को बनाया हवस का शिकार। नवंबर 2020 से जनवरी 2021 तक आरोपित ने पीड़िता के साथ चार से पांच बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आते-जाते आरोपित उसके निजी अंगों पर हाथ लगाता था।



**सनसनीखेज**

पीड़िता ने आरोप लगाया कि आते-जाते आरोपित उसके निजी अंगो पर हाथ लगाता था

# खत्म हो रहा टेंडर: दिल्ली के अस्पताल में बंद हो रही है डायलिसिस यूनिट

## किसी भी नए मरीज को डायलिसिस के लिए यहां पंजीकरण नहीं किया जा रहा

**समस्या**

यही कारण है कि इन दिनों किसी भी नए मरीज को डायलिसिस के लिए यहां पंजीकरण नहीं किया जा रहा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जनकपुरी स्थित अतिविशिष्ट अस्पताल में अगले माह से डायलिसिस सेवा बंद होने जा रही है। यही कारण है कि इन दिनों किसी भी नए मरीज को डायलिसिस के लिए यहां पंजीकरण नहीं किया जा रहा है। वहीं, डायलिसिस केंद्र में पंजीकृत करीब 550 मरीजों के तीमारदारों से अस्पताल प्रशासन ने एक फॉर्म पर हस्ताक्षर कराया है, जिस पर साफ लिखा है कि डायलिसिस केंद्र अगले माह से बंद हो रहा है, अगले माह से मरीज के स्वास्थ्य के लिए अस्पताल प्रशासन जिम्मेदार नहीं है।

**16 सितंबर से खत्म हो रहा संस्था का टेंडर:** दरअसल, डायलिसिस सेवा चला रही संस्था का 16 सितंबर को टेंडर खत्म होने जा रहा है। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने नया टेंडर जारी कर दिया है, पर इस पूरी प्रक्रिया में कम से कम छह माह का समय लगने की बात कही जा रही है। ऐसे में सवाल है कि यदि इन 550 मरीजों को कहीं भी डायलिसिस के लिए स्लाट खाली नहीं मिलता है तो इन मरीजों की जिम्मेदारी कौन लेगा?

**वर्ष 2018 में पीपीपी माडल पर शुरू हुई थी सेवा:** बता दें, सितंबर 2018 में अस्पताल ने पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर डायलिसिस की सेवा को शुरू किया था। एस्कॉन संजीवनी डायलिसिस सेंटर को पांच साल का टेंडर मिला था। अस्पताल में 33 डायलिसिस की मशीनें चल रही है। यूनिट संचालक का कहना है कि फरवरी से अस्पताल प्रशासन ने उनकी बकाया रकम का भी भुगतान नहीं किया है। यूनिट संचालक की मांग है कि टेंडर खत्म होने तक या तक एक निश्चित तारीख तक अस्पताल प्रशासन उनकी बकाया राशि का भुगतान करें। यूनिट संचालकों का कहना है कि इंसानियत को मद्देनजर रखते हुए वह अस्पताल में डायलिसिस की सेवा को तब तक जारी रखने को तैयार है।

### तीमारदारों के माथे पर चिंता की छाई लकीरें

**जब** फार्म पर हस्ताक्षर को लेकर मरीजों के तीमारदार से बात की गई तो अधिकांश को यह पता ही नहीं था कि अस्पताल प्रशासन ने आखिर उनसे किस फार्म पर हस्ताक्षर लिए हैं। जिन तीमारदारों को जानकारी थी, उन्होंने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने कहा कि वे मरीज को डीडीयू अस्पताल ले जाए वहां से संबद्ध केंद्रों पर उन्हें रेफर कर दिया जाएगा। पर यह सुविधा केवल उन्हीं के लिए जिनके पास दिल्ली का मतदाता पहचान पत्र व आधार कार्ड है। ऐसे तीमारदार का कहना है कि उन्होंने डायलिसिस के लिए कई जगहों पर पता किया है पर कहीं भी स्लाट खाली नहीं है, ऐसे में वे अब मरीज को लेकर कहां जाए?

# जी20: एके-47, एमपी-5 गन से लेकर दूसरे हथियारों के साथ तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर सभी महकमे अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं। दिल्ली पुलिस भी मेहमानों की आवभगत से लेकर उनकी सुरक्षा में जुटी है। इसे लेकर काफी समय से तैयारियां चल रही हैं। शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) के कंधों पर अहम जिम्मेदारी रहने वाली है। जी-20 आयोजन स्थल, मेहमानों के ठहरने वाले स्थान और रास्तों पर लगभग 550 पीसीआर वैन को तैनात किया जाएगा। इसमें पराक्रम वैन, टूरिस्ट वैन, महिला पीसीआर वैन से लेकर त्वरित प्रक्रिया टीम (क्यूआरटी) (क्विक रिस्पांस टीम) को शामिल किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पीसीआर वैन पर तैनात स्टाफ आधुनिक हथियारों से लैस होगा। इनमें एके-47, एमपी-5 गन, ग्लॉक पिस्टल से लेकर दूसरे आधुनिक हथियार शामिल होंगे। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि पीसीआर वैन पर तैनात सभी जवानों और महिला पुलिसकर्मियों को जी-20 के लिए विशेष रूप से कमांडो ट्रेनिंग दी गई है। किसी भी विषम परिस्थितियों में यह जवान मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। अधिकारियों का कहना है कि जी-20 रूट पर ड्यूटी पर रहने वाले पीसीआर वैन के कर्मियों को वेल ड्रेस रहने के अलावा शिष्टाचार और विनम्रता से पेश आने की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। इसके अलावा जिन लोगों की अंग्रेजी बेहतर है, उसको ही जी-20 की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा तैयारी चल रही है।

**32 पराक्रम वैन:** विदेशी मेहमानों से जुड़े हर स्थल पर लगभग एक पराक्रम वैन को तैनात किया जाएगा। कुल 32 वैन तैनात रहेंगी। इन वैन पर विशेष कमांडो ट्रेनिंग प्राप्त किए जवान एके-47 से लेकर दूसरे आधुनिक हथियारों से लैस रहेंगे। पराक्रम दस्ते की ताकत को बढ़ाने के लिए अधिकारियों ने इन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया है, जो पलक झपकते ही किसी भी आतंकी का काम तमाम कर देंगे।

**जिम्मेवारी**

मेहमानों के ठहरने वाले स्थान और रास्तों पर लगभग 550 पीसीआर वैन को तैनात किया जाएगा

**400 पीसीआर और 100 क्यूआरटी वैन:** दिल्ली में जहां-जहां से भी विदेशी मेहमान गुजरेंगे, वहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती रहेगी। इन रूटों पर 400 पीसीआर वैन के अलावा 100 क्यूआरटी वैन को तैनात करने का फैसला किया गया है। इन वैन पर तैनात जवान एमपी-5 गन के अलावा ग्लॉक पिस्टल से लैस रहेंगे। इन्हें भी जी-20 के लिए विशेष ट्रेनिंग दी गई है।

**15 महिला पीसीआर वैन:** दिल्ली पुलिस की महिला पीसीआर वैन को भी जी-20 के दौरान तैनात किया जाएगा। आयोजन के दौरान अलग-अलग रूटों पर 15 पीसीआर वैन तैनात रहेंगी।

इन पीसीआर वैन पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को कमांडो ट्रेनिंग से लेकर अंग्रेजी बोलने की ट्रेनिंग भी दी गई है। इन्हें हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया है।

**20 टूरिस्ट वैन:** किसी वजह से विदेशी मेहमानों को कोई दिक्कत होती है तो उनकी मदद के लिए दिल्ली पुलिस अलग-अलग रूटों पर 20 टूरिस्ट पीसीआर वैन भी तैनात करेगी। मेहमान यदि इनसे दिल्ली या दिल्ली के किसी स्थान के बारे में पूछेंगे तो पीसीआर वैन पर तैनात स्टाफ उनका जवाब देने में सक्षम होगा।

## न्यूज फ्लैश

### सेवा ही धर्मः संदीप भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**सेवा ही** धर्म टीम एडवोकेट संदीप भारद्वाज खलीला के नेतृत्व में सोमवार को पानीपत ग्रामीण हल्के के गरीब और जरूरतमंद लोगों को आवास दिलवाने के लिए उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपेगी। ये जानकारी संदीप भारद्वाज ने सेवा ही धर्म टीम द्वारा पानीपत ग्रामीण हल्के में चलाई जा रही गरीब आवास संघर्ष यात्रा के दौरान उग्राखेड़ी और निंबरी में दी। संदीप भारद्वाज ने बताया कि सेवा ही धर्म टीम द्वारा पानीपत ग्रामीण हल्के में 18 जून से गरीब आवास संघर्ष यात्रा निकाली जा रही है। टीम का यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण हल्के के गरीब और जरूरतमंद लोगों की पहचान करना था। जिन तक सरकार की प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का आज तक कोई लाभ नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि हमने गरीब आवास संघर्ष यात्रा के दौरान ऐसे ऐसे बीपीएल परिवार देखे हैं जिनके मकानों के हालात बद से बदतर हैं और कभी भी हादसा हो सकता है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों के मकान बनाने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। जबकि आज भी वास्तविक जरुरतमंद लोगों तक उनका हक नहीं पहुंच रहा। जरूरतमंद और गरीब लोगों मिलने को मिलने वाला उनका लाभ गरीबों की बजाय कहां जा रहा है। क हीं सरकार के नुमाइंदों द्वारा अपने चाहतों को तो लाभ नहीं पहुंचा जा रहा।

### माँ दुर्गा शिक्षा सदन बढमलिक के छात्रों ने उतारे 123 खंडित तिरंगे

**सोनीपतः माँ भारती** रक्तवाहिनी की मुहिम तिरँगा सम्मान संकल्प के तहत सँस्था के सदस्यों ने 1 अगस्त से स्कूलों में जागरूकता अभियान की शुरूआत बीसवाँमील मॉडल संस्कृति स्कूल से जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के सहयोग से की थी जिसके बाद 18 निजी व सरकारी स्कूलों में इस अभियान के तहत बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज लगाने के नियमो की जानकारी दी गयी जिसके परिणाम स्वरूप
माँ दुर्गा शिक्षा सदन बढमलिक के छात्रों ने रामनगर ,राई ,दुर्गा कॉलोनी व जठेड़ी व बढमलिक से खंडित राष्ट्रीय ध्वजों को सम्मान सहित उतार कर प्राचार्य विपिन कुमार गौड़ के पास स्कूल में जमा करवाये । सँस्था अब इन छात्रों को तिरंगा वीर की उपाधि से टी शर्ट भेंट कर सम्मानित करेगी । सँस्था ने खुले तौर पर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए 51 खंडित तिरंगे सँस्था को सोंपने पर उपहार में तिरँगा वीर की टी शर्ट भेंट करने का एलान कर चुकी है । सँस्था ने अब तक 5000 से अधिक खंडित राष्ट्रीय ध्वजों को 6 जिलों से सम्भाला है और नगर निगम में जमा करवाया है । स्कूल के साथ मिलकर इस अभियान में अध्यापिका -- नूर तारा, अनीता सिंह, सीमा गुप्ता, रंजा पाल, शालू सिंह, अर्चना विश्वकर्मा , रोशन तारा, सीमा मेहरा, निशा सिंह, प्राचार्य विपिन कुमार गौड़ छात्र अमित कुमार शाह, भारत कुमार,राज शर्मा, मन्नू शर्मा,अंश राजपूत, आनन्द कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज के मान सम्मान की रक्षा हेतु इस देश सेवा कार्य को किया ।

### विमुक्त व घुमंतू जाति के लिए लगाया शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) हरियाणा विमुक्त** घुमन्तु जाति विकास बोर्ड के वाइस चेयरमैन जय सिंह पाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास नारा दिया हुआ है और प्रदेश सरकार द्वारा इसी के अनुरूप सभी को साथ लेकर कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में विधानसभा क्षेत्र वाइज विमुक्त व घुमन्तु जाति से सम्बन्धित लोगों की परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पैंशन व अन्य विषयों को लेकर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सनातन धर्म कॉलेज अम्बाला छावनी में शिविर आयोजित करके लोगों को यह सुविधा प्रदान की गई है। शिविर के माध्यम से लोगों की जो भी समस्याएं हैं, उनका निवारण करने का काम भी किया जा रहा है। यहां पंहुचने पर जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल माहला व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहौनी ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।
उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का यह प्रयास है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान हो और इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में विशेष कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें परिवार पहचान पत्र, वृद्ध सम्मान भत्ता, आधार कार्ड, राशन कार्ड वोटर कार्ड तथा आय व जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित जो भी समस्याएं है उनका समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को यहीं पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें कोई भी व्यक्ति आकर इन विषयों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करवा सकता है।

# प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में परचम लहराया

## स्कूल के 62 खिलाड़ियों का ज़िला स्तर होंने वाली प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल के खेल मैदान में 21 से 23 अगस्त तक ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा में अलग-अलग खेलों में विभिन्न भार वर्ग में प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के 91 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिनमे से 62 खिलाड़ियों ने बेहतर खेलों का प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर जिला स्तर पर होने वाले खेलों में अपना स्थान



पक्का किया। स्कूल निदेशक डा. संजय जैन, अमित बत्रा, प्रिंसिपल कृष्ण मालिक व रजिस्ट्रार डॉ मनोज कुमार ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए जिला स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की लिये प्रेरित किया। स्कूल की वरिष्ठ समन्वयक डा. अभिलाषा ने स्कोर लिस्ट के आधार पर बताया कि जेवलीन थ्रो अंडर 17 में शौरव ने गोल्ड मेडल ,मार्शल आर्ट्स में आयुष, आरव, शिवेश, अक्ष, युगांश गुप्ता ने गोल्ड मेडल व वैभव, शिवेश, शिवम, हिमांशु व नैतिक ने सिल्वर मेडल जीता। क्रिकेट टीम में अंडर 14 में भव्य, कार्तिक, हैप्पी, रचित, लवीश, चिराग व अंडर 17 में मीत, निशांत,योगेश का चयन हुआ। अंडर 19 में काव्य जैन का चयन हुआ। बॉक्सिंग में अंडर 14 में अलग अलग भार वर्ग में शिव, रितेश, लव, नैतिक,आर्यन व अंडर 17 में कार्तिक,अंकुश व प्रिंस व खुशी ने गोल्ड मेडल जीत कर डिस्ट्रिक्ट के लिये क्वालीफाई किया। योगा में वरिष्ठ वर्ग में तनु, आराध्या, दृष्टि, तमन्ना, कोमल, गीतिका व कनिष्ठ वर्ग में हितेश, वंश व अंश गाहल्यान का जिला स्तर के लिए चयन हुआ। एथलेटिक्स में तन्मय ने 200 मीटर ,मनप्रीत ने 100 व200 मीटर ,आस्था ने 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में पार्थ, वन्दिता व परी ने पहला स्थान प्राप्त किया।

## विधायक निर्मल ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गन्नौर विधायक** निर्मल चौधरी ने चंद्रमा पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर की चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग होने पर चंद्रयान-3 मिशन से जुड़े सभी वैज्ञानिकों के साथ-साथ देशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के साथ ही हमारे वैज्ञानिकों ने न केवल इतिहास रच दिया है, बल्कि भूगोल के विचार को भी बदल डाला है। विधायक ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सचमुच बेहद महत्वपूर्ण अवसर है, यह एक ऐसी घटना है, जो जीवनकाल में एक ही बार घटित होती है, जिसने सभी भारतीयों को गर्व से भर दिया है। मैं इसरो और इस मिशन में शामिल सभी लोगों को बधाई देती हूं और कामना करती हूं



कि वे भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करें। विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना रहा है। यह आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को सच साबित कर रहा है।

## अपोलो इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में चन्द्रयान-3 का टैलीकास्ट छात्रों को दिखाया

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अपोलो** इंटरनेशनल स्कूल बड़ी में चन्द्रयान-3 की जानकारी के लिए कार्यक्रम किया गया। जिसमें छात्रों को प्रौजेक्टर पर चन्द्रयान 3 के बारे में विस्तार से बताया गया ताकि हमारे आने वाले पीढ़ी को भी चंद्रयान-3 के बारे में सारी जानकारियां सुचारू रूप से मिल सकें। प्राचार्या रजनी शर्मा ने इस शुभ अवसर पर छात्रों को बताया कि हमारा कल ही हमारा आज है इसीलिए हमें अपने विद्यार्थियों पर नाज है, वह भी ऐसी उपलब्धियां को प्राप्त करेंगे। हमारे वैज्ञानिकों ने देश की कीर्ति को संसार में फैलाकर चंद्रयान पर अपने झंडे को फहराकर देश नाम रौशन किया। आने वाली पीढ़ी ही कल हमारे कल का भविष्य है, जब देश में ऐसी कीर्तिमान उपलब्धियां का ध्वज फहराया जाता है तो छात्रों के सामने उसे



प्रस्तुत करना,उसकी जानकारी देना विद्यालय का फर्ज बनता है। विद्यालय के सभी छात्रों के प्रश्नों का जवाब अध्यापकों ने दिया। प्रधानमंत्री का भाषण भी सुनाया गया और अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियां पर चंदा मामा अब दूर के नहीं है अब टूर के हैं,यह बताते हुए इस कार्यक्रम का संपन्न भी किया गया।

## किसान संघ की बैठक में खेतों की बिजली आपूर्ति सुधार की मांग रखी

**राईः भारतीय किसान** संघ की ज़िला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में किसानों ने कहा कि किसानो को खेतों में ट्यूबेलो के कनेक्शन में बिजली रात के समय आती है जिस कारण धानो में सिंचाई नही हो पा रही है।
भारतीय किसान संघ प्रांत संगठन मन्त्री श्री सुन्दरलाल ने कहा कि दिन के समय बिजली देने की बात बार बार कहने पर भी अधिकारी सुनवाई नही कर रहे है।
उन्होंने कहा कि बिजली विभाग दिन के समय खेतों की बिजली देना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ हर तीन साल में सदस्यता अभियान चलाता है जो 15 दिसंबर 23 से लेकर 15 जनवरी 24 तक रहेगा बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

## चंद्रयान की कामयाबी पर विज ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) गृह एवं** स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का जनता दरबार शनिवार को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लगेगा, जिसमें गृह मंत्री प्रदेशभर से आए लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार हर माह के दूसरे और चौथे शनिवार को आयोजित किया जाता है जिसमें दोपहर केवल एक बजे तक पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को ही सुना जाएगा। गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार प्रदेशभर में प्रचलित है जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में लोग अपनी फरियाद लेकर गृह मंत्री के पास पहुंचते हैं। जनता दरबार में गृह मंत्री अनिल



विज मौके पर ही लोगों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के दिशा-निर्देश देते हैं।
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग पर अपने ही अंदाज में गीत गाकर खुशी जताई। उन्होंने गुनगुनाया ह्लमेरे पैरों में घुंघरू बांध दे तो फिर मेरी चाल देख ले।
विज ने सफल लैंडिंग के लिए ईसरो के वैज्ञानिकों और साथ ही पूरे देश को इस सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा की भारत चंद्रमा पर जाने वाला चौथा देश है और यह पल नाचने-गाने का है।
उन्होंने कहा कि भारत चंद्रयान को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतारकर विश्व का लीडर बन गया है। चंद्रमा पर आज तक चार देशों ने ही सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि भारत भी अब चांद क्लब का मेंबर बन गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इससे चंद्रमा के बहुत से राज खुलेंगे, जिससे आगे एयरोस्पेस की गतिविधियों को जानने में लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि चंद्रयान-3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की, जिसके बाद भारत में जश्न मनाया जा रहा है।

# जीएसटी को ईडी के दायरे में लाना व्यापारी विरोधी फैसलाः बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हरियाणा** व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड़ के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने अम्बाला शहर की नई अनाज मंडी में व्यापारियों को हो रही परेशानियों के चलते एक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें व्यापारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण हरियाणा में लगातार व्यापार व उद्योग पिछड़ता जा रहा है जबकि गांव स्तर पर लगभग 80



प्रतिशत छोटे-छोटे उद्योग बंद हो चुके हैं। पहले गांवों में छोटे-छोटे उद्योगों में नमकीन, बेकरी, हैंडलूम, पंखे, कुलर, पीलग, निवार, साबुन, तेल आदि हर जरूरत का समान बनता था। जिसके माध्यम से गांव स्तर पर ही लाखों पुरुष, महिला व युवाओं को रोजगार मिला हुआ था। आज सरकार की गलत नीतियों के कारण लाखों लोग बेरोजगार हो गए हैं। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार ने उद्योगों के माध्यम 75 प्रतिशत हरियाणा के युवाओं को नौकरी देने की घोषणा की थी मगर सरकार बने लगभग 4 साल हो चुके हैं। सरकार 4 सालों में 75 युवाओं को भी नौकरी नहीं दे पाई है। नौकरी देना तो दूर की बात उल्टा सरकार ने नौकरी छिनने का काम किया है। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार जीएसटी द्वारा मनी लांड्रिंग रोकथाम कानून लाने से देश व प्रदेश के व्यापारी व उद्योगपतियों में बड़ी भारी नाराजगी है। ईडी विभाग के अधिकारी जीएसटी का डर दिखाकर व्यापारियों को नाजायज तंग करेंगे। जब व्यापारी रात-दिन मेहनत करके केंद्र व प्रदेश सरकार को करोड़ों-अरबों रुपए टैक्स देता है उसके बावजूद भी सरकार नए-नए कानून बनाकर व्यापारियों को तंग करने में लगी हुई है। सरकार ने जीएसटी को ईडी के दायरे में लेने का फैसला सरासर व्यापारी विरोधी फैसला है।
इससे देश व प्रदेश के व्यापार व उद्योग पर बड़ा बुरा असर पड़ेगा और 24 घंटे व्यापारियों पर ईडी की तलवार लटकी रहेगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2017 में जीएसटी के तहत जनता पर अनाप-शनाप टैक्स थोप कर जनता की जेब में डाका डालने का काम किया है।
जीएसटी लागू होने के बाद सरकार ने उसमें एक हजार से ज्यादा बार बदलाव किया है। जीएसटी लागू करने वाली सरकार ही जीएसटी को समझ नहीं पाई तो आम व्यापारी के लिए समझना बड़ा मुश्किल की बात है। व्यापारी से छोटी-मोटी गलती होने पर ईडी विभाग के अधिकारी व्यापारी पर शिकंजा कसेंगे।

## डीसी ने शहर के जीवन ज्योति अस्पताल में किया ब्लड बैंक का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने शहर के दिल्ली-रोहतक राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेक्टर नौ बाई पास पर स्थित जीवन ज्योति अस्पताल में रिबन काटकर ब्लड बैंक का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक शुरू होने से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सकेगा। इससे पूरे क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में कोई भी नई सुविधा शुरू होती है तो इसका लाभ सभी को मिलता है। डीसी ने अस्पताल की 20वीं वर्षगांठ पर ब्लड बैंक शुरू करने पर अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी। डीसी ने कहा कि ब्लड बैंक में रक्तदान से ही रक्त एकत्रित होता है। इसलिए 18 से 65 वर्ष की आयु तक के सभी योज्य नागरिकों को जब भी अवसर मिले रक्तदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय समय पर रेडक्रॉस सहित अन्य समाज सेवी संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इसलिए रक्तदान जरूर करें। यह बड़ा दान है, क्योंकि आपका दिया हुआ रक्त किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन देने का कारण बनता है। इस अवसर सीएमओ डॉ ब्रहमदीप सिंह, डॉ ज्योति मलिक , दीपक खट्टर, राकेश जून सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## अंबाला म्यूजिकल क्लब द्वारा सुरमई श्याम बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला म्यूजिकल क्लब, अंबाला छावनी द्वारा हर माह की भांति इस माह भी सुरमई शाम "बैठक" का आयोजन क्लब के सदस्य राधिका ग्रोवर के निवास स्थान पर किया गया। इस कार्यक्रम में जाने माने पर्यावरणविद एवम योग फेडरेशन के प्रधान राजिंद्र विज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने क्लब के संगीत कला के क्षेत्र में किए जाने वाले अथक प्रयासों की जम कर तारीफ की और साथ ही मंच से सभी भारतवासियों को चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर बधाई दी। कार्यक्रम में क्लब के सभी सदस्यों ने सुरमई शाम का खूब आनंद लिया। क्लब चेयरमैन डॉ नवीन गुलाटी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया और बताया कि इस बैठक के आयोजन का उद्देश्य संगीत कला के प्रति लोगों में प्रेम भाव को मनाए रखना है और साथ ही भविष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा करना एवम रूपरेखा तैयार करना है।

## निफ्टेम में मुख्य खाद्य सुदृढ़ीकरण पर कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/राई। राष्ट्रीय** खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता प्रबंधन संस्थान(निफ्टेम)कुंडली में मुख्य खाद्य सुदृढ़ीकरण और मिश्रित आटे के उत्पादन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन खाद्य सुदृढ़ीकरण उत्कृटता केन्द्र, निफ्टेम के तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में निफ्टेम संस्थान के निदेशक डा. हरिंदर सिंह ओबेरॉय ने दीप प्रज्जवलित करके किया। उन्होंने कहा कि मुख्य खाद्य



सुदृढ़ीकरण देश के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि मिश्रित आटा विटामिन की कमी और आयरन की कमी को दूर करता है।
डॉ. हरिंदर सिंह ने कहा कि मुख्य खाद्य पदार्थ हमारे आहार की आधारशिला हैं, जो हमारे दैनिक जीवन के लिए आवश्यक ऊर्जा और जीविका प्रदान करते हैं। हालाँकि, इन मुख्य खाद्य पदार्थों को मजबूत बनाने का सरल कार्य बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। कार्यशाला में बतौर विषय विशेषज्ञा डा.अंकिता कटारिया, महाराजा रणजीत सिंह पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय,भटिंडा (पंजाब) मिश्रित आटे के उत्पादन, तकनीक और प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारियां दीं।

# गायनी विभाग में गिरा छत का प्लास्टर, बची जान

**लापरवाही**

**प्लास्टर गिरने वाले कमरे उस समय पर एक महिला अपने नवजात बच्चे के साथ बेड पर मौजूद थी**

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल। नागरिक अस्पताल के** गायनी विभाग की छत का प्लास्टर मंगलवार रात को अचानक भरभराकर गिर गया। प्लास्टर गिरने वाले कमरे उस समय पर एक महिला अपने नवजात बच्चे के साथ बेड पर मौजूद थी। गनीमत रही प्लास्टर गिरने से पहले महिला ने अपने बच्चे को दूध पिलाने के लिए अपनी गोद में उठा लिया था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं उक्त घटना के बाद गायनी विभाग में मौजूद महिलाओं में भय का माहौल बना हुआ है, क्योंकि गायनी विभाग की सहित नागरिक अस्पताल का लगभग पूरा भवन जर्जर अवस्था में है जबकि लोक निर्माण विभाग ने भी उक्त भवन को नकारा घोषित किया हुआ है, लेकिन विभाग के पास दूसरा कोई भवन नहीं होने के कारण ओपीडी व गायनी विभाग ने इस जर्जर भवन में चलाया जा रहा है। कहने को तो नारनौल का नागरिक अस्पताल जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर सरकार ने नागरिक अस्पताल को 200 बेड के अस्पताल का दर्जा दिया गया है। इसके तहत नया भवन बनाने का कार्य भी शुरू किया गया है, लेकिन बजट के अभाव में नए भवन का निर्माण कार्य पिछले एक साल से अटका हुआ है। नए भवन का निर्माण कार्य नहीं होने के कारण विभाग की ओर से सामान्य ओपीडी के अलावा गायनी विभाग सहित अन्य जरूरी सेवाएं पुराने भवन में संचालित की जा रही है।
**पहले भी गिर चुका है भवन का प्लास्टरः** नागरिक अस्पताल नारनौल की भवन जर्जर हालत होने के कारण लोक निर्माण विभाग की ओर से उक्त भवन को उपयोग करने लायक नहीं मानते हुए अपनी रिपोर्ट दर्ज की है, क्योंकि भवन बिल्कुल जर्जर हो चुका है। कुछ समय पूर्व अस्पताल के कई हिस्सों का प्लास्टर भरभराकर गिर चुका है।
हालांकि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ है, लेकिन हादसे की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है, क्योंकि मंगलवार रात्रि को गायनी विभाग के जच्चा-बच्चा वार्ड में छत का प्लास्टर वार्ड में भर्ती एक महिला के बेड पर गिर गया। गनीमत रही महिला उस समय अपने नवजात को दूध पिलाने के लिए बेड के दूसरे तरफ बैठी हुई थी। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। नए भवन का एक मंजिल निर्माण कार्य भी नहीं हुआ पूरा लोक निर्माण विभाग की ओर से उक्त भवन का जर्जर घोषित किए जाने के बाद जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा 200 बेड के नए भवन का निर्माण की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 200 बेड के भवन निर्माण का कार्य वर्ष 2021 में शुरू किया गया था, लेकिन दो साल बाद भी भवन की एक मंजिल का निर्माण कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है।

## ईट्रेड ने चारणयन अयंगर को अपना वीपी (सप्लाई चेन) नियुक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ई-कॉमर्स** उद्योग के मार्केट लीडर ईट्रेड मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने चारणयन अयंगर को अपना वीपी (सप्लाई चेन) नियुक्त किया है। अयंगर की नियुक्ति का रणनीतिक कदम उठाते हुए कम्पनी ने अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने और सप्लाई चेन कारोबार को नई ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।
अयंगर सप्लाई चेन प्रबंधन के पारंगत हैं और इससे पहले अमेज़ॅन, फ्लिपकार्ट और स्नैपडील जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कम्पनियों में काम करने का उनका शानदार ट्रैक रिकॉर्ड देखते हुए ईट्रेड को विश्वास है कि वे कम्पनी के काम-काज में दक्षता, सुचारु



संचालन और ग्राहकों को संपूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित करेंगे। बतौर ई-कॉमर्स एग्रीगेटर ईट्रेड एक जाना-माना नाम है। चारणयन अपनी विशेषज्ञता के साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग और ई-कॉमर्स उद्योग का एक प्रमुख खिलाड़ी बनने का कंपनी का सपना पूरा कर पाएंगे। इंजीनियरिंग और फिर आईआईएम-कोझिकोड से एमबीए कर चुके चारणयन अपनी टीम की क्षमता बढ़ाएंगे, इनोवेशन और रणनीतिक निर्णय लेने का माहौल बनाएंगे। ईट्रेड के अंदर और बाहर के भागीदारों का एक व्यापक नेटवर्क है जिसे चारणयन अधिक इनोवेटिव, कारगर बनाएंगे और आपसी तालमेल को बढ़ावा देंगे। सप्लाई चेन के काम को सुव्यवस्थित करना तो उनकी बुनियादी क्षमता रही है। ईट्रेड के संस्थापक अनुज भाटिया ने इस अवसर पर कहा, हम हाल में नियुक्त हमारे वाइस प्रेसिडेंट चारणयन अयंगर का सहर्ष हार्दिक स्वागत करते हैं।

# नांगलोई: निगम पार्षद हेमलता लाडला ने चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुंडका** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नांगलोई नॉर्थ-वेस्ट के वार्ड नंबर-34 से आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद हेमलता राजेंद्र लाडला ने अपने वार्ड के हर गली कूचे में जोरों-शोरों के साथ सफाई अभियान की शुरूआत की। जिससे कि क्षेत्र की तस्वीर तो बदली ही हैं बल्कि अधिकांश इलाके साफ-सुथरे नजर आने लगे हैं।







**क्या कहते हैं लोग:** वहीं स्थानीय लोगों ने भी पार्षद के कार्य की सराहना की हैं। इसी कड़ी में वीना इंकलेव में रहने वाले व मुख्यमंत्री केजरीवाल के पूर्व प्रतिनिधि सत्येंद्र गोस्वामी ने कहा की हमारी पार्षद लोगों की सेवा के लिए दिन-रात तत्पर रहती हैं व समय-समय पर क्षेत्र का दौरा भी करती रहती हैं। वार्ड की गलियों व नालियों की सफाई करके लोगों को इससे निजात दिलाने के क्रम में वार्ड-34 की पार्षद हेमलता लाडला की अगुवाई में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्ड के नांगलोई, बुध बाजार रोड़, सावधा कॉलोनी, राजधानी पार्क, वीना इनक्लेव, रेलवे स्टेशन रोड़ समेत अन्य जगहों पर सफाई की गई। वहीं पार्षद ने लोगों को समझाते हुए कहा कि अपने घरों में एक नहीं बल्कि दो डस्टबिन रखें। गीला कचरा अलग रखें और सूखा कचरा अलग रखें। नगर निगम की गाड़ी जब पहुंचे तो उन्हें अलग-अलग कचरा लेने को कहें। घर के सभी सदस्यों को कचरा डस्टबिन में ही रखने की आदत डालनी होगी। इस अभियान के दौरान पार्षद ने लोगों को भी सफाई के प्रति सचेत किया। पार्षद के अपने वार्ड की साफ सफाई करवाने से जहां वार्डवासियों को अच्छा परिवेश मुहैया होगा, वहीं गंदगी के जंजाल से भी निजात मिलेगी।

**लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करूंगी:** पार्षद हेमलता राजेंद्र लाड़ला ने कहा कि वह जनता द्वारा चुनी गई प्रतिनिधि है और जो जनता की आकांक्षाएं है, उस पर खरा उतरने के लिए वह पूरी तरह से प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जब वार्ड पूरी तरह से साफ होगा, तभी शहर भी स्वच्छ व सुंदर लगेगा, और मक्खी-मच्छरों से लोगों को निजात मिलेगी। वहीं लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक बनाया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि वार्ड के लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं सफाई के प्रति उनमें जागरूकता लाने का काम भी किया जा रहा है।

# 'आप' ने किया सफाई कर्मचारियों को गुमराह: प्रवीण शंकर

## मुख्यमंत्री केजरीवाल ने निगम के सफाई कर्मचारियों को गुमराह करते हुए कहा कि 21 अगस्त को 317 कर्मचारियों को नियमित कर दिया गया है: प्रवीण शंकर कपूर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमितीकरण के मुद्दे पर नगर निगम के कर्मचारियों को गुमराह करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली नगर निगम की निंदा की है। तो वहीं कपूर ने सीएम अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में कहा है कि यह अफसोसजनक है कि 21 अगस्त को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने झूठा दावा किया कि आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली एमसीडी ने 317 सफाई कर्मचारियों



की सेवा नियमित कर दी है। दरअसल एमसीडी की सूची में 316 कर्मचारियों के ही नाम हैं। कपूर ने कहा है कि एमसीडी से निकाले रिकॉर्ड के अनुसार, जिसका उन्होंने आकलन किया है, सच्चाई यह है कि एमसीडी ने 177 सफाई कर्मचारियों को दैनिक वेतन क्षतिपूर्ति नौकरी के पत्र दिए हैं, जिनमें से अधिकांश पहले से ही नामांकित और काम कर रहे हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने भी कहा है कि शेष 139 कर्मचारियों में से 111 सफाई कर्मचारियों को 2022 में ही नियमित कर दिया गया था और उन्होने आम आदमी पार्टी के सत्ता में आने से पहले जनवरी 2023 से नियमित कर्मचारी वेतन लेना शुरू कर दिया था।

**28 अन्य कर्मचारियों की स्थिति का रिकार्ड स्पष्ट नहीं है।**
कपूर ने पत्र में कहा है कि सीएम केजरीवाल को झूठा दावा करने से पहले यह जान लेना चाहिए था कि एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी नहीं बनने से मेयर या कमिश्नर किसी भी कर्मचारी को नियमित नहीं कर सकते। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने सीएम केजरीवाल से 21 अगस्त के कार्यक्रम में गुमराह हुए एमसीडी कर्मचारियों और खासकर सफाई कर्मचारियों से माफी मांगने की मांग की है।

# दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने सरना बंधुओं को दी सीधी चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने आज सरना बंधुओं परमजीत सिंह सरना और हरविंदर सिंह सरना को सीधी चुनौती देते हुए दिल्ली के सिख ऑडिटर्स, सीए और अकाउंट की जानकारी रखने वालों को खुला निमंत्रण दिया कि छठे वेतन आयोग लागू होने से लेकर अब तक हुए कार्यों का जब चाहें निरीक्षण कर जांच को समूची संगत के सामने रखें कि किसके कार्यकाल में वेतन आयोग को लेकर कोताही बरती गई।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राजस्थान अध्यक्ष बने विधायक संदीप यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतवर्षीय यादव महासभा (रजिस्टर्ड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सेलवम यादव और अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ओबीसी चेयरमैन दिल्ली सरकार) एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह मंडलोई और केन्द्रीय टीम की अनुशंसा द्वारा तिजारा क्षेत्र से विधायक संदीप यादव को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश



यादव ने बताया कि संदीप यादव के समाजसेवा के प्रति कार्य को देखते हुए उन्हें अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा राजस्थान का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जगदीश यादव ने बताया कि मुझे पूरा विश्वास है कि संदीप यादव राजस्थान में संगठन को

**नियुक्ति...**

**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि संदीप यादव राजस्थान में संगठन को मजबूती प्रदान करेगें।**

मजबूती प्रदान करेगें और समाज की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान करवाने में आगे रहेगें। इस मौके पर तिजारा से विधायक और नवनियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान को समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

# नरेला में नवनियुक्त भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश प्रभारी विजय भगत का हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली के** नरेला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व उपमहापौर विजय भगत को पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश प्रभारी नियुक्त होने पर स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता नीलदमन खत्री रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपास्थित रहे।
बाहरी दिल्ली के नरेला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत व सम्मान आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश प्रभारी विजय भगत व मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नीलदमन खत्री का कार्यकर्ताओं द्वारा पगड़ी बांधकर ,माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया







गया। इस दौरान विजय भगत ने भाजपा कार्यकर्ता रामबाबू व खुशी ठाकुर की नई शॉप का फीता काटकर उद्घाटन भी किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा की 2024 लोक सभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटें फिर से भाजपा के पक्ष में जाएंगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार की लगातार नाकामियों और आप सरकार के कई मंत्री, नेताओं के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल जानें के कारण जनता की बीच लगातार असफल सरकार से आम जनता का मोह भंग हो चुका है। साथ ही विपक्षी दलों की फूट, भ्रष्टाचार से निराश जनता फिर से सातों सीटों पर भाजपा को जिताएंगी और पूर्वांचल समाज का मतदाता हमेशा की तरह भाजपा के साथ खड़ा रहेगा। पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने कहा कि विजय भगत एक कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता हैं इनके ऊजार्वान नेतृत्व में पूर्वांचल समाज का एक-एक मतदान मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए होगा। लगातार झुग्गी बस्तियों, अनधिकृत कॉलोनियों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का कार्य किए हैं। इनके युवा नेतृत्व से भाजपा के पूर्वांचली कार्यकर्ताओ और मतदाताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। कार्यकम में पूर्वांचल मोर्चा जिला महामंत्री नितीश भगत, विजय भगत अंकू, पुतुल श्रीवास्तव, नवल किशोर, रामबाबू , निशिकांत, पूनम चौधरी, दयानंद चौरसिया, राकेश, अंजलि पंचाल, सुनैना जैन, सुनील, श्याम कुमार सहित भाजपा के कई वरिष्ठ कायकर्ता मौजूद रहें।

# धूमधाम से मनाया गया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल का जन्मदिन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** जिला केशवपुरम के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही उनको जन्मदिन की बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु की कामना भी की। इस मौके पर श्री कंसल को बधाई देने वालों में मुख्य रूप से प्रसिद्ध समाजसेवी जगदीश



मित्तल, जिला केशवपुरम भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, अशोक भारद्वाज, किशन बेमाड पार्षद, मंडल अध्यक्ष कृष्ण पाल यादव, मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल, चर्चित जैन, गुरूदयाल छाबड़ा, राकेश जुनेजा, सुशील गोयल, रमेश जोनवाल, रविन्द्र कुमार, अमित जाजू, सुरभि जाजू, पवन गौड, अमित उप्पल, आनन्द सिंह दहिया, नितिन अग्रवाल, विरेन्द्र सिंह पिन्टू, विशाल पाण्डेय, देवेन्द्र रिडला, रविन्द्र बैनिवाल, गोविन्द शर्मा, अनिल शर्मा, शक्ति सिंह सोनू, भुवनेश सिंघल, सोनम चड्डा, रविन्द्र कौर, रज्जो सहित सैकड़ो लोगों ने श्री कंसल को जन्मदिन की बधाई दी।











# मानवता की दिशा में रक्तदान एक बड़ा कदम : कृष्ण पाल गुर्जर

**रक्तदान शिविर**

**केंद्रीय राज्य मंत्री ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि रक्तदान महादान है आवश्यकता पड़ने पर जब रक्त नहीं मिलता तो उसकी कीमत का अंदाजा उस वक्त लगता है। कहा कि आपके रक्तदान से किसी का जीवन बचा है तो वह अपने आप में महा पुण्य कार्य है। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज भारत विकास परिषद द्वारा डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के माध्यम से आईएमटी स्थित टेक्नो स्प्रिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर सीएम मनोहर लाल के पूर्व राजनीतिक सचिव और बीजेपी के वरिष्ठ नेता अजय गौड़, अरुण बजाज हरियाणा प्रान्त सह-प्रभारी लघु उद्योग भारती मौजूद रहे। भारत विकास परिषद द्वारा डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के माध्यम से आयोजित शिविर में प्रोजेक्ट चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का कार्यक्रम में शोभा बढ़ाने पर जोरदार स्वागत किया

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान मानव सेवा का काम है इससे बढ़कर कोई कार्य नहीं। दुनिया में हर चीज पर कारखाने में बनाई जा सकती है लेकिन रक्त जैसी चीज है को किसी कारखाने में नहीं बनाया जा सकता। सिर्फ मानव शरीर में रक्त बनता है। इंसान ही इंसान की जान बचाने के लिए अपना रक्त देकर दान कर सकता है। इसलिए इस दान से बढ़कर कोई दान नहीं। यह एक अद्वितीय तरीका है जिसमें हम अपने रक्त से अनजाने जीवनों को नया आदान-प्रदान कर सकते हैं और इंसान की बीमारियां का समय से पहले उसकी जानकारी देने का तरीका स्वास्थ्य जांच से बढ़िया कोई तरीका नहीं और हमें अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच भी करनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्किम देश के यशस्वी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आयुष्मान भारत योजना के नाम से लागू की है। 10 करोड़ से ज्यादा परिवार लगभग 50 करोड़ लोगों के लिए 5 लाख तक का साल में मुफ्त इलाज होना दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम है। गरीब आदमी का इलाज हो जाए और उसकी जान बच जाए मोदी जी ने पहली बार देश में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के स्वास्थ्य की चिंता की। जिसके पास वास्तव में इलाज के लिए पैसों का अभाव है। वही हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना के रूप में इस योजना को हरियाणा में लागू किया है। मुख्यमंत्री ने चिरायु योजना जो हरियाणा में लागू की है वह उन परिवारों परिवार के लिए है जिनकी आमदनी पहले एक लाख बीस हजार रुपए सालाना होती थी जिसको बढ़ाकर एक लाख अस्सी हजार रुपये कर दिया गया। पहले एक लाख अस्सी हजार रुपये सालाना आमदनी वाले परिवारों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज हरियाणा सरकार करा रही है और अब मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उसको एक लाख अस्सी हजार रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपए कर दिया है। कोई भी परिवार जिनकी सालाना आय 3 लाख है तो उसको भी 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। हरियाणा की कुल आबादी का साठ प्रतिशत लोगों का मुफ्त में इलाज की व्यवस्था मनोहर की सरकार ने किया है। हमें इन सभी योजनाओं का लाभ लेना चाहिए यह और हम सबको अपने वोटर कार्ड और परिवार पहचान पत्र बनाने चाहिए। सीएम मनोहर लाल के पूर्व राजनीतिक सचिव और बीजेपी के वरिष्ठ नेता अजय गौड़ ने अपने संबोधन में कहा की जरूरतमंदों लोगों के लिए ही भारत विकास परिषद की ओर से संचालित डा.सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र एक तरह से आशा की नई किरण लेकर आया है। यह केंद्र गरीबों के लिए वरदान साबित हो रहा है और उनके चेहरे पर मुस्कान ला रहा है। आरोग्य केंद्र का मकसद है की अंतिम छोर के व्यक्ति को इसक लाभ मिले , राजकुमार अग्रवाल जी और उनकी पूरी टीम बधाई के पात्र है कार्यक्रम के अंत में प्रोजेक्ट चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने सभी लोगो को पहुँचने पर धन्यवाद करैत हुए कहा की आरोग्य केंद्र फरीदाबाद सहित पूरे एनसीआर के लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है । परिषद के ऐसे प्रकल्प स्वस्थ समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है । इससे गरीब लोगों को बहुत फायदा मिल रहा है आरोग्य केंद्र का प्रयास है की जरूरतमंद लोगो को सभी प्रकार कि सुविधाए बहुत ही कम दरों पर मिलती रही और स्वास्थ्य समाज की नीव को मजबूती मिले।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करें सख्त कानूनी कार्रवाई : डीसी

**दिशा-निर्देश**

**डीसी विक्रम सिंह ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स खनन की बैठक में दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सम्बंधित क्षेत्र के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पेश आकर सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें और इस कार्य में लगी टीमें निगरानी के लिए डेली बेसिस पर गश्त कर समीक्षा करके उसकी प्रगति रिपोर्ट भी ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली के जरिये मुख्यालय में प्रस्तुत करें। डीसी आज वीरवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स /खनन कार्य की मासिक समीक्षा बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने अपने इलाकों में अवैध खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सतर्कता बरते। जहां भी अवैध खनन करने वालों की शिकायतें और सूचनाएं मिल रही हैं। वहां पर त्वरित सख्त कानूनी कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अवैध रूप से ओवरलोडिंग वाहनों को लेकर भी सख्ती से पेश आकर चालान करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश में 6 पीएलपीए की धारा 4 व 5 में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ऑफ लाइन और ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये जिला मुख्यालय को जरूर दें। उन्होंने कहा कि जिला में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्णतः सख्ती के साथ सतर्कता बरती जाए और दिल्ली तथा नोएडा सहित पडोसी प्रान्तों से अवैध रूप से ओवरलोडिंग को लेकर भी सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।डीसी विक्रम सिंह ने जिला टास्क फोर्स के लिए खनन विभाग, आरटीए, वन व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपसी बेहतर तालमेल के साथ सख्ती से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की नियमित तौर पर समीक्षा करें और रिपोर्ट भी जिला और मुख्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें। विभाग द्वारा यमुना क्षेत्र व बंद पड़े पहाड़ों का समय-समय पर मौके पर निरीक्षण जरूर करें। जिला में विभिन्न थानों, चौकियों में मुकदमें दर्ज करवाने और वाहनों को अवैध खनन परिवहन करते हुए पकड़ा जाने तथा वाहनों से पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि व खनिज की रॉयल्टी व जुमार्ना राशि के रूप में उनसे जुमार्ने की वसूली की धनराशि बारे विस्तृत जानकारी दी जाए।

डीसी ने विभाग वार खनन, प्रदूषण और पुलिस विभाग की एक एक करके अवैध खनन क्षेत्रों के अलावा पाली व मोहताबाद क्रेशर जोनों की समीक्षा करके संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

वहीं जिला टास्क फोर्स की बैठक में चालू वित वर्ष 2023 में हुई, अवैध खनन की घटनाओं पर की गई कार्रवाई की एक-एक करके समीक्षा करके विभाग वार अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दलों/डीएलटीएफसी के सदस्यों के आपसी समन्वय पर भी समीक्षा की और अवैध खनन से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों के संबंध में समीक्षा कर प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

## पलवल में युवक की हत्या कर शव फैंका


**पलवल**

पलवल के खिल्लुका गांव निवासी एक युवक का शव गांव के निकट खेतों में पड़ा मिला। युवक के सिर में गोली मारी हुई थी। सूचना मिलने पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने मृतक युवक के पिता की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

मिली जानकारी के अनुसार खिल्लुका गांव निवासी जलालु ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका बेटा वारिस उर्फ काला 23 अगस्त की शाम को अपनी ससुराल जिला नूंह के फरदड़ी गांव लौटकर अपने गांव खिल्लुका आया। वहां से आने के बाद वारिस ने अपनी बाइक व कपड़ों से भरा हुआ बैग घर पर रखा ।

# सरपंच गांव में बने शौचालयों की रेट्रोफिटिंग जरूर करवाएं : सीईओ

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान की अध्यक्षता में फरीदाबाद खण्ड बल्लभगढ़ में आज वीरवार को सरपंचो एवं ग्राम सचिवों, जेई पंचायती राज का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशिमा सांगवान ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरपंच अपने अपने गांव में बने एकल गड्ढा शौचालय एवं सेप्टिक टैंक शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कराए और इस प्रकार के शौचालयों को दो जालीदार गडडो के शौचालयों में परिवर्तित कराए। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद द्वारा



सरपंचो से आह्वान किया वह अपने गांव के कूड़ा करकट का भी उचित प्रबंधन करें। गलनशील कूडे से खाद बनाए एवं अगन शील कूडे को बेचकर आमदनी करें। वहां वासी इंस्टीट्यूट से आए मुख्य प्रशिक्षण अक्षय जैन द्वारा एकल गडडा शौचालयों एवं सेप्टिक टैंक शौचालय को दो जालीदार गडढों में परिवर्तित कराने की टेक्नोलॉजी के रूप में विस्तृत जानकारी दी। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सभी पहलुओं के बारे में भी उपेन्द्र सिंह डी.पी.एम. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा सरपंचों को जानकारी दी गई। इस अवसर राकेश मोर, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, गजेन्द्र सिंह कार्यकारी अभियंता पंचायती राज, अजीत सिंह, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी बल्लभगढ अन्य अधिकारी गण, सरपंच एवं ग्राम सचिव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# फरीदाबाद स्थित अमृता हॉस्पिटल ने अपनी स्थापना दिवस की पहली वर्षगांठ मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**2,600 बिस्तरों वाला अमृता अस्पताल पिछले साल अगस्त में माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के बाद से अपनी स्थापना की पहली वर्षगांठ मना रहा है। 130 एकड़ में फैले भारत के सबसे बड़े प्राइवेट मल्टीस्पेशलिटी हेल्थकेयर अस्पताल ने पिछले 12 महीनों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। अपनी स्थापना के बाद से इसने 1.60 लाख से अधिक बाह्य रोगियों, 11,600 आंतरिक रोगियों और 3,000 से अधिक सर्जरी का आंकड़ा पार कर लिया है।

फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल ने केवल एक वर्ष की अवधि में स्कूल ऑफ मेडिसिन और स्कूल ऑफ नर्सिंग और पैरा मेडिकल कोर्सेस की स्थापना की है। यह मेडिकल रिसर्च में भी पूरी तरह से शामिल है, जिसमें ज्यादातर फेकल्टी दवा परीक्षण, अनुसंधान अध्ययन आदि में भाग लेते हैं।

इसके अलावा, इसने भारत के उत्तरी क्षेत्रों के साथ-साथ दिल्ली एनसीआर के सभी क्षेत्रों में आउटरीच ओपीडी शुरू की है।

अमृता हॉस्पिटल, फरीदाबाद के एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर स्वामी निजामृतानंद पुरी ने कहा, ह्लहम इस विशेष दिन पर अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने और हमें प्रेरित करने वाले सार्थक लक्ष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए कुछ समय निकाल रहे हैं। पिछले एक साल में, हमने शीर्ष स्तर की चिकित्सा देखभाल और असाधारण रोगी अनुभव प्रदान करने में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमारी सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति रही है, और यह आपका अटूट समर्पण है, जिसने इस यात्रा को संभव बनाया है। मुझे हमारी पूरी अद्भुत टीम पर गर्व है। हमारी सफलता हमारी मार्गदर्शक ज्योति, विश्व प्रसिद्ध मानवतावादी श्री माता अमृतानंदमयी देवी द्वारा दिखाए गए समाज सेवा और करुणा के मार्ग के कारण संभव हुई है।

## स्लम बस्ती क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास लिए प्रशासन द्वारा 28, 29 अगस्त तथा 01 सितंबर तक कैम्पों का आयोजन: एडीसी आनंद शर्मा




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी 28, 29 अगस्त और 01 सितंबर तक प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। एडीसी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन कैम्पों का आयोजन 28 अगस्त को गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल, कल्याण पूरी झुग्गी में, 29 अगस्त को आखिर गांव स्थित राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल में तथा 01 सितंबर को राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल, गांव बड़खल में किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इन कैम्पों में गरीब परिवारों और दिव्यांगजन बच्चों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की जाएगी। जिला फरीदाबाद में लगभग 1500 ऐसे बच्चों को चिन्हित कर लिया गया है। ऐसे बच्चों के क्षेत्र में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजित कैम्पों में इन बच्चों के जरूरी कागजात कैसे जन्म प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, आधार कार्ड मौके पर ही बनाए जाएँगे। कैम्पों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएँगे जहाँ इन बच्चों का निःशुल्क जांच व उपचार किया जाएगा। कैंप डीएसडब्ल्यूओ और डीसीपीओ के द्वारा आयोजित करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसलिए इन बच्चो को चिन्हित कर नजदीकी सरकारी स्कूलों में इनका दाखिला भी कराया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा बाल श्रम की भी जांच की जाएगी। बाल श्रम की शिकायत प्राप्त होने पर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेशानुसार और अतिरिक्त उपायुक्त के कुशल मार्गदर्शन में चौथे दिन "एक पहल " कार्यक्रम जिला बाल कल्याण अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के साथ कोर्डिनेशन से महादेव देसाई पब्लिक स्कूल ( आजाद नगर) चंदन नगर, बल्लभगढ़ फरीदाबाद में लगाया गया।

## जीवा के छात्र सीआईएससीई की नॉर्थ रीजन तीरंदाजी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

फरीदाबाद सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ए0एस0आई0एस0सी0 खेल प्रतियोगिता में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह रीजनल खेल प्रतियोगिता सी0आई0एस0सी0ई0 की ओर से पंजाब के सेंट जोन्स कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें नार्थ रीज? के अनेक जोन के छात्रों ने भाग लिया। जीवा स्कूल के लिए यह गर्व का विषय है कि तीरंदाजी की प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा की तनिष्का ने तीन स्वर्ण एवं सातवीं कक्षा के ही आरुष चंदीला ने अपने शानदार प्रदर्शन के कारण तीन रजत पदक प्राप्त किए। उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के कारण उनकी टीम ने इस रीजनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

तनिष्का और आरुष चंदीला ने दिल्ली एनसीआर जोन की टीम का नेतृत्व किया। तनिष्का का प्रदर्शन उच्च कोटि का रहा क्योंकि तनिष्का ने अपने सभी राउंड्स में बहुत सुंदर प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता कई चरणों में विभाजित की गई थीए जिसमें जीवा के छात्रों ने सभी चरणों को पार किया एवं फाइनल तक पहुंचेए जीवा के दोनों छात्रों ने नॉर्थ रीज? की टीम में प्रथम स्थान प्राप्त किया और कोलकाता में होने वाले नैशनल प्रतियोगिता के लिए भी चयनित हुए।

# कानून संस्थान ने ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया:सुकिर्ती

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

सीजेएम सुकिर्ती गोयल की अध्यक्षता में बीएस अनंगपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ आलमपुर में कानून संस्थान ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया। जहां ला स्टूडेंट्स को अपने जीवन में कॉलेज के सुनहरे सफर की शुरूआत करने जा रहे नए चेहरे पर जिज्ञासा और उत्साह का भाव दिखाई दे रहा था। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुकीर्ति गोयल ने कानूनी सहायता पुस्तकालय सेल का शुभारंभ भी बीएस अनंगपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ



लॉ आलमपुर में किया। जिसका मुख्य उद्देश्य आसपास के जरूरतमंद ग्रामीणों और गरीब वर्गों को सैद्धांतिक कानूनी शिक्षा और सामाजिक-कानून के बारे में जागृत करना, सामाजिक-कानूनी समस्याओं के संबंध में डेटा एकत्र करने के लिए सर्वेक्षण आयोजित करके कानूनी अनुसंधान को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकृति गोयल ने भी विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि कानूनी साक्षरता कार्यक्रम बीएस अनंगपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है जो सराहनीय है। इसमें उन्हें कानून के बारे में जानकारी के साथ-साथ उनके प्रश्नों के उत्तर दिए जाएंगे और उनसे आग्रह किया जाएगा कि यदि उन्हें आवश्यकता हो तो सलाह/सहायता के लिए बीएस अनंगपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ आलमपुर केंद्र से संपर्क करें। इस अवसर पर बीएस अनंगपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के द्वारा आयोजित किए गए ओरियंटेशन प्रोग्राम में कानून के नए बैच के विद्यार्थियों को, निदेशक रूप कृष्ण खार और उप प्रधानाचार्य डॉ. करण सिंह गौर ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जीवन में कामयाबी हर व्यक्ति का सपना होता है।

जिसे पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम अनुशासन जरूरी है। श्री समर सिंह भारतीय स्थल सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल इंडियन आर्मी ने आने वाले विद्यार्थियों को भारतीय सेना न्यायाधीश एडवोकेट जनरल (खअऋ) के पाठ्यक्रम, अनुसंधान के अवसरों, गतिविधियों उपलब्ध सहायता सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# एडीसी ने की अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों में आए आवेदनों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आजीविका के संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए अंत्योदय मेलों में आए आवेदनों को आनं लाइन पेश करना सुनिश्चित करें। एडीसी आज वीरवार को बैठक कक्ष में एक एक करके विभाग वार आवेदकों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि आवेदकों के आवेदन सम्बंधित विभाग द्वारा सही क्रियान्वित करने से निश्चित तौर पर



आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की आय बढ़ रही है।

सरकार का मुख्य ध्येय यही है कि गरीब लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोङना*:-

एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय यही है गरीब लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना से गरीबों की आर्थिक स्थिति मजबूत करना है। एडीसी आनन्द शर्मा ने बैठक में कक्ष में एक एक करके विभाग वार मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लगाए गए मेलों में आए के आवेदकों के रोजगार और स्वयं रोजगार के क्रियान्वयन की समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं अंत्योदय की भावना के साथ सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास जीतते हुए गरीब परिवारों की आय बढ़ाने के लिए गंभीर कृतसंकल्प है। हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के माध्यम से समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाया जाना मुख्य ध्येय है। बता दें कि सरकार जनसेवा को समर्पित होकर अंत्योदय की भावना से अंतिम व्यक्ति के उत्थान में सराहनीय व उल्लेखनीय कदम उठा रही है। गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना से जरूरतमंद को आर्थिक रूप से लाभान्वित करना है। एडीसी ने कहा इस योजना के तहत इस योजना के तहत उन परिवारों को शामिल किया गया है। जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए तक पहुंचाना प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य है। सरकार की ओर से तीन फेज में पात्रता निर्धारित की गई है और उसी अनुरूप योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों को अंत्योदय मेलों जरिये सीधा प्रशासन से जोड़ा जा रहा है।

# "महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर , कारण और निदान" विषय पर रोटरी क्लब ग्रेस ने आयोजित की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** सर्वोदय हॉस्पिटल सेक्टर 8 के सहयोग से रोटरी क्लब ग्रेस ने मानव भवन सेक्टर 10 में "महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर, कारण और निदान" विषय पर स्वास्थ्य चर्चा आयोजित की। रोटरी ग्रेस के अध्यक्ष रोटेरियन संजीव शर्मा व सर्वोदय हॉस्पिटल के प्रबंधक राकेश त्यागी के संयोजन में आयोजित इस स्वास्थ्य चर्चा में 25 महिलाओं की मैमोग्राफी,बीपी, शुगर व हीमोग्लोबिन की निशुल्क जांच की गई। स्वास्थ चर्चा में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नीतू सिंघल



एचओडी रेडिएशन ऑनकोलॉजी ने बताया कि 40 साल से ऊपर की सभी महिलाओं को साल में एक बार मैमोग्राफी टेस्ट जरूर कराना चाहिए जिससे पता चल सके कि महिला के स्तनों में कोई गांठ या बदलाव तो नहीं है। जांच के बाद अगर पता चलता है कि कोई बीमारी है तो महिला को घबराना नहीं चाहिए। इलाज व उपचार कराने से यह रोग जड़ से समाप्त हो जाता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 25 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# पीएम मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स का समझा दर्द: योगी

## 'स्ट्रीट वेंडर्स को पीएम स्वनिधि योजना से जोड़ा, पहले स्ट्रीट वेंडर्स से होती थी गुंडा टैक्स की वसूली आज कोई हिम्मत नहीं कर सकता'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**पूरे** देश में अकेले उत्तर प्रदेश के 15 लाख स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि का लाभ उठा रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। इन्हीं वेंडर्स को वर्ष 2020 से पहले अपना काम शुरू करने के लिए साहूकार से पैसा लेना पड़ता था। साहूकार इनकी मजबूरी का फायदा उठाकर हजार रुपये के बदले बारह से पंद्रह सौ रुपये लेते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स को बैंक से जोड़ते हुए उनके लिए ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था की। आज स्ट्रीट वेंडर्स को स्वनिधि के जरिये दस हजार रुपये की पहली किस्त के रूप में दिये जा रहे हैं। वहीं इसका भुगतान करने पर बीस हजार की दूसरी और पचास हजार की तीसरी किस्त दी जा रही है, जिसका लाभ उठाकर स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर बन रहे हैं। पिछले 6 वर्षों के



अंदर प्रदेश में वृहद रूप से सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के जरिये केवल माफियाओं की ही सफाई नहीं हुई बल्कि गंदगी की भी सफाई हुई है। यह विशेषता उत्तर प्रदेश ने ही हासिल की है। पहले गुंडे स्ट्रीट वेंडर्स से गुंडा टैक्स वसूलते थे। वहीं आज कोई गुंडा टैक्स वसूलने की हिम्मत नहीं कर सकता है। प्रदेश सरकार हर तरह की सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन के सभागार में आयोजित पीएम स्वनिधि एवं स्वयं सहायता समूह ऋण योजना के तहत 11000 लाभार्थियों के ऋण वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने लगभग एक दर्जन स्ट्रीट वेंडर्स और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण की चेक सौंपीं।

**प्रदेश सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्स को पांच लाख के सुरक्षा बीमा से जोड़ा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कभी कोई योजना नहीं बनायी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके इस दर्द को समझा और पीएम स्वनिधि योजना उनके लिए लेकर आए। इसी का नतीजा है कि आज पीएनबी इस योजना से जुड़ा है। अब तक पीएनबी 200000 लोगों को इस सुविधा से जोड़ चुका है। वहीं आज 11000 लोगों को अकेले उत्तर प्रदेश में यह सुविधा दी जा रही है। वहीं प्रदेश सरकार ने स्वनिधि योजना से जुड़े स्ट्रीट वेंडर्स को पांच लाख के सुरक्षा बीमा की सौगात दी है ताकि उनके परिवार को किसी तरह की कोई समस्या न हो। यह वही सरकार कर सकती है तो गरीब की पीड़ा को समझती है और उनके साथ खड़ी होती है। डबल इंजन की सरकार गरीब की पीड़ा के साथ जुड़कर अपनी संवेदना को व्यक्त कर रही है। पीएम स्वनिधि योजना महिला सशक्तिकरण और उनके स्वावलंबन का आधार है।

### '6 घंटे में गंगा एक्सप्रेस वे से पहुंचेंगे मेरठ से प्रयागराज'

**सीएम** योगी ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे के लिए जब पैसे की जरूरत पड़ी तो केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लखनऊ आकर पीएनबी के माध्यम से धन की कमी को दूर करने में सहयोग किया। यह एक्सप्रेस वे देश के बड़े एक्सप्रेस वे और हाईवे में से एक है, जो मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा है। आज मेरठ से प्रयागराज जाने में 15 से 16 घंटे लग जाते हैं, लेकिन इस एक्सप्रेस वे के बन जाने से यह दूरी महज 6 घंटे में तय की जा सकेगी। 36 हजार करोड़ से बन रहे इस एक्सप्रेस वे से औद्योगिक गलियारे बनेंगे। साथ ही हजारों नौजवानों को रोजगार मिलेगा। यह एक्सप्रेस वे नए भारत के नये उत्तर प्रदेश को दशार्ता है। आज रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में देश भर में सबसे अधिक निवेश करने वाला प्रदेश उत्तर प्रदेश बनकर उभरा है। 6 वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था दो गुनी हुई है। उत्तर प्रदेश देश के अंदर हर एक दृष्टि से बीमारू राज्य से उठकर विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा हुआ है।

**रोजगार**

**6 हजार करोड़ से बन रहे एक्सप्रेस वे से औद्योगिक गलियारे बनेंगे। साथ ही हजारों नौजवानों को रोजगार मिलेगा**

# चर्चा: काशी पहुंचे जी-20 के 170 डेलीगेट्स



**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**वाराणसी में** जी-20 कल्चरल वर्किंग ग्रुप की बैठक शुरू हो गई। इसमें 170 डेलीगेट्स हिस्सा ले रहे हैं। 4 मुद्दों पर प्रस्ताव बनेंगे। फिर शुक्रवार और शनिवार को संस्कृति मंत्री प्रस्तावों पर चर्चा करेंगे। नदेसर एरिया के एक होटल में चल रही बैठक में भारत की संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी हिस्सा लेंगीं। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी भी शामिल होंगे। अंतिम दिन यानी शनिवार को सीएम योगी भी बैठक में शामिल होंगे। जी-20 कल्चर: शेपिंग दी ग्लोबल नैरेटिव फॉर इंक्लूसिव ग्रोथ, नाम की एक वीडियो रिपोर्ट दिखाई जाएगी। इसमें बताया गया कि जी-20 में शामिल किन देशों में दुनिया की दो तिहाई आबादी रहती है। दुनिया की 3% जीडीपी, कला, संस्कृति से आती है, जबकि यह क्षेत्र 6% से ज्यादा रोजगार देता है। इसलिए इस पर फोकस जरूरी है।

**वसुधैव कुटुम्बकम पर आधारित है थीम:** संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव लिली पांडे ने बताया कि बैठक का लक्ष्य नीति-निर्माण के केंद्र में संस्कृति को रखकर कारगर परिणामों को पाना है। जी-20- देशों सहित 9 आमंत्रित देशों और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 170 डेलीगेट्स इसमें शामिल हो रहे हैं। इसकी थीम वसुधैव कुटुम्बकम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। वसुधैव कुटुम्बकम से प्रेरित सांस्कृतिक परियोजनाओं का एक मजबूत कार्यक्रम विकसित किया है। जी-20 संस्कृति ट्रैक कल्चर फॉर लाइफ के विचार पर आधारित है। यानी सतत जीवन के लिए एक अभियान के तौर पर पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली तय करना है।

**प्रस्तावों पर चर्चा**

**कला और संस्कृति की जीडीपी पर फोकस, 4 मुद्दों पर करेंगे चर्चा, सुरक्षा चाक चौबंद**



रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।

# अजय राय ने संभाला पदभार

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**यूपी** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को लखनऊ पहुंचे। यहां काशी के पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ पदभार ग्रहण कराया। इस दौरान पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं अन्य वरिष्ठ नेता भी मौके पर मौजूद रहे। अजय राय वाराणसी से चलकर जौनपुर, सुल्तानपुर व अमेठी होते हुए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। जौनपुर और सुल्तानपुर में उनका जोरदार स्वागत हुआ।
अजय राय के कॉफिले में 100 से ज्यादा कार चल रही थीं। वाराणसी में उन्होंने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। लखनऊ रवाना होने से पहले उन्होंने कहा था कि मैंने बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद लिया है। वहीं, लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय में शपथ ग्रहण से पहले गंगा आरती हुई।

**कांग्रेस कार्यालय पर हलचल बढ़ी, नेता पहुंच रहे:** अजय राय के अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश कार्यालय में हलचल बढ़ गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जो संघर्ष करने की हिम्मत रखते हैं, उन्हें जरूर जिम्मेदारी दी जाएगी। कांग्रेस कार्यालय की सड़क बैनर और होर्डिंग से पट गई है। पदभार ग्रहण करने के बाद अजय राय महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल और राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# पत्नी-बेटी पर बोरी सिलने की सुई से हमला किया

**टीम एक्शन इंडिया/राजकोट**
**गुजरात** के राजकोट में एक पति ने अपनी पत्नी पर बोरा सिलने की बड़ी सुई से हमला कर दिया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पति का नाम हरेश भूपकार है। उसे शक था की एक पोर्न वीडियो में दिखाई दे रही महिला उसकी पत्नी है। उसने रात घटना को अंजाम दिया। महिला ने अपनी बेटी के साथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। महिला की दो बच्चों की मां है। उसकी एक 24 साल की बेटी और एक 18 साल का बेटा है।

## फास्ट न्यूज

### काम कैसा भी हो...वरुण गांधी की टीम करवा देगी

**टीम एक्शन इंडिया/बरेली**
**पीलीभीत** लोकसभा सीट से सांसद वरुण गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत झोंकनी शुरू कर दी है। इसके लिए उन्होंने अपनी लोकसभा सीट के तहत आने वाली सभी पांचों विधानसभा में सक्रियता भी बढ़ा दी है। पीलीभीत लोकसभा में सबसे अहम बहेड़ी विधानसभा मानी जा रही है। यह विधानसभा बरेली जिले में आती है, लेकिन लोकसभा क्षेत्र पीलीभीत यानी मौजूदा सांसद वरुण गांधी का है। कार्यालय पर भाजपा के पोस्टर जरूर लगे दिखाई देंगे, लेकिन अंदर खाने यह 2024 के लिए नई तरह से टीम टीम तैयार करते हुए खड़ी की गई है। जहां हर कार्यकर्ता अपने को टीम वरुण गांधी का सदस्य बता रहा है। टीम वरुण गांधी को देखते हुए भाजपा के खेमे में हलचल बढ़नी शुरू हो गई है।

**अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर:** सांसद वरुण गांधी मौजूदा समय में भाजपा के सांसद हैं। वो अकेले सांसद हैं, जो अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर रहते हैं। फिर चाहे वो किसान आंदोलन का वक्त हो या भ्रष्टाचार की शिकायतें। जब लखीमपुर हिंसा हुई। तब उन्होंने किसानों पर गाड़ी चढ़ाने पर सरकार खुलकर किसानों का समर्थन किया। इसके बाद से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनसे किनारा करना शुरू कर दिया। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी वह भाजपा के मंच पर कम ही दिखाई दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ वो मंच पर नजर नहीं आए। सियासी गलियारों में चर्चा रही कि वो भाजपा छोड़ सकते हैं। हालांकि ऐसा हुआ नहीं।

**500 यूथ कार्यकर्ता को फील्ड में उतारा:** अब जबकि लोकसभा चुनाव है, वरुण गांधी के खेमे में भी सियासी सिपेहसालार कमर कस चुके हैं। पीलीभीत लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने 500 से ज्यादा यूथ कार्यकर्ता मैदान में उतारे हैं। इसमें कुछ लड़के लोकल है, बाकी कुछ बाहर से भी तैनात किए गए हैं। इन यूथ कार्यकर्ताओं में बीबीए, एमबीए, एमए, इंजीनियरिंग की पढ़ाई किए छात्र और किसान परिवारों के कार्यकर्ता हैं।

### पेट्रोल पंप की 10 लाख लूट में मुंशी गिरफ्तार

नवादा: पेट्रोल पंप का कर्मी ही निकला साजिश कर्ता,दिन दहाड़े 10 लाख की लूट की वारदात का पुलिस में दर्ज कराया था झूठा रपट , पुलिस ने किया खुलासा। नवादा पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मी से 10 लाख रुपए की लूट कांड का गुरुवार को खुलासा किया है .पूरा मामला रोह थाना क्षेत्र में स्तिथ देवा किसान पेट्रोल पंप के कर्मी ने कादिर गंज थाना क्षेत्र के पचंभा मोड़ के समीप बाइक सवार बदमशों द्वारा 10 लाख रुपये की लूट की वारदात का स्थानीय थाने में लिखित शिकायत किया था. वहीं इस घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश में जुट गई थी घटना 30 मई 2023 की दोपहर की बताई जाती वहीं पुलिस आज चार माह के बाद पुलिस ने लूट कांड का खुलासा कर साजिशकर्ता पेट्रोल पंप के कर्मी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। डीएसपी उपेंद्र प्रसाद ने नगर थाना परिसर में प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया की पेट्रोल पंप के कर्मी द्वारा ही लूट का षड्यंत्र रचा था।

# चुनाव आयुक्त पर एफआईआर का आदेश देने वाले जज सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**
**तेलंगाना** हाईकोर्ट की एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और 11 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने वाले स्पेशल सेशन जज के जया कुमार को सस्पेंड कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सेशन जज ने बिना वजह जल्दबाजी में फैसला लिया। उनसे ड्यूटी निभाने में गंभीर चूक हुई है। चुनाव आयोग के एक



सीनियर अधिकारी ने हाईकोर्ट में इस मामले पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद सांसदों/विधायकों के मुकदमे के लिए नियुक्त स्पेशल सेशन कोर्ट के जज कुमार के खिलाफ प्रशासनिक स्तर पर निलंबन शुरू हुआ था। इसके बाद उन्हें व्यापक जनहित में तेलंगाना सिविल सेवा नियम 1991 के तहत निलंबित कर दिया गया।

**यह था पूरा मामला:** मामला एक निजी शिकायत के आधार पर सेशन कोर्ट ने पुलिस के पास भेजा था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि महबूबनगर से विधायक श्रीनिवास गौड़ ने तथ्यों को छिपाकर चुनावी हलफनामे में छेड़छाड़ की थी।

**व्यवस्था** पोर्टल पर नियुक्ति से लेकर अवकाश प्रबंधन और स्थानांतरण से लेकर सेवानिवृत्ति तक का विवरण हुआ ऑनलाइन

# पारदर्शिता और जवाबदेही भी तय कर रहा मानव संपदा पोर्टल

**डिजिटल सेवा**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**पारदर्शिता** और जवाबदेही निर्धारित कर प्रदेश में जनसेवा के कार्य में जुटी योगी सरकार ने सरकार के समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के काम में भी शुचिता, पारदर्शिता और जवाबदेही तय कर दी है। मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से सरकार ने अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्त गतिविधियों को ऑनलाइन कर दिया है। उनकी नियुक्ति से लेकर अवकाश प्रबंधन तक और स्थानांतरण से लेकर सेवानिवृत्ति तक का विवरण पोर्टल पर ऑनलाइन किए जाने की



व्यवस्था की गई है। यही नहीं, सरकार ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिसंबर 2023 तक अपनी चल-अचल संपत्ति की घोषणा भी पोर्टल पर करने का निर्देश दिया है। निर्धारित समय में ऐसा नहीं करने वालों पर न सिर्फ एक्शन लिया जाएगा, बल्कि उनका प्रमोशन भी रोक दिया जाएगा। मानव संपदा पोर्टल में इन गतिविधियों के संचालन से सरकार ने प्रदेश के सभी 74 विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को तमाम सुविधाएं देते हुए उनके कामकाज में पारदर्शिता लाने का प्रयास किया है, जबकि सरकार और जनता के प्रति उनकी जवाबदेही भी निर्धारित कर दी गई है। योगी सरकार ने हाल ही में आदेश जारी कर प्रदेश के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे 31 दिसंबर 2023 तक अपनी चल एवं अचल संपत्ति का विवरण अनिवार्य रूप से मानव संपदा पोर्टल पर प्रस्तुत करेंगे।

**अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति की घोषणा भी पोर्टल पर करने का निर्देश दिया**

